सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 16.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.7 न्यू | 20.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78041.59 |
| निफ्टी | 23587.50 |
| सोना 74,970 | चांदी 90,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन चाहते हैं रवींद्र जडेजा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 22 दिसंबर 2024 | 8 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 4, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की मुसीबत बढ़ गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ईडी को आबकारी नीति मामले में केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने इस महीने की शुरुआत में केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल से मंजूरी मांगी थी, क्योंकि उसे कथित तौर पर आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में भारी स्तर का भ्रष्टाचार मिला था।

### एएसआई ने किया संभल के कल्कि विष्णु मंदिर का सर्वे

**संभल (उप्र)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की एक टीम ने शनिवार को कल्कि मंदिर का सर्वे किया। टीम ने गुंबद की तस्वीरें खींचीं। दीवारों पर नक्काशी के वीडियो बनाए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में स्थित कृष्ण कूप यानी कुएं का भी सर्वे किया। इससे एक दिन पहले एएसआई ने जिले में हाल ही में खोजे गए एक मंदिर का सर्वेक्षण किया था। प्राचीन 'कल्कि विष्णु' मंदिर के पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि सर्वेक्षण टीम यहां आई है। यहां एक 'कृष कूप' है। यह बंद नहीं है, लेकिन इसमें पानी नहीं है। इस कुएं का वर्णन स्कंद पुराण में भी है, संभल के सभी तीर्थ स्थलों का वर्णन स्कंद पुराण में है।

### क्रिकेटर उथप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। उथप्पा पर कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योगदान में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। यह मामला 23.36 लाख रुपए से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर कर्मचारी के खातों में जमा नहीं किया गया। दरअसल, रॉबिन उथप्पा सेंचुरीज लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हिस्सेदार हैं और मैनेजमेंट उनके जिम्मे है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- वीकेंड पर राजधानी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़ -पेज 2
- सड़क हादसे रोकने को सख्त कानून बनाए सरकार: शांता -पेज 4
- सालंग गांव में भीषण अग्निकांड लाखों की संपत्ति जलकर राख -पेज 9
- केजरीवाल ने किया अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना का ऐलान -पेज 13
- लिस्ट-ए क्रिकेट में अनमोलप्रीत का सबसे तेज शतक -पेज 14


# संस्थान नीड बेस्ड खोलने पर विपक्ष का हंगामा

## शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तपा तपोवन, सीएम सुक्खू ने बताया 'व्यवस्था परिवर्तन' और विपक्ष ने 'व्यवस्था पतन'

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्ष ने सुक्खू सरकार की राज्य में संस्थानों को बंद करने के मुद्दे पर घेराबंदी की। प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने खूब हंगामा किया। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व में भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ लेने के लिए आखिरी छह महीने में बेतहाशा संस्थान खोल दिए थे, लेकिन अब हमारी सरकार बंद किए संस्थानों को नीड बेस्ड यानी आवश्यकता अनुसार दोबारा खोलेगी।

सुक्खू सरकार और विपक्ष के बीच संस्थानों को बंद करने और नए संस्थान खोलने की नीति को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। विपक्ष ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार पर शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्र में व्यवस्था का पतन करने का आरोप लगाया। वहीं, सीएम सुक्खू ने इसे व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बताया। इसके साथ ही विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। (अनंत ज्ञान)



### बदलेगी सहकारी बैंकों की वन टाइम सेटलमेंट नीति

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि ऋणी गरीब लोगों के लिए सहकारी बैंकों की वन टाइम सेटलमेंट नीति को बदलने पर विचार किया जाएगा। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वन टाइम सेटलमेंट के मामले 10 लाख रुपए से ऊपर के कर्ज के लिए भी लागू रहेंगे। पिछली सरकार ने पॉलिसी लाई तो कुछ ने फायदा उठाया और कुछ ने लाभ नहीं उठाया। ऐसे लोग जिनका लोन 10 लाख रुपए से ऊपर हो गया। गरीब लोग जो ऋणी हैं, उनके लिए विचार करेंगे कि उन्हें कैसे राहत मिले। यह नीति न केवल सहकारी बैंक बल्कि राज्य कृषि सहकारी बैंक में भी लागू होगी।

### दो साल में 1,865 संस्थान बंद

- नए संस्थान खोले 37
- नए संस्थान नोटिफाई 103
- प्राइमरी स्कूल बंद 1,094
- कृषि विभाग बंद सात
- पशुपालन विभाग बंद 101
- आयुष विभाग बंद 44
- सामान्य प्रशासन विभाग बंद दो
- स्वास्थ्य विभाग बंद 257
- उच्चतर शिक्षा विभाग बंद 91
- गृह विभाग बंद 19
- उद्यान विभाग बंद चार
- उद्योग विभाग बंद एक
- सूचना एवं जनसंपर्क बंद एक
- जल शक्ति विभाग बंद 46
- श्रम एवं रोजगार बंद नौ
- बहुउद्देशीय परियोजनाएं बंद 35
- कार्मिक विभाग बंद एक
- लोक निर्माण विभाग बंद 16
- राजस्व विभाग बंद 117
- ग्रामीण विकास विभाग बंद 11
- सामाजिक न्याय बंद एक
- तकनीकी शिक्षा बंद पांच
- शहरी विकास विभाग बंद एक

## जयराम ने पूछा 'नीड बेस्ड' का क्राइटेरिया, वॉकआउट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जैसे ही सीएम सुक्खू ने संस्थानों को नीड बेस्ड यानी आवश्यकता अनुसार दोबारा खोलने की बात कही तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 'नीड बेस्ड' का क्राइटेरिया पूछा।

इस दौरान सदन में दोनों ओर से खूब नोक-झोंक और शोर-शराबा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान आए इस सवाल में कई सप्लीमेंट्री सवाल भी पूछे और अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में दोबारा संस्थान खोलने पर विचार करने के लिए कहा। विपक्ष ने मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्टि भी जाहिर की और सदन से बाहर चले गए। हालांकि, यह सदन की कार्यवाही में वॉकआउट के तौर पर दर्ज नहीं हुआ, क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस प्रश्न पर चर्चा के लिए लंबा वक्त दिया था। वहीं, देर शाम विपक्ष ने सदन में गंभीर आरोप लगाते हुए वॉकआउट किया।



वॉकआउट करते विपक्षी विधायक।

### हम भी चुने हुए प्रतिनिधि गाली-गलौज सुनने नहीं आए

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि उनकी ओर से लगातार अपमानजनक भाषा का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा यह पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष के नेता इतने असंयमित हो गए हैं, कभी देश के प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणियां की जाती हैं, तो कभी विपक्ष को निशाना बनाया जाता है। हम भी जनता की ओर से चुने हुए प्रतिनिधि हैं, गाली-गलौज सुनने नहीं आए हैं।

### कैग रिपोर्ट में खुलासा, हिमाचल के 12 निगम-बोर्ड 4901.51 करोड़ के घाटे में

**हिमाचल** के 12 निगम एवं बोर्ड इस समय 4901.51 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहे हैं। सबसे अधिक राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड का घाटा 1809.61 करोड़ पहुंच गया है। एचआरटीसी को 1707.12 करोड़ रुपए व वित्त निगम को 180.97 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया गया है। इसका खुलासा हिमाचल विधानसभा में वर्ष 2022-23 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त निगम को 180.97 करोड़ रुपए, बिजली बोर्ड लिमिटेड को 1809.61 करोड़, एचआरटीसी को 1707.12 करोड़ रुपए, एचपीएमसी को 83.87 करोड़ रुपए, एग्रो इंडस्ट्रीज निगम को 13.48 करोड़ रुपए, वन निगम को 113.04 करोड़ रुपए, पावर ट्रांसमिशन निगम को 395.91 करोड़ रुपए, पर्यटन विकास निगम समिति को 29.27 करोड़ रुपए, हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम समिति को 12.42 करोड़ रुपए, अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम को 5.72 करोड़ रुपए, पावर कॉर्पोरेशन को 552.07 करोड़ रुपए, श्रीनयना देवी व श्री आनंदपुर साहिब निगम को 0.03 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।

## मोहाली में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग गिरी; कई लोग दबे, साथ में चल रहा था बेसमेंट का काम

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

**पंजाब** के मोहाली में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग गिर गई। मलबे में 15 से 20 लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस-प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई है। यह घटना गुरुद्वारा सोहाना साहिब के पास शनिवार शाम करीब 4:30 बजे हुई।



लोगों के मुताबिक, यह बिल्डिंग 5 मंजिला थी। इसमें 3 मंजिलों पर पीजी और ग्राउंड फ्लोर में जिम चल रहा था। इसके बगल में बेसमेंट की खुदाई चल रही थी, जिससे बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई और वह गिर गई। जिस वक्त बिल्डिंग गिरी, उस वक्त जिम के खुले होने की सूचना है। ऐसे में मलबे में जिम में आए लोगों के दबे होने की आशंका है। वहीं, डीजीपी गौरव यादव और मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)

## संजौली मस्जिद कमेटी ने अवैध निर्माण तोड़ने को मांगा अतिरिक्त समय

### आयुक्त कोर्ट ने 15 मार्च तक मस्जिद का सारा अवैध निर्माण तोड़ने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**संजौली** मस्जिद कमेटी ने अवैध निर्माण तोड़ने के लिए एमसी कोर्ट से अतिरिक्त समय मांगा है।

संजौली मस्जिद मामले पर शनिवार को नगर निगम आयुक्त शिमला की अदालत में सुनवाई हुई। आयुक्त कोर्ट ने कमेटी को 15 मार्च तक मस्जिद का सारा अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश दिए। आयुक्त कोर्ट ने पिछले आदेशों में मस्जिद की तीन अवैध मंजिलों को गिराने के आदेश दिए थे। अभी तक अवैध निर्माण तोड़ने का 50 फीसदी काम हुआ है। आयुक्त कोर्ट में मस्जिद की निचली मंजिलों को लेकर भी चर्चा हुई। मस्जिद कमेटी ने उनके कब्जे से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड पेश करने के लिए भी कोर्ट से समय मांगा है।

**अभी अवैध निर्माण तोड़ने का 50 फीसदी काम पूरा**



### निचली दो मंजिल पर फैसला आना बाकी

**निगम** आयुक्त ने 5 अक्तूबर को 2 माह के भीतर संजौली मस्जिद पर अवैध रूप से बनाई 3 मंजिलों को तोड़ने के आदेश दिए थे। इसके बाद तोड़ने का काम शुरू हो गया है। वहीं, निचली दो मंजिल को लेकर अभी निगम आयुक्त कोर्ट का फैसला आना बाकी है। संजौली मस्जिद के कारण पूरे प्रदेश में बवाल मचा था।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धर्मशाला के तपोवन में दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' की परियोजनाओं की जानकारी देते सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया। साथ हैं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार व वरिष्ठ पत्रकार वासुदेव।

## रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक

### यूक्रेन ने 8 ड्रोन दागे, 6 रिहायशी इमारतों को बनाया निशाना

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूस** के कजान शहर में शनिवार सुबह अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किए। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर हुए।

कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर है। सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आ रहे हैं। इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया है। तातारस्तान के गवर्नर रुस्तम मिन्निखानोव की प्रेस सेवा ने बताया कि शहर पर आठ ड्रोन ने हमला किया। बयान में बताया गया कि छह ड्रोन ने रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया, एक ने औद्योगिक केंद्र को निशाना बनाया और एक को नदी के ऊपर मार गिराया गया। अमेरिका में 2001 में आतंकियों ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर इसी तरह से 4 प्लेन हाईजैक कर हमला किया था। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराए गए।

**कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोकीं**



**मीटिंग** केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक, टैक्स कम करने का फैसला टला

## हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस नहीं होंगे सस्ते

**एजेंसी, जैसलमेर**

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार के जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक हुई। इसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री शामिल हुए। बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर कम करने का फैसला टाल दिया गया। ऐसे में हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस सस्ते नहीं होंगे। इस बीच 148 वस्तुओं पर कर की दर में फेरबदल की मंत्रिसमूह की बहुचर्चित सिफारिश परिषद के समक्ष नहीं रखी गई।

राज्य सरकारों के वित्त मंत्रियों वाली परिषद के कुछ सदस्यों ने महसूस किया कि बीमा कराधान के संबंध में अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले और अधिक विचार-विमर्श की आवश्यकता है। बीमा पर मंत्री समूह की समिति के प्रमुख बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि समूह, व्यक्तिगत, वरिष्ठ नागरिक पॉलिसियों के कराधान पर निर्णय लेने के लिए एक और बैठक की आवश्यकता है। चौधरी ने कहा कि कुछ (परिषद) सदस्यों ने कहा कि इस पर और अधिक चर्चा की आवश्यकता है। हम (जीओएम) जनवरी में फिर मिलेंगे। इसके अलावा, दरों को तर्कसंगत बनाने पर मंत्री समूह की रिपोर्ट परिषद के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई। रिपोर्ट में 148 वस्तुओं में बदलाव की सिफारिश की गई थी।



### एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर चर्चा

**समिति** के संयोजक चौधरी ने कहा कि हम दरों को तर्कसंगत बनाने पर मंत्री समूह की रिपोर्ट परिषद की अगली बैठक में प्रस्तुत करेंगे। वहीं, विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। केंद्र और राज्यों के जीएसटी विभागों के अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति के कई प्रस्ताव परिषद के समक्ष समीक्षा के लिए आएंगे। प्रस्तावों में से एक स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वस्तुओं के वितरण मंचों पर करों को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करना शामिल है।

## धर्माणी ने उठाया हिमाचल जीएसटी मुआवजे का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जैसलमेर** में आयोजित जीएसटी काउंसिल की बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कई मुद्दों पर चर्चा की। धर्माणी ने जीएसटी मुआवजे का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए राज्य को राजस्व हानि की भरपाई के लिए व्यवस्था स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जीएसटी को बेहतर तरीके से लागू करने का प्रयास कर रहा है और अपने कर लगाने के अधिकार को त्यागते हुए यह उम्मीद की थी कि राज्य के वित्तीय हालात सुधरेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश एक उत्पादक राज्य है, जो देश में औषधीय दवाओं का एक बड़ा हिस्सा बनाता है और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देता है, इसलिए इसे विशेष मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने क्योटो प्रोटोकॉल का उदाहरण देते हुए पर्यावरणीय संतुलन में योगदान के लिए राज्य को मुआवजे की मांग की। मंत्री ने रोपवे को पीएमजीएसवाई योजना में शामिल करने और सेब आयात पर कस्टम ड्यूटी को 50 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की मांग की।



**सेब आयात पर कस्टम ड्यूटी को 50 से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की मांग**



## न्यूज ब्रीफ

### धगोगी गांव में लगाया पशु बांझपन पर शिविर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** पशु पालन विभाग की संयुक्त टीम ने मशोबरा ब्लॉक के धगोगी गांव में एक दिवसीय पशु बांझपन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पंचायत के उपप्रधान सहित करीब 35 पशुपालकों ने भाग लिया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमेन्द्र शर्मा ने विभाग द्वारा पशुपालकों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

### मेडिटेशन से मानसिक रूप से होता है लाभ

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** प्रथम विश्व ध्यान दिवस के मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में श्री चेतना सोसायटी की अध्यक्ष अरुणा वर्मा उपस्थित रहे। डॉ. जोगिंद्र दुल्टा और डॉ. कमलेश वर्मा द्वारा गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने ध्यान दिवस की महत्ता कहा कि हर रोज मेडिटेशन करने से शारिरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से लाभ होता है।



### ज्ञान चंद ने जीता पुरुष एकल का मुकाबला



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में पूर्व छात्र संघ व राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय शिक्षक बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र मेहता द्वारा किया गया। बैडमिंटन की इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग ने भाग लिया। पुरुष एकल में राजकीय महाविद्यालय धामी के ज्ञान चंद विजेता रहे जबकि राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी के डॉक्टर अनुपम वर्मा उपविजेता घोषित क्या गया। पुरुष युगल में राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला से डॉ. पीडी कौशल, राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के डॉ. धर्मेंद्र मेहता विजेता व राजकीय महाविद्यालय संजौली से राजेश व अनुपम वर्मा उपविजेता रहे।

### प्राध्यापक संघ की सुन्नी यूनिट ने जताया विरोध

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय सुन्नी की स्थानीय यूनिट ने हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल 2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध जताया। ईकाई अध्यक्ष प्रो. सुनील आचार्य ने कहा कि यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया तो कॉलेज प्राध्यापक संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर संघर्ष का रास्ता अपने को मजबूर होगा।

### ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** ग्राम पंचायत बौहर में प्रशासन जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा द्वारा की गई। नायब तहसीलदार नेरवा अर्जुन सिंह परमार ने कहा कि कार्यक्रम में एक बन्दूक लाइसेंस नवीनीकरण तथा 18 इंतकाल भी किए गए। बागवानी विभाग के अधिकारी श्याम शर्मा ने कहा कि बागवानों की आर्थिकी बढ़ाने और फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए बागवानी विभाग में कई सारी स्कीमें लाई जाती हैं। ऐसे में बागवान कैसे इन स्कीमों का इस्तेमाल कर सकते हैं यह जानना भी जरूरी है।

### बिना परमिट लकड़ी ले जा रही जीप पकड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना कोट कहलूर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बेहड़ा चौक के पास बिना परमिट के लकड़ी ले जा रही एक जीप को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार थाना कोट कहलूर पुलिस गत दिवस गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने बस्सी-गंगुवाल सड़क पर बेहड़ा चौक के पास नाका लगाया और वाहनों का निरीक्षण शुरू किया। इसी बीच एक जीप बस्सी की तरफ से आई। संबंधित जीप तिरपाल से ढकी थी। जिस पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने जब तिरपाल हटाकर देखा तो उसमें बरगद के 4-4 फीट लंबे बरगद के पीस पाए। पुलिस ने जब जीप चालक से संबंधित लकड़ी का परमिट मांगा तो वह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने जीप को कब्जे में ले लिया और चालक के विरुद्ध वन अधिनियम सहित अन्य आपराधिक धाराओं के तहत जीप चालक गगनदीप निवासी दलेत डाकघर लैहडी तहसील श्री नयना देवी जी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। पुलिस प्रवक्ता डी.एस.पी. बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### ओपन एयर जेल में करवाया गया ध्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के प्रयासों से 21 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। बिलासपुर में भी इस दिवस को महत्वपूर्ण तरीके से मनाया गया। सबसे पहले बिलासपुर के जिला मुख्यालय में स्थित उपायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने ध्यान किया। उसके उपरांत बिलासपुर की ओपन एयर जेल में कैदियों द्वारा इस ध्यान का अभ्यास किया गया। आर्ट ऑफ़ लिविंग के जिला मीडिया को-ऑर्डिनेटर अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि यह क्षण एक नई शुरुआत का प्रतीक है। ध्यान न केवल लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है ,बल्कि यह समाज में शांति और एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने बताया कि इस ध्यान का अभ्यास आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका रचना मेहता द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग की संस्कार प्रशिक्षिका मीरा भोगल तथा डीडीसी मेंबर अनिल मेहता और विक्की भट्टा भी उपस्थित रहे।



### शिविर में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रेड रिबन क्लब, कंप्यूटर विभाग और एम्स नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तीसरा निशुल्क जांच शिविर और एचआईवी/एड्स की रोकथाम और गैर संचारी रोगों पर सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने की। शिविर में महाविद्यालय के 150 विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर शिक्षकों की मधुमेह ,ब्लड प्रेशर, जनरल फिजिकल हेल्थ और हाइट की जांच की गई और उसके साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे रोल प्ले और इंटरएक्टिव गेम के द्वारा एचआईवी की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।



### वरिष्ठ नागरिक सभा ने की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक का आयोजन वरिष्ठ नागरिक सभागार में 21 दिसंबर को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. जेएन मिश्रा ने की। बैठक का संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। सर्वप्रथम अध्यक्ष जी ने समस्त सदस्यों का स्वागत किया। वरिष्ठ उपप्रधान रत्नलाल सांख्यान ने उन सदस्यों की सूची प्रस्तुत की जो अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में लीन हो गए सभा में उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिनमें केनरा बैंक के सेवानिवृत प्रबंधक हंसराज गुप्ता गुड़गांव हरियाणा,अश्वनी राणा, तृप्ता गुप्ता, विमला देवी मानवा, सेवानिवृत बैंक अधिकारी सुनीता देवी, रामप्यारी खजुरिया, संजीव कुमार, प्रेमलाल रुड़की, बलवंत सिंह, बंती देवी सेवानिवृत घुमारवी, इत्यादि थे। सभा ने सुरेश नड्डा व सुशील पुंडीर को हाल ही में बिलासपुर में आयोजित मास्टरज़ गेमज़ में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी गई, जो कि वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के कर्मठ सदस्य हैं।

# वीकेंड पर राजधानी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





राजधानी शिमला में वीकेंड पर पर्यटकों की काफी भीड़ उमड़ी है। पर्यटकों शिमला के रिज मैदान सहित कुफरी में घूमने का आनंद उठा रहे है। इस वीकेंड पर शिमला के होटलों में 70 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी बढ़ी है। शिमला विदेशी पर्यटको को भी खूब पसंद आ रहा है। शिमला विंटर कार्निवल 24 दिसंबर से शुरू हो रहा है और 25 को क्रिसमस है। इसको देखते हुए भी पर्यटक शिमला आने शुरू हो गए है। वहीं कारोबारी के चेहरे भी खिल गए है। कारोबारी की खूब कमाई हो रही है।

शिमला में अंग्रेजों के जमाने के भवनों को देखने के लिए भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों ने ली राहत की सांस ली है। इंग्लैंड, जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्विजरलेंड, कनाडा, फ्रांस के सैलानी शिमला पहुंच रहे है। क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए भी एडवांस बुकिंग बढ़ी है। विंटर सीजन अच्छा जाने की उम्मीद है।

इसके अलावा पर्यटकों की आमद बढ़ने से शहर में जाम की समस्या भी बढ़ी है। बाईपास से कार्ट रोड और लिफ्ट तक लंबा जाम लग रहा है। यहां गाड़िया आराम आराम से सरकती नजर आ रही है।

**फागू, कुफरी, नारकंडा का ज्यादा रुख कर रहे सैलानी**

मालरोड को जाने वाली लिफ्ट पर भी पर्यटकों की लंबी लाइन देखने को मिल रही है। कारोबारियों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में जल्द बर्फ गिरती है तो पर्यटकों की आवाजाही में ओर ज्यादा इजाफा होगा। ऐसे में पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे।

### सुपर स्पेशलिटी चमियाना में कल से शुरू होगी 6 ओपीडी

**शिमला।** अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान (चमियाना) में कल से मरीजों को ओपीडी सेवाएं मिलना शुरू होंगी। अस्पताल प्रबंधन को हाईकोर्ट के आदेशों की प्रति मिल गई। अब इस अस्पताल में मरीजों उपचार मिलना शुरू हो जाएगा। प्रबंधन को कोर्ट सहित सरकार के आदेश मिल चुके है।

**अस्पताल प्रबंधन को मिले कोर्ट के आदेश**

अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान (चमियाना) में चलने वाली न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और एंडोक्रायोनोलॉजी विभाग की ओपीडी मौजूदा समय में आईजीएमसी में चल रही है, लेकिन अगले सप्ताह से इन्हें चमियाना अस्पताल में चलाया जाएगा।

अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की प्रति मिल गई है। इसकी सूचना सरकार को भी दी गई थी अब ओपीडी शुरू की जाएगी।

### राज्यपाल ने 'इन्सेक्ट पॉलिनेटरस डॉयवर्सिटी' पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में परागण करने वाले कीटों पर वैज्ञानिक शोध पर आधारित 'इन्सेक्ट पॉलिनेटरस डॉयवर्सिटी' पुस्तक का विमोचन किया।

यह पुस्तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के जैव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. वाईएस परमार औद्योनिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी बागवानी अनुसंधान केंद्र मशोबरा की वैज्ञानिक डॉ. संगीता शर्मा तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के डॉ. नितेश कुमार एवं डॉ. हीरेन्द्र सिंह बनियाल द्वारा लिखी गई है। उन्होंने राज्यपाल को पुस्तक में परागण करने वाले कीटों तथा कृषि एवं बागवानी में उनके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है।

फलों की बेहतर पैदावार में परागण करने वाले कीट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा यह पुस्तक किसानों, बागवानी विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित होगी।

### बच्चों ने जानी विज्ञान की बारीकियां

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** स्कूलों में विज्ञान विषय में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए शनिवार को राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता डॉ. नवीन ठाकुर ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए धामी विद्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य पाठशाला के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय से परिचित करवाना, उनकी रूचि बढ़ाना और विज्ञान द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न करियर अवसरों पर चर्चा करना था। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुत्वाकर्षण बल, वायुदाब, प्रकाश माप आदि उदाहरण परीक्षण करके दिखाए। विद्यार्थियों ने परीक्षणों में अपनी सहभागिता दिखाई और स्वयं प्रयोग करने के प्रयास भी किए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा ने भीम राव अंबेडकर प्रकरण को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदर्शन करते हुए भाजपा नेता व अन्य।

भाजपा जिला शिमला द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रकरण को लेकर प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने किया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश भारद्वाज, संजय सूद, कर्ण नंदा, गणेश दत्त, संजय ठाकुर और कमलजीत सूद ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कड़शोली और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा रहे। सुशील ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब को बार-बार अपमानित किया गया है और अब वे वोट की राजनीति के लिए बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू को डॉ. अंबेडकर के प्रति बेपनाह नफरत जगजाहिर थी, पंडित नेहरू ने देश के संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को दो बार चुनाव हराया और उन्हें संसद में जाने से रोका।

### आर्यन चौहान बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें प्रदेश महासचिव पद पर आर्यन चौहान ने भारी मतों से जीत दर्ज की है। आर्यन चौहान को 38 हजार वोट मिले और उन्होंने 23000 मतों से जीत दर्ज की। आर्यन चौहान शिमला के रहने वाले है और सीपीएम मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान के सुपुत्र है। जीत के बाद शनिवार को आर्यन चौहान कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां पर उनका समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं आर्यन चौहान ने इस जीत का श्रेय प्रदेश के युवाओं को दिया और युवाओं का आभार जताया। साथ ही राहुल गांधी सहित केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री का भी आभार जताया, जो जिम्मेदारी दी गई है उसे बखूबी निभाने का पूरा प्रयास करेंगे।

## सड़क सुविधा मिलने से बौहर-बागन के लोगों का जीवन हुआ आसान

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



सड़क सुविधा न होने से बेहद कठिन जीवन जी रहे चौपाल उपमंडल की दो पंचायतों बौहर और बागन के लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। सड़क सुविधा मिलने से इन दूरस्थ और दुर्गम पंचायतों के बाशिंदे अब सुविधाजनक आसान जीवन जी पाएंगे।

इस सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने करीब साढ़े 13 किलोमीटर लंबे मोटर मार्ग का लोकार्पण कर दो पंचायतों को सौगात भेंट की। उन्होंने हरी झंडी दिखा कर इस मार्ग पर एचआरटीसी की ट्रायल बस को भी रवाना किया। अब इन दोनों पंचायतों के सड़क सुविधा से जुड़ने पर न केवल इन गांव से पलायन कर चुके लोगों के घर वापसी का रास्ता खुल गया है, बल्कि जो लोग पहले से ही इन पंचायतों के अलग अलग गांव में रह रहे है उनका जीवन भी मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। यही नहीं अब इन गांव के लोग नकदी फसलें उगा कर अपनी आर्थिकी को मजबूत भी कर पाएंगे।

### रौनी घेदटा बने युवा कांग्रेस जिला शिमला के अध्यक्ष

**दशमी रावत, रोहड़ू।** जिला शिमला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रोहड़ू के बजैशल गांव के रौनी घेदटा की नियुक्ति हुई है। वहीं ब्लाक युवा कांग्रेस रोहड़ू के अध्यक्ष पद पर जांगला के थाना गांव के अनूप ठाकुर की नियुक्ति हुई है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।



उल्लेखनीय है कि रौनी घेदटा ने युवा कांग्रेस के लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से चुनाव आयोजित करवाने के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है।

# 20 दिन में 8557 चालान, 1.78 करोड़ जुर्माना वसूला

## बिलासपुर जिला पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिले में नियमों पर ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा रात को जगह-जगह नाके लगाकर वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा दौरान विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के चालान किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा अल्कोहल सेंसर से वाहन चालकों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा चालए गए विशेष अभियान के तहत एक दिसंबर से 20 दिसंबर तक 8557 चालान किए गए हैं। इसमें से आईटीएमएस के तहत 4977 चालान किए गए हैं। संबंधित चालान बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने और ओवर स्पीड के शामिल हैं। बता दें कि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर वाहन चलाने की अधिकतम स्पीड 60 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित की गई है, जबकि शहरी क्षेत्र में 30 किलोमीटर प्रति घंटा स्पीड निर्धारित की गई है। बावजूद इसके कुछ लोग फोरलेन पर 60 से अधिक स्पीड से वाहन चला रहे हैं। कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर 4 जगह पर आईटीएमएस स्थापित किया गया है। जिसके तहत टनल नंबर-एक कैंचीमोड़ के पास, मंडी-भराड़ी, औहर व टनल नंबर-4 टीहरा के पास आईटीएमएस स्थापित किया गया है। मौजूदा समय जिला में बारिश न होने के कारण धुंध ज्यादा पड़ रही है। जिस कारण दृष्यता काफी कम हो गई है। इस कारण दुर्घटनाएं बढ़ने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं। इस कारण पुलिस द्वारा नाके लगाकर भी वाहनों के चालान किए जा रहे हैं ताकि तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। पुलिस द्वारा डाप्लर राडार के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने के चालान किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा नाके लगाकर 3580 चालान किए गए हैं। वहीं, जिला में 20 दिनों के अंदर पुलिस प्रशासन द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने के लिए 64 चालान किए गए हैं।

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी की जा रही कार्रवाई**

> जिले में पुलिस द्वारा नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत जिला में 20 दिनों के अंदर 8557 चालान किए गए हैं। इन चालानों से पुलिस को एक करोड़ 78 लाख 9 हजार रुपए जुर्माने के रूप में मिलेंगे। लोगों से आग्रह किया है कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं।
>
> **-मदन धीमान, डीएसपी एवं पुलिस प्रवक्ता बिलासपुर।**

## सरकार ने पारित किया कर्मचारी विरोधी विधेयक : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को पारित किए गए कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तों से जुड़े विधेयक को कर्मचारी विरोधी निर्णय बताया है। शनिवार को प्रेस को जारी अपने बयान में महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चुनावों में झूठी गारंटियों तथा झूठे वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार असल में कर्मचारियों की कितनी हितैषी है।

इस विधेयक के पारित होने से कर्मचारियों को भी इस बात का एहसास हो गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक की वजह से सरकारी कर्मचारियों को एक बड़ा झटका लगा है और उन्हें आर्थिक तौर पर खासा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अनुबंध कर्मचारी भी भर्ती के सभी नियम और शर्तें पूरी करके आते हैं और यह संशोधन पूरी तरह से कर्मचारी विरोधी है और सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। धर्माणी ने कहा कि सरकारी मुलाजियों की प्रदेश के विकास में अहम भूमिका होती है। लेकिन सरकार द्वारा इस विधेयक को पास कर कर्मचारियों का शोषण करने पर तुली हुई है।

**प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती-सेवा शर्तें बिल लाकर कर्मियों से किया अन्याय**

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि 12 दिसंबर 2003 के बाद जो भी कर्मचारी अनुबंध के आधार पर लगे हैं। न्यायालय पहले ही उनके पक्ष में फैसला दे चुका है और न्यायालय के फैसले के विपरीत इस संशोधन को लाया गया है जो कर्मचारियों के साथ सरासर अन्याय है।

### घुमारवीं कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के गणित विभाग द्वारा में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस दिन लोकप्रिय भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती (22 दिसंबर, 1887) को मनाने और शिक्षा और समाज में गणित के महत्व को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डा.विक्रम कपिल ने अपने महत्वपूर्ण व्याख्यान में बताया कि गणित की बिना किसी औपचारिक पढ़ाई के भी श्रीनिवास रामानुजन ने मैथ के कठिनतम माने जाने वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिए, जिसमें इनफिनिट सीरीज, फ्रैक्शन नंबर थ्योरी और मैथमेटिकल एनालिसिस शामिल हैं। मुख्यातिथि डॉ.राकेश राणा ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और विपरीत परिस्थितियों में उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में दिए गये महान योगदान का उल्लेख किया।

### घुमारवीं में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 27 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय, में हिमाचल उपभोक्ता सरंक्षण परिषद द्वारा दूरसंचार उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण के लिए 27 दिसंबर को 11 बजे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद जोगेंद्र कंवर करेंगे। कार्यक्रम में टेलिफोन उपभोक्ताओं को अपनी शिकायतें किस प्रकार उठानी है तथा अनचाही वाणिज्यक कॉल व मैसेज से किस प्रकार बचा जाए के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह प्रतिभागियों को ढाई द्वारा उपभोक्ताओं की रक्षा के लिए जो कदम उठाए गए है उनकी विस्तृत जानकारी देंगे।

### अंबेडकर के नाम पर घटिया राजनीति करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजयुमो का कहना है कि कदम-कदम पर बाबा साहब का अपमान करने वाली कांग्रेस अब उन्हीं के नाम पर सुर्खियां बटोरने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रही है। आलम यह है कि कांग्रेस गुंडागर्दी पर उतारू हो गई है। संसद में हंगामे और भाजपा सांसदों के साथ धक्कामुक्की के विरोध में शनिवार को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस व राहुल गांधी के व्यवहार की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल की अगुवाई में किए गए प्रदर्शन में जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का देश व समाज के विकास में अहम योगदान रहा है। उन्होंने गरीब, दलित, वंचित व पिछड़ा वर्ग के उत्थान में कोई कमी नहीं रखी।

## श्री नयना देवी डीएवी स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स डे पर बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**



श्री नयना देवी के डीएवी पब्लिक स्कूल में पहला वार्षिक स्पोर्ट्स डे आयोजित किया गया। इसमें मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा तथा असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पुलिस दीवान चंद श्री नैना देवी चौकी प्रभारी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस वार्षिक स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरीश शर्मा की अध्यक्षता में मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा तथा असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पुलिस दीवान चंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों द्वारा डीएवी गान तथा मार्च पास किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न तरह के खेलों का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया। इसमें नर्सरी कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के सभी छात्रों ने 10 से अधिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा सभी विजेताओं बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस आयोजन में सभी गणमान्य लोग तथा अभिभाक मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रीय गीत बच्चों द्वारा गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कार्यक्रम**

### अल्फा पब्लिक हाई स्कूल झंडूता में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक समारोह

## बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के अल्फा पब्लिक हाई स्कूल झंडूता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ठाकुर ने की। वहीं, कार्यक्रम में रत्न देव सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि रत्न देव ने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य नरेंद्र ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा गत वर्ष 2023 24 की शैक्षणिक उपलब्धियां का जिक्र करने के साथ-साथ इस वर्ष की भी शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक उपलब्धियां का लेखा-जोखा अभिभावकों तथा अन्य गण मान्य लोगों के विशाल समूह के सामने रखा। इसके बाद शैक्षिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक मनोरंजन तथा ज्ञानवर्धक शृंखला चली जिसमें सभी महानुभाव तथा अभिभावक कार्यक्रम की समाप्ति तक इन मनोरंजन कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते रहे। सभी कार्यक्रम एक उच्च स्तर के कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किए गए पंजाबी गिद्दा, योग पर आधारित कार्यक्रम, हरयाणवी लोकनृत्य मैने लहंगा ले ले मां तुझे सलाम फनी डांस चरखा मेरा रंगला छोटे-छोटे बच्चों के मनोरंजन कार्यक्रम, कव्वाली तथा हिमाचली नाटी की विशेष प्रस्तुति व योगा की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी।

# रिकॉर्डधारी सीएम ने 2 साल में 2000 संस्थान बंद करने का रिकॉर्ड बनाया : जयराम ठाकुर

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा-सदन में झूठ बोलकर पूरे प्रदेश को गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि सुख की सरकार ने एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनाए हैं, लेकिन दु:ख इस बात का है एक भी रिकॉर्ड प्रदेश के भले के लिए नहीं है। मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने का रिकॉर्ड ही तोड़ दिया है। संस्थान बंद करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

विधानसभा में एक सवाल के जवाब के माध्यम से यह पता चला कि सरकार ने 2000 के लगभग चलते संस्थान बंद कर दिए हैं जिसमें से 1000 से ज्यादा स्कूल है। प्रदेश को विकास की उलटी दिशा में जाने का रिकॉर्ड भी माननीय मुख्यमंत्री के ही नाम है।

प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का पतन करने का रिकॉर्ड भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम दर्ज हो गया है, जिस प्रदेश में एक भी बच्चों के लिए स्कूल खोलने की पॉलिसी रही हो, वहां पर 10 बच्चे, 20 बच्चे, 25 बच्चों की संख्या वाले स्कूलों को बंद करने की तानाशाही सरकार द्वारा की जा रही है। शिक्षा व्यवस्था को इस तरह से बर्बाद करने से बड़ा प्रदेश का कोई दुर्भाग्य हो ही नहीं सकता। शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास और हर नागरिक को अवसरों की समानता देने का एक मात्र साधन है और उसे सरकार छीन रही हैं। मुख्यमंत्री सिर्फ भाषणबाजी और तालाबाजी से सरकार चला रहे है। सरकार सत्ता के नशे से बाहर आए और शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करना बंद करे।



तपोवन विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री उनके मंत्री कहते हैं कि सभी संस्थान प्रक्रिया के तहत बंद किए गए हैं। संस्थानों को बंद करने के लिए नीड बेस असेसमेंट की प्रक्रिया अपनाई गई है। सरकार का इससे बड़ा और सफेद झूठ कोई हो ही नहीं सकता क्योंकि मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण करने के अगले दिन से ही संस्थानों पर ताला बाजी शुरू कर दी थी। मात्र एक दिन के अंदर सरकार द्वारा ऐसा कौन सा नीड बेस असेसमेंट करवा लिया गया था जिसके आधार पर हजारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिए गए।

विधानसभा के अंदर इस तरीके से झूठ बोलना प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए शोभा नहीं देता है, लेकिन सरकार ने इसे अपनी आदत में शुमार कर लिया है, की जो भी बोलना है वह सिर्फ झूठ ही बोलना है। सरकार द्वारा प्रदेश को भी गुमराह किया जा रहा है, विपक्ष को भी गुमराह किया जा रहा है। यह परंपरा सही नहीं है। इससे प्रदेश का बहुत नुकसान हो रहा है और सरकार अपनी जवाबदेही से भाग रही है।

प्रदेश में आज तक सिर्फ प्रतिशोध के तहत काम करने वाली न तो ऐसी सरकार देखी और नहीं ऐसा मुख्यमंत्री देखा है। मुख्यमंत्री महोदय ने सिर्फ अपने राजनीतिक प्रतिशोध के लिए अपनी विधानसभा क्षेत्र में हमारी सरकार के द्वारा खोले गए जल शक्ति के

### विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री के लिए झूठ बोलना शोभा नहीं देता

डिवीजन को भी बंद कर दिया और बंद करने के 4 महीने बाद फिर से खोल दिया। क्या मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों के बताएंगे कि 4 महीने में ही सरकार को ऐसी कौन जानकारी हाथ लगी कि लोगों की जरूरत बदल गई। मुख्यमंत्री के पास इसका क्या जस्टिफिकेशन है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री है, बहुत अच्छी तरह से समझ लें कि विधानसभा झूठ बोलने के लिए नहीं है। वह हर जगह अपने झूठ की दुकान का खोल देते हैं। विधानसभा प्रदेश के हितों से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए सरकार के काम काज का हिसाब लिया जाता है।

सरकार की जवाबदेही तय होती है, प्रदेश के विकास को गति देने के लिए कानून बनाया जाता है, उस पर चर्चा होती है, लेकिन सरकार ने विधान सभा को भी अपने झूठ बोलने का अड्डा बना लिया है। मेहरबानी करके सरकार इस तरह से सफेद झूठ बोलने से बचे और प्रदेश के हितों को लेकर संजीदगी से काम करे।

# 14वीं विधानसभा की कार्यावाही 21.20 घंटे चली : पठानिया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

शनिवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र समाप्ति के बाद मिडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश की 14वीं विधान सभा का सप्तम सत्र अपेक्षा अनुरूप संपन्न हुआ है। इस शीतकालीन सत्र का शुभारंभ 18 दिसंबर को हुआ तथा 21 दिसंबर को संपन्न हुआ।

इस सत्र में कुल 4 बैठकों का आयोजन किया गया, जिसकी कार्यवाही लगभग 21:20 घंटे तक चली, जिसकी उत्पादकता 106 प्रतिशत रही। इसमें सत्ता पक्ष 9:30घंटे तथा प्रतिपक्ष ने 8:30 घंटे सार्थक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में कुल 4 बैठकें आयोजित की गई तथा 20 दिसंबर का दिन गैर-सरकारी सदस्य कार्य दिवस के लिए निर्धारित था, जिस पर माननीय सदस्यों द्वारा नियम 101 के अंतर्गत 3 गैर-सरकारी संकल्प प्रस्तुत किए गए, जिसमें से एक संकल्प माननीय सदस्यों द्वारा वापस लिया गया और एक संकल्प सदन में प्रस्तुत हुआ व चर्चा आगामी सत्र में की जाएगी तथा एक संकल्प पर समय के अभाव के कारण चर्चा नहीं हो सकी।

यह सत्र विधानसभा के इतिहास का ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सत्र रहा है। 18 दिसंबर को सत्र के प्रथम दिन राष्ट्रीय ई-विधान ऐप्लिकेशन (नेवा) का शुभारंभ किया गया, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इस सत्र से ऐतिहासिक शून्य काल का भी आरंभ हुआ है, जिसका पहला प्रश्न सदन में लाहौल-स्पिति की महिला विधायक सूश्री अनुराधा राणा द्वारा पूछा गया।



### शून्य काल में कुल 26 विषयों को किया उजागर

**शून्य** काल में कुल 26 विषयों को उजागर किया गया। इस सत्र के दौरान कुल 188 तारांकित तथा 55 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाओं पर सरकार द्वारा उत्तर उपलब्ध करवाए गए। सत्र के दौरान नियम 61 के अंतर्गत 2, नियम 62 के तहत 3 विषय पर विस्तृत चर्चा की गई तथा माननीय सदस्यों ने बहुमुल्य सुझाव दिए। नियम 102 के तहत 1 सरकारी संकल्प को भी सदन में पारित किया गया, जिसे आगामी कार्रवाई हेतु विभाग को प्रेषित किया गया है। नियम 130 के तहत 2 विषय चर्चा हेतु निर्धारित थे, जिस पर माननीय सदस्यों ने सार्थक चर्चा की। पठानिया ने कहा कि लोक लेखा समिति द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप वित्तिय वर्ष 2014-2015, 2015-2016,2016-2017,2017-2018,2018-2019,2019-2020 व 2020-2021 के लिए अनुदानों तथा विनियोगों पर आधारित मांगो पर विवरण भी सदन में प्रस्तुत किए गए। नियम 324 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के माध्यम से 6 विषय सभा में उठाए गए तथा सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय सदस्यों को वस्तुत: स्थिती से अवगत करवाया गया। सभा की समितियों के 26 प्रतिवेदन भी सभा में उप स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त माननीय मन्त्रियों द्वारा अपने ङ्क अपने विभागों से सम्बन्धित दस्तावेज भी सभा पटल पर रखे गए।

## शीतकालीन सत्र की झलकियां



धर्मशाला, तपोवन विधानसभा में शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखने के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात करते कांगड़ा अंतरराष्ट्रीय स्कूल शाहपुर के छात्र -छात्रएं।

### नशाखोरों के खिलाफ 5332 मामले दर्ज

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में तीन वर्षों में नशाखोरों के खिलाफ 5332 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 520 अभियोग अन्वेषणाधीन और 4627 न्यायालय में विचाराधीन हैं। 185 मामलों का निपटारा न्यायालय की ओर से कर दिया गया है। इन मामलों में से 111 मामलों में सजा और 74 मामलों में आरोपी बरी हुए हैं। कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी के सवाल का लिखित जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 5332 अभियोगों में 8004 आरोपी गिरफ्तार किए गए। 2355 आरोपियों को पुलिस ने नोटिस देकर छो। 96 कोर्ट से बरी हो चुके हैं। 5554 आरोपियों को जेल भेजा गया है। प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा गया है। केंद्रीय अधिनियम एनडीपीएस एक्ट 1985 में हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तावित संशोधनों को सम्मिलित किया जाए। इससे नशे और इसके व्यापार में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### जुब्बल-कोटखाई में 19 स्कूल किए बंद

**धर्मशाला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल कोटखाई में भी कम विद्यार्थियों की संख्या वाले 19 स्कूल बंद किए हैं। नादौन विधानसभा क्षेत्र में भी स्कूल बंद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दस साल में देशभर में 76 हजार स्कूल बंद हुए हैं। गुजरात राज्य से इसकी शुरुआत हुई है।

### विभागों और उपक्रमों में 19,594 आउटसोर्स कर्मी कार्यरत

**धर्मशाला।** भाजपा विधायक जीतराम कटवाल के सवाल का लिखित जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि विभागों और उपक्रमों में 19,594 आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं। प्रदेश वित्तीय निगम 2009 के तहत सरकारी विभागों में आउटसोर्स आधार पर सेवाएं लेने का प्रावधान है। सरकारी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों की कार्य परिस्थितियों व सेवा शर्तों के संरक्षण के लिए सरकार ने जुलाई 2017 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# भुभूजोत सुरंग को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में नामित किया : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में भुभूजोत सुरंग के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रक्षा मंत्रालय ने अधिकारिक रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भुभूजोत सुरंग, घटासनी-शिल्हा-भुभूजोत-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सामरिक महत्व की परियोजना के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है। रक्षा मंत्रालय ने पत्राचार के माध्यम से इस राजमार्ग और सुरंग के महत्व को इंगित करते हुए बताया कि यह राजमार्ग लेह-लद्दाख के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में सशस्त्र बलों को विभिन्न प्रकार की संवेदनशील गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन में सहायता मिलेगी। सामरिक महत्व के साथ-साथ इस सुरंग से क्षेत्र को पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलेगा और इस दृष्टि से परियोजना के लिए बजटीय प्रावधान किए जाएंगे। सुक्खू ने भुभूजोत सुरंग परियोजना के लिए राज्य सरकार के पक्ष को मजबूती से केंद्र के समक्ष रखा था। उन्होंने 25 अक्तूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से व्यक्तिगत रूप से भेंटकर इस परियोजना को प्राथमिकता प्रदान करने का आग्रह किया था।

### मुख्यमंत्री ने किया पर्यावरण कैलेंडर और स्वर्ण जयंती लोगो जारी

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने शनिवार को जिला कांग्रेस के धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीपीसीबी) के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 50 गतिविधियों को प्रदर्शित कर रहे पर्यावरण कैलेंडर को जारी किया। उन्होंने बोर्ड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती लोगो भी जारी किया।

मुख्यमंत्री ने बोर्ड को बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 50 वर्षों के दौरान अनेक सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पर्यावरण को संरक्षित करने के बोर्ड के प्रयासों को निरंतर सफलतापूर्वक जारी रहेंगे। पर्यावरण कैलेंडर में 21 दिसंबर, 2024 और 21 दिसंबर, 2025 के मध्य पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण 50 दिनों को मनाने के लिए 50 प्रमुख गतिविधियों की रूपरेखा दी गई है। इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रदेश के लोगों में जागरूकता बे ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।



### विधानसभा अध्यक्ष को गॉर्ड ऑफ ऑनर




शीतकालीन सत्र के लिए तपोवन विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर गॉर्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

# भेड़ पालक सरकार के उदासीन रवैए के कारण व्यवसाय छोड़ने पर मजबूर : जनक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

भाजपा विधायक डॉ. जनक राज ने कहा मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय को उठाने का मौका दिया। अध्यक्ष महोदय में गद्दी जनजाति समुदाय से संबंध रखता हूं और हमारे समुदाय के हजारों लोग अपने परंपरागत भेड़ पालन के व्यवसाय से जुड़े हैं और वर्तमान परिस्थितियों में यह व्यवसाय और इसे करने वाले लोग सरकार के उदासीन रवैए के कारण व्यवसाय को छोड़ने पर मजबूर है। भेड़ पालकों को अनेकों समस्याएं अपने व्यवसाय के दौरान आती हैं पलायन के दौरान प्रतिवर्ष अनेकों घटनाएं पशुओं की चोरी की होती हैं जिस पर लीपा पोती करके मैटर को दबा दिया जाता है।

पिछले वर्ष की बात है मेरे अपने परिवार के सदस्य मेरे चाचा जी थे उनके 12 भेड़ों को दारचा में चुरा लिया गया, मेरे आग्रह करने के बावजूद उन पर कोई कारवाई नहीं हुई। साथ में चार गावों का सिकुड़ता



आकार एक तो चारगांव के क्षेत्र में लोगों ने अवैध कब्जे किए हैं। जंगलों में साथ ही साथ आबादी बसने के कारण चारागाह का क्षेत्रफल कम हो रहा है।

पलाइन मार्गों पर आबादी बढ़ रही है और जो इस व्यवसाय से जो प्रोड्यूस पैदा होता है उनकी खरीददारी करने के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस न प्रबंध है न प्रावधान है, वन रक्षा के प्रतिबंध भी इस व्यवसाय में आड़े आ रहे हैं और अभी कुछ दिन पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ हमारे क्षेत्र के कुछ भेड़ पालक वो रोते हुए सरकार से ये गुहार लगा रहे थे कि बारिश न होने की वजह से भेड़ों को न घास उपलब्ध है और हमारी बहुत समस्याए और साथ ही साथ जब प्लान के दौरान महामारी फैलती है। फुट माउथ बीमारी तो समय पर उनको उपचार नहीं मिल पाता, दवाइयों के लिए उनको दरदर भटकना पड़ता है, तो मैं सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि यह लोग सरकार से कोई रोजगार नहीं मांग रहे हैं केवल यह आश्वासन सरकार से मांगते हैं कि हमारे रोजगार के दौरान काम करने की जो समस्याएं आ रही हैं उस पर सरकार विचार करें और कोई नीति बनाए।

### विपक्ष करता है समोसे और मुर्गे की राजनीति

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में कहा कि विपक्ष समोसे और मुर्गे की राजनीति करता है। हम विकास में विश्वास रखते हैं। मुख्यमंत्री ने विधायक रणधीर शर्मा पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि सब जानते हैं कि आप नेता विपक्ष बनना चाहते हैं। इसलिए ही बात-बात पर सवाल उठाते रहते हैं।

**शीतकालीन सत्र** | सरकार की अनुमति से ड्यूटी के दौरान सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा सकेगा

# रिश्वत, मर्डर जैसे मामलों में गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं : सीएम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि रिश्वत, मर्डर जैसे संगीन मामलों में गिरफ्तारी करने से संबंधित मामलों में गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं होगी। ये ऐसे मामलों के लिए है कि कार्यालय में कोई एक अधिकारी द्वेष भावना से किसी कर्मचारी के खिलाफ कुछ गलत कार्रवाई करे तो ही यह प्रावधान लागू होगा।

हिमाचल सरकार की अनुमति से ही ड्यूटी के दौरान सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा सकेगा। कांस्टेबलों का काडर भी अब राज्य स्तर का होगा। भर्ती राज्य पुलिस बोर्ड करेगा। इस संबंध में विपक्ष के विरोध पर भी शुक्रवार को पुलिस विधेयक पारित हो गया।

हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम में संशोधन पर विधेयक को पारित करने से पहले चर्चा लाई गई। इस पर भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने लोक सेवक को किसी भी कार्य पर ड्यूटी करने के दौरान गिरफ्तार करने से पहले सरकार की मंजूरी लेने की धारा डालने पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस अधिकारी अपना काम ठीक से नहीं कर पाएंगे। भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत अगर किसी कर्मचारी को गिरफ्तार करना होगा तो क्या सरकार को पूछना होगा कि उसे गिरफ्तार करें कि नहीं। क्या यह व्यवस्था किसी विशेष व्यक्ति को लाभ देने के लिए तो नहीं किया जा रही है।



### 25 हजार की कम संख्या पर भी अब बनेंगे जिला वार्ड : अनिरुद्ध सिंह

**हिमाचल** में अब 25 हजार की कम संख्या होने पर भी जिला परिषद वार्ड बनेंगे। इसके लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शीत सत्र में हिमाचल प्रदेश पंचायती राज संशोधन विधेयक पारित करने का प्रस्ताव रखा। इससे पहले विधेयक पर भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने चर्चा में भाग लिया और उन्होंने जिला परिषद बनाने के लिए न्यूनतम जनसंख्या जाहिर नहीं करने पर सवाल उठाए। भाजपा विधायक ने कहा कि जिला परिषद वार्ड बनाने के लिए संख्या 25 हजार से ऊपर ही होनी चाहिए, जिस विधेयक को सरकार लाई है, उसमें यह तय नहीं किया गया है कि प्रदेश में जिला परिषद वार्ड बनाने के लिए लोगों की न्यूनतम संख्या कितनी हो। अनिरुद्ध ने कहा कि सरकार विधेयक इसलिए ला रही है, ताकि जनजातीय क्षेत्रों में भी जिला परिषद के वार्डों का गठन किया जा सके। चर्चा के बाद विधेयक ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।



### राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के छात्र-छात्राएं




धर्मशाला, तपोवन विधानसभा में शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखने के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात करते राजकीय महाविद्यालय सिहुंता, जिला चंबा के छात्र-छात्राएं।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलभाष चौधरी ने किया हैंडपंप का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सहौड़ा गांव में शनिवार को जिला परिषद वार्ड खोली के सदस्य व कांगड़ा के वरिष्ठ नेता कुलभाष चौधरी ने विद्युत चलित हैंडपंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर पंचायत के लोगों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम पंचायत सहौड़ा की प्रधान किरण बल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने कहा कि पंचायत की लोगों की काफी समय से यह मांग थी कि यहां पर पीने के पानी के लिए हैंडपंप लगाया जाए। उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में यह समस्या लाई गई तो उन्होंने तुरंत इसका समाधान करते हुए पंचायत को विद्युत चलित हैंडपंप लगाकर दिया, जिसका आज विधिवत पूर्ण उद्घाटन किया गया। इस मौके पर प्रधान किरण बाला ने जिला परिषद सदस्य का इसके लिए अपनी पंचायत की ओर से धन्यवाद किया। इस अवसर पर पंचायत के उपप्रधान सुरजीत बंटी,वार्ड पंच, सुषमा देवी, वार्ड पंच पवन कुमार, परवीन शर्मा, जसबीर (जस्सू) सहित भारी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

### सैकड़ों शनि भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**अनंत ज्ञान, गगल।** शनि देव मंदिर सुधार कमेटी कुठमा द्वारा शनि देव मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित किया गया मंदिर कमेटी के महासचिव मेहर सिंह राणा के सौजन्य से भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे के शुभारंभ में विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा स्थानीय महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में शनि भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया धार्मिक समागम में ग्राम पंचायत कुठमा के प्रधान रवि चौधरी, वार्ड सदस्य सुभाष राणा, प्रधान नरोत्तम, पुष्पिंदर राणा, स्वरूप राणा, गजय, रिपन राणा, अभिषेक, अनमोल, पंकज, बोबी, सुमन पठानिया तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### हाड़ा में खुले में कूड़ा फेंका तो 500 रुपए जुर्माना



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड मुख्यालय फतेहपुर की नजदीकी पंचायत हाड़ा ने जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। इससे निजात पाने के लिए पंचायत द्वारा विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में कूड़ा-कचरा फैलाने वालों को 500 रुपए जुर्माना लगाने का प्रावधान रखा गया है। इस बारे शनिवार को जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान सुशील कालिया ने बताया पंचायत को संपूर्ण स्वच्छ बनाने का अभियान शुरू किया गया है। इसमें विकास खंड मुख्यालय फतेहपुर के नजदीकी बाजार हाड़ा में दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों को अपने आसपास के पूरे क्षेत्र को साफ सुथरा-स्वच्छ रखने के पंचायत द्वारा निर्देश दिए गए हैं। वहीं कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए हाड़ा बाजार में भिन्न-भिन्न स्थानों पर तीन डस्बें बनवाए गए हैं। उन्होंने हाड़ा के दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों सहित स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि हाड़ा को पूर्णतयः स्वच्छ बनाने के अभियान में योगदान दें, ताकि हाड़ा पंचायत पूरे ब्लॉक में स्वच्छता के मामले में पहले स्थान पर आ पाए।

# दो वर्ष में 546 पेयजल और 174 सिंचाई परियोजनाएं की मुकम्मल : उपमुख्यमंत्री

## जलशक्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए पानी का तर्कसंगत प्रबंधन करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रदेश में लंबे समय से उत्पन्न सूखे की स्थिति के कारण जलस्रोतों में कमी आ रही है। सूखे के कारण आने वाले समय में प्रदेश में जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए इसके लिए विभाग को पानी का तर्कसंगत प्रबंधन करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। धर्मशाला में शुक्रवार देर शाम जलशक्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभाग को जल प्रबंधन के लिए गंभीरता के कार्य करने की आवश्यकता है तथा इसके लिए समाज के विभिन्न घटकों को जागरूक कर जल प्रबंधन में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित करें। मुकेश अग्निहोत्री ने बैठक में जलशक्ति विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों से परियोजनाओं का पूर्ण ब्यौरा लिया। बैठक का संचालन करते हुए प्रमुख अभियंता अंजु शर्मा ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष विभाग से संबंधित जानकारियों को विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों में प्रदेश में विभाग द्वारा 546 जलापूर्ति व 174 सिंचाई की स्कीमें पूर्ण की गई हैं। इसके अलावा 5 सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और 10 बाढ़ सुरक्षा कार्य भी पूर्ण किए गए हैं।




### केंद्र के समक्ष मजबूती से रखेंगे अपना पक्ष

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश ने कहा कि जलशक्ति विभाग की परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार से लंबित स्कीमों को पूरा करने के मामले को उठाएंगे और प्रदेश का हिस्सा जारी करने के लिए आग्रह करेंगे। उन्होंने बताया कि वे इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री से मिलकर मामले को उठा चुके हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र में नहीं वसूली जाएगी पानी के बिल की बकाया राशि

**उपमुख्यमंत्री** ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी उपभोक्ता से पानी बिल की पिछली बकाया राशि को न वसूला जाए। उन्होंने कहा कि अगर गलती से किसी को बकाया राशि से साथ बिल भेजा गया है तो उसे तुरंत वापस लिया जाए। इसमें कोताही पर अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### चरणबद्ध तरीके से भरे जाएंगे खाली पद

**समीक्षा** बैठक में अधिकारियों ने विभाग में पदोन्नति सहित विभिन्न श्रेणियों में नियमितिकरण और खाली पड़े पदों को भरने का मुद्दा भी उठाया जिस पर उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि पदोन्नति समय पर ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों को भी चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा। कहा सरकार जल्द ही करुणामूलक भर्तियां भी करेगी।

## हैप्पी बर्थडे



धलू (नगरोटा बगवां) की ऋषिता चौधरी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सिद्ध पुनाणी के आरुष मनकोटिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सड़क हादसे रोकने को सख्त से सख्त कानून बनाए सरकार : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि भारत सरकार के सबसे सफल विभाग के सबसे सफल मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क हादसों में भारत इतना बदनाम है कि विश्व सम्मेलनों में उन्हें मुंह छुपाना पड़ता है। भारत में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सड़क हादसों में एक लाख पचास हजार मौतें हुई थीं, लेकिन इस साल बढ़कर एक लाख 75 हजार लोग दुर्घटनाओं में मरे हैं। 30 हजार मौतें तो केवल सिर पर हेलमेट न होने के कारण हुई है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत में न तो कानून का आदर है और न ही कानून का डर है। शांता कुमार ने कहा कई रिपोर्टों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार, खराब ड्राइविंग और हेलमेट न पहनना है। उन्होंने कहा कानून का पालन सख्त सजा के डर के बिना नहीं हो सकता।



विश्व के जिन देशों में सख्त सजा का डर है, वहां अपराध बहुत कम होते हैं। भारत में न कानून का आदर होता है और न ही कानून का डर है। इसलिए दुघटनाओं से होनी वाली इन मौतें की जिम्मेदारी उस सरकार पर है, जो सजा का डर पैदा कर सकती है।

**कहा, भारत में एक साल में सड़क हादसों में दो लाख के करीब मौतें होना चिंतनीय**

उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया है कि वे पूरे देश के लिए सख्त कानून बनाए तो उन्हें विश्व सम्मेलनों में शर्मिंदा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट इत्यादि अपराधों में 25 हजार से 50 हजार रुपए तक जुर्माना और 3से 6 मास तक लाइसेंस रद्द करने की सजा तय की जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल को 21071 आवास मंजूर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेसामनी ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पहली अप्रैल, 2016 से अब तक हिमाचल प्रदेश में 21071 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से कांगड़ा जिला में 3290 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत देश भर में मार्च 2024 तक 2. 95 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती हुई मांग को कवर करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 -25 से 2028 -29 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ अतिरिकत घरों का निर्माण करने की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया की योजना के अन्तर्गत 16 दिसम्बर 2024 तक राज्यों केंद्र शासित राज्यों में 3. 22 करोड़ ग्रामीण घरों के निर्माण के लक्ष्य के मुकाबले 2. 68 करोड़ घरों का निर्माण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पहली अप्रैल, 2016 से अब तक पंजाब में 38496, हरियाणा में 28776, उत्तराखंड में 67924, और जम्मू-कश्मीर में 284867 घर स्वीकृत किए गए हैं।



मंत्री ने गोस्वामी को बताया कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन भवन, वेटिंग हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, प्लेटफार्म शेल्टर, एंट्रेंस पोर्च, एंट्री एग्जिट गेट, सर्कुलटिंग एरिया और पार्किंग एरिया का कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू गया है। उन्होंने बताया की अमृत भारत योजना के अंतर्गत बैजनाथ पपरोला स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग की इम्प्रूवमेंट, वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म सरफेसिंग, एंट्रेंस पोर्च, सर्कुलटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, एंट्री /एग्जिट गेट का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तरी जोन को वर्ष 2024-25 के लिए 3448 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य पड़ता है।

## शुभम नांगला को चुना कांगड़ा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष

**डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र से शुभम नांगला को जिला कांगड़ा से युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेस युवाओं ने उन्हें प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से युवा वर्ग खुश है। वहीं, शुभम नांगला ने आला कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद किया है व कहा कि वह पार्टी हित में कार्य करेंगे।



# गेस्ट टीचर रखने का निर्णय वापस ले सरकार : एबीवीपी

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विधानसभा धर्मशाला में छात्र मांगों हेतु शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विद्यार्गी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो छात्र विरोधी निर्णय हाल ही में लिया गया है वह युवाओं के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। प्रति घंटा आधार पर अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति का निर्णय हजारों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, न केवल शिक्षाविरोधी है बल्कि रोजगार विरोधी भी है अत: अतिथि शिक्षकों की भर्ती का फैसला वापस लिया जाए। साथ ही पिछले कई लंबे समय से कुलपति न होने की वजह से प्रदेश प्रसाशनिक समस्याओं से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय व कृषि विश्वविद्यालय के स्थाई कुलपति की जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए एवं पिछले कई वर्ष से लंबित पड़े हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दिए जाने वाली धनराशि को तुरंत जमा करवाया जाए, ताकि जल्द से जल्द भवन निर्माण शुरू किया जाए। साथ ही साथ शिक्षण संस्थानों के साथ राजनीती न करते हुए सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाने की व स्थायी भवन विश्वविद्यालय को दिए जाने की मांग रखी गई। इसके साथ एक और अन्य मांग विद्यार्थी परिषद द्वारा रखी गई जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा निति विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर इस नीति के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा और ऑडिट के लिए विशेष समितियां गठित की जानी चाहिए साथ ही शिक्षा को समग्र और बहुविषयक बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को उन्नत करना अत्यंत आवश्यक है। सभी संस्थानों को भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित पाठ्यक्रम और शैक्षणिक केंद्रों को आरंभ करने की मांग रखी गई। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि यह सभी मांगे वर्तमान में प्रदेश की युवा शक्ति और छात्र शक्ति की मांग है। अगर जल्द से जल्द यह सभी मांगे पूरी नहीं की गई तो आने वाले समय में विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बड़ा एवं उग्र आंदोलन खड़ा करेगी जिसका खामियाजा सरकार को स्वयं भुगतना पड़ेगा।



## एक देश, एक चुनाव देश की तरक्की के लिए जरूरी: विजय

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** एक देश, एक चुनाव देश को तरक्की की नई राहों की ओर अग्रसर करेगा। युवा भाजपा नेता इंदौरा विजय बोकोलिया ने कहा कि एक देश, एक चुनाव लागू किया जनादेश के लिए अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने से देश को कई तरह की समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी और अमृतकाल में भारत के अगले 25 वर्षों की विकास यात्रा का प्रवाह बेहतर हो सकेगा। विजय बोकोलिया ने कहा कि एक साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होने से राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों पर भी जनता मत डालेगी। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन पर देश की सभी राजनीतिक पार्टियों को एक साथ आना चाहिए, क्योंकि यहां तक दुनिया के अन्य देशों का स्वाल है, एक चुनाव की व्यवस्था है। इस सूची में अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि शामिल है। इस व्यवस्था के लागू होने से न सिर्फ सरकारी नीतियों को तेजी से प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा, बल्कि व्यवस्था से जुड़े सुधारों को आगे बढ़ाने में भी सहूलियत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच हमेशा देश हित व देश सर्वोपरि रही है। उन्होंने कहा कि आज यदि भारत देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है तो उनकी देश और देशवासियों हित सर्वोपरि सोच के चलते। (अनंत ज्ञान)



# जीएवी स्कूल सल्याणा ने धूमधाम से मनाया 101वां वार्षिक समारोह





**अजय पाल, पंचरुखी**

जीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सल्याणा का 101वां वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया। इसमें पंचरुखी के प्रमुख व्यवसायी व स्कूल के पूर्व छात्र सुरेंद्र कुमार शर्मा बतौर मुख्यातिथि व सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरेक्टर हृदयपाल सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम द्वीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार ने मुख्यातिथि व उपस्थित गणमान्य महानुभावों का स्वागत किया और संस्था की 100 वर्ष की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सेवा विस्तार की अपील की। इस उपलक्ष्य पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दर्शाते हुए ऊर्जावान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इसमें स्कूल के लगभग सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

डॉ. हृदयपाल सिंह जो इस स्कूल के पुराने छात्र हैं, उन्होंने भी पुरानी यादों को तरोताजा करते हुए एक मेधावी छात्र को भविष्य में फीस और जब भी संस्था उन्हें जो जिम्मेदारी देगी उसको निभाने का भरोसा देते हुए उन्होंने इस संस्था के सभी पुराने छात्रों के सहयोग से पुराना गौरव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। सुरेंद्र शर्मा बतौर मुख्य अतिथि ने बच्चों को कड़ी मेहनत अनुशासन और पक्का इरादा अपनाने की सलाह दी। पूर्व छात्र होने के नाते उन्होंने भविष्य में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन बनाने का सुझाव दिया, ताकि स्कूल उनके अनुभव से दोबारा अपना पुराना गौरव प्राप्त कर सके। उन्होंने अपनी नेक कमाई से 50,000 रुपए नकद राशि भी दी और भविष्य में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य संतोष शर्मा ने आए हुए प्रबंधन कमेटी के सदस्य डॉक्टर अशोक, रमेश व्यास, सुरेंद्र बेदवा, प्रेम व्यास, रमेश सोनी व अभिभावकों, अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और स्कूल के लिए सहयोग की अपील की। अंत में जिला परिषद अध्यक्ष संतोष शर्मा ने 11000 रुपए देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

**पंचरुखी के व्यवसायी और स्कूल के पूर्व छात्र सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि नवाजे मेधावी**

# जिले के विभिन्न स्थानों पर हजारों लोगों ने किया ध्यान



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है। इस ऐतिहासिक दिन पर आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय संस्था के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के साथ विश्व के करोड़ों लोगों ने शाम आठ बजे ध्यान किया।

जिला कांगड़ा के लोग भी गुरुदेव के साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर ध्यान किया। जिला कांगड़ा के अलग-अलग शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षित शिक्षकों, युवाचार्यों व स्वयंसेवियों ने कांगड़ा, धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ, पपरोला, पंचरुखी, भवारना, गढ़ जमूला व डरोह में हजारों लोगों को ध्यान के महत्व, ध्यान करने की विधि का पूर्वाभ्यास करवाया गया तथा लोगों को शाम आठ बजे गुरुदेव के साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर ध्यान करने के लिए आमंत्रित किया। यह जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के जिला मिडिया समन्वयक देश राज चंबयाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसमें विश्व के करोड़ों लोग अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर ध्यान किया।

उन्होंने कहा कि ध्यान करने से न केवल लोगों को मानसिक और शारीरिक लाभ मिलता है , बल्कि विश्व में तनाव से मुक्ति, शांति, भाईचारे तथा एकता का संदेश भी जाता है।

# बैजनाथ कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के गणित विभाग ने राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित: नवाचार और प्रगति का सेतु' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें अंतरमहाविद्यालयीय रंगोली और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं तथा राज्य स्तरीय ऑनलाइन गणित क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया।

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने पहला, नैंसी ठाकुर ने दूसरा, और शिवांगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में स्ताक्षी और साक्षी पहले स्थान पर, राखी ठाकुर और सुमना देवी (राजकीय महाविद्यालय लढ़भड़ोल से) दूसरे स्थान पर, और अशुतोष और राजवंश तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना ठाकुर, प्रो. रेनू भाटिया, और डॉ. विशाल चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन गणित विभाग के डॉ. अमित कौड़ा और प्रो. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## घटता लिंग अनुपात चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आजकल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पंचायत स्तर पर जाकर लोगों को लिंग अनुपात बढ़ाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी फतेहपुर अरबिंद गुलेरिया ने बताया कि फतेहपुर की पंचायत बरुणा, चकबाड़ी व हाड़ा में लिंग अनुपात काफी चिंतनीय है। उन्होंने बताया कि बरुणा में 1000 लड़कों के पीछे 286 लड़कियां हैं, वहीं चकबाड़ी में 375 व हाड़ा में 444 लड़कियां हैं। उन्होंने बताया कि जिन पंचायतों में लिंग अनुपात कम है, वहां पर इसमें सुधार करने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**गणित दिवस** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस पर करवाईं प्रतियोगिताएं

# पाई प्रतियोगिता में विशाखा ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिवस का आयोजन महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में वैदिक गणित थीम के अंतर्गत किया गया।

इस अवसर पर मैथेमेटिकल रंगोली, वैदिक मैथमेटिकल पोस्टर मेकिंग, रिमेंबर एंड राइट पाई और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गणित विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इन गतिविधियों से छात्रों की रुचि को बढ़ावा मिलता है, उनकी तार्किक सोच विकसित होती है। मैथ्स रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय पुरस्कार क्रमशः बीए से शगुन, दीपाली, खुशबू बीबीए से शिवाली, पलक, रिया और बीएससी मेडिकल से कशिश शर्मा, मुस्कान, शिवांगी ने जीता। वैदिक मैथेमेटिकल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः बीबीए से पलक ,बीएससी से अंशिका और बीबीए से स्नेहा को मिला। रिमेंबर एंड राइट पाई प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः विशाखा, सुजल और अमीषा संदल को मिला।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीसीए विभाग के प्रिंस कपूर अभिनव और कृष की टीम प्रथम रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन गणित के सहायक प्राध्यापक सुकांत अवस्थी और मंजु कुमारी ने सहायक प्राध्यापक अनुराग शर्मा (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) और सहायक प्राध्यापक अनीश कुमार (विज्ञान संकाय) के अवलोकन में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।



## विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखी मांगें



धर्मशाला। राज्य बहुतकनीकी स्टाफ महासंघ की टीम ने धर्मशाला स्थित तपोवन में विधानसभा अध्यक्ष के साथ भेंट करते हुए महासंघ की मांगों को उनके समक्ष रखा। इस बारे जानकारी देते हुए महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रजिंदर जसरोटिया ने बताया विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए हल करबाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर महासंघ की टीम में प्रेस सचिव ओंकार सिंह, वित्त सचिव अनीश मल्होत्रा उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री से मिले पीडब्ल्यूडी-आईपीएच एंड कॉन्ट्रेक्चुअल वर्कर्स



धर्मशाला। ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी-आईपीएच एंड कॉन्ट्रेक्चुअल वर्कर्स यूनियन इंटक का प्रतिनिधिमंडल जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों की मांगों को लेकर तपोवन में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिला। इसमें मुख्य मांग ब्लॉक रिसॉरसिज को-ऑर्डिनेटर बीआरसी की रही। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को आवगत करवाया कि बीआरसी लगभग पिछले बारह वर्ष से जल शक्ति विभाग में व प्रदेश के भिन्न-भिन्न विकास खंडों में काम कर रहे हैं, परंतु प्रदेश सरकार ने इनके नियमितीकरण के लिए अभी तक कोई नीति नहीं बनाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बंद रहेगी चनौर-त्यामल शीतला सड़क

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** लोक निर्माण विभाग डाडासीबा के सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि चनौर से त्यामल शीतला सड़क नई तकनीक से बनने जा रही है। 22 दिसंबर को ट्रायल के लिए यह सड़क एक दिन वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी।

### डाडासीबा कॉलेज में कल लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा के कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया 23 दिसंबर को प्रथम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों की दिग्गज कंपनी युवाओं को करियर बनाने रोजगार प्रदान करने हेतु विशेष अवसर उपलब्ध करवाएंगी। रोजगार मेले में आने वाले युवा अपने साथ जरूरी दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आए।

### संजय चौहान ने नवाजे डरोह स्कूल के मेधावी




**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान शनिवार को राजकीय उत्कर्ष वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान वार्षिक रिपोर्ट पेश की तथा उन्होंने इस विद्यालय की अभी तक आए उतार चढ़ाव पर विस्तृत रिपोर्ट दी। साथ ही यहां से पढ़े हुए महान हस्तियों के बारे में भी बताया। संजय सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्रगतिशील व विशेष रूप से केंद्रित है। परिणामस्वरूप आज सरकारी स्कूलों से निकले बच्चे सुलह विधानसभा का नाम शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। संजय सिंह चौहान ने कहा कि स्कूल रिपोर्ट में जो विशेष रूप से दो मेधावी छात्रों और प्रदेश में स्कूल शिक्षा बोर्ड में 97 अंक प्राप्त किए हैं, सराहनीय बात है।खेलकूद क्षेत्र में भी यह पाठशाला उत्तम रही है।जिसे देखते हुए अध्यक्ष के प्रयासों से सिंथेटिक कोर्ट स्वीकृत करवाया गया है। संजय सिंह चौहान ने संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की और शिक्षकों को हिदायत भी दी कि सभी विद्यालयों से कोई न कोई हस्ती बनती है और अपने-अपने विद्यालय का नाम ऊंचा करती है, लेकिन शिक्षकों का मुख्य मकसद बच्चों को शिक्षा देना है और उन्हें राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहना चाहिए ताकि शिक्षक अपना पूरा ध्यान शिक्षा पर ही केंद्रित करें। सुक्खू सरकार ने ओ पी ऐस दी है और भी कई योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ साथ गण्यमान्य व्यक्ति व बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### जयसिंहपुर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में सत्र 2024-25 के लिए दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से आए हुए बीसीए प्रैक्टिकल कार्य के प्राध्यापक डॉ. नवीन व डॉ. अभिलाषा बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। यह महाविद्यालय के लिए बहुत ही सौभाग्य का विषय रहा।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो उपेन्द्र शर्मा के सम्बोधन पश्चात अन्य गतिविधियों के साथ की गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिले, वॉलीबॉल व महाविद्यालय के स्टॉफ द्वारा टेबल टेनिस व दौड़ प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के साथ संपन्न हुई । 100 मी. स्टॉफ दौड़ प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रो. विकास कलोत्रा, प्रो. रविन्द्र जग्गी व प्रो अरविंद कुमार ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक साथ ही महिला वर्ग में प्रो. ललिता शर्मा, प्रो रजनी देवी, डॉ आस्था गुप्ता ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक झटका। टेबल टैनिस स्टॉफ प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रो. रविंद्र जग्गी, डॉ इंदर कुमार व डॉ. सुमीकक्षल सूद ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक साथ ही महिला वर्ग में डॉ आस्था गुप्ता, प्रो ललिता शर्मा व प्रो किरण शर्मा ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीता।अंत में इस दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मेधावी छात्रों व महाविद्यालय के प्राध्यापकों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक के द्वारा नवाजा गया।

# कांगड़ा पुलिस ने कसा नशे के कारोबारियों पर शिकंजा

## पुलिस ने देर शाम तक किया कांगड़ा क्षेत्र का दौरा, 27 लोगों के काटे चालान






**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर थाना प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। शनिवार को कांगड़ा पुलिस ने कांगड़ा क्षेत्र का दौरा किया जहां उन्होंने ऐसे लगभग 27 लोगों के चालान काटे हैं, जो अपनी दुकानों की आड़ में लोगों को शराब पीने के लिए बैठा रहे थे। इसके साथ ही कांगड़ा पुलिस ने साथ लगते स्कूलों का दौरा भी किया, ताकि अगर इनके आस पास तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थ को तो नहीं बेच रहा।

पुलिस के इस अभियान में अलग अलग स्थलों का दौरा किया गया, जिसमें कांगड़ा शहर के साथ साथ मुख्य बस अड्डा, टांडा, मटौर, कच्छयारी व अन्य स्थलों के ढाबों रेस्टोरेंटों का भी दौरा किया, जो अपने व्यवसाय की आड़ में लोगों को वहां शराब पीने की अनुमति देते हैं। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने इन स्थलों से ऐसे कई लोगों को वार्निंग देकर खदेड़ा, जो कि नशे की हालत में थे।

उन्होंने बताया कि उन्होंने तमाम दुकानदारों को भी चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसी कोई भी शिकायक उनके समक्ष आती है तो वे किसी को भी नहीं बख्शेंगे।

उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि कांगड़ा व आसपास के क्षेत्र को नशे जैसी इस गंभीर बीमारी व उसे बढ़ावा देने वालों को जड़ से ही खत्म कर देना है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान को हल्के में न ले। (अनंत ज्ञान)

# निखिल गौतम ने जीता सुलह युवा कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव



**राकेश डोगरा, डरोह**

हाल ही में सम्पन्न हुए युवा कांग्रेस चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित हुआ, जिसमें सुलह युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव में निखिल गौतम ने बाजी मार ली है । सुलह युवा अध्यक्ष के लिए इस चुनाव में तीन उम्मीदवारों ने भाग लिया था, जिसमें एक एप के माध्यम से ऑनलाइन मतदान होना था, चुनाव में 18 से 35 वर्ष तक के युवक युवतियां ऑनलाइन मतदान करने के लिए पात्र थे।

युवा कांग्रेस के इस चुनाव में जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रदेश अध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होना था। करीब 15 दिन तक चली इस मतदान प्रक्रिया में विधानसभा सुलह के गांव मुंढी के युवा निखिल गौतम ने अपनी जीत दर्ज की है । सुलह युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गौतम का थुरल कालेज के पास जोरदार स्वागत किया और विजय रेली निकाली। 29 वर्षीय निखिल गौतम ने हिमाचल प्रदेश टेक्निकल विश्वविद्यालय से बीटेक सिविल व कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय से एम टेक की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह जेपी विश्वविद्यालय शिमला से पीएचडी कर रहे हैं। निखिल ने अपनी जीत का श्रेय पूर्व सीपीएस जगजीवन पाल के कार्यों को दिया उनका कहना है की पाल के कार्यों के आधार पर उन्होंने युवाओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की और जीत हासिल की है।

जगजीवन पाल ने निखिल गौतम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस के इस चुनाव में वह सभी युवाओं का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली है । उनके लिए सुलह के सभी युवा एक बराबर हैं और सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## 'विपाशा का गांव' उपन्यास का किया विमोचन



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल द्वारा हिंदी के जाने-माने साहित्यकार, साहित्य अकादमी दिल्ली के वर्ष 2007 के भाषा सम्मान से अलंकृत, हिमाचल सरकार द्वारा 2021 में हिमाचल गौरव से सम्मानित और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. गौतम शर्मा व्यथित के नए उपन्यास 'विपाशा का गांव' का विमोचन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर प्रो. बंसल कहा कि 'विपाशा का गांव' हिमाचल प्रदेश विशेषकर कुल्लू क्षेत्र की विशिष्ट संस्कृति, जीवन पद्धतियों, आचार-व्यवहार, वेशभूषा और क्षेत्र की विशेषताओं पर समर्पित नवीन दृष्टिकोण से सृजित एक महत्वपूर्ण उपन्यास है, जो नारी-विमर्श और नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से सभी के पढ़ने योग्य है। प्रो. बंसल ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाइयां दीं और भविष्य में भी ऐसी अमूल्य और जीवन से जुड़ी रचनाओं के लिए प्रेरित भी किया।

# भाषण प्रतियोगिता में समृद्धि ने झटका प्रथम स्थान

## डीएवी कॉलेज कांगड़ा में राष्ट्रीय गणित दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलजीत सिंह पटियाल के निर्देशन में गणित विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जमा दो की छात्रा समृद्धि ने प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र शिवांशु ने द्वितीय स्थान और बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन ने प्रथम स्थान, एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सतीश कुमार ने द्वितीय स्थान और बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सक्षम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कॉलेज में मनाया पहला विश्व ध्यान दिवस



**कांगड़ा।** डीएवी कॉलेज कांगड़ा में संस्कृत विभाग के सौजन्य से विश्व ध्यान दिवस पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अरुणदीप शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया भर में ध्यान या चिन्तन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है और वर्ष यह प्रथम दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष की विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव तय की गई है।

### उतराला फीडर के तहत कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** 33/11 केवी सब-स्टेशन बैजनाथ में 5 MVA T/F No.3 के मरम्मत कार्य हेतु 23 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके कारण विद्युत उपकेंद्र बैजनाथ के अंतर्गत आने वाले 11केवी उतराला फीडर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम अनुकूल न रहने पर उपरोक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग करने की अपी की है।

# बड़ोह कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**अनंत ज्ञान, बड़ोह**



राजकीय महाविद्यालय बड़ोह के गणित विभाग के प्रवक्ता प्रोफेसर अमित शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर लूहना सेना भर्ती अकादमी के समन्वयक पवन कुमार डोगरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रोफेसर अमित शर्मा प्रवक्ता गणित विभाग ने छात्र व छात्राओं को रामानुजन स्टंप व रामानुजन गणित पार्क के बारे में भी बताया। वहीं, मुख्यातिथि ने छात्रों को आर्मी भर्ती, वायु सेना भर्ती, नौ सेना भर्ती, हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती की आयु सीमा के नियमों, रिटन टेस्ट, ग्राउंड आदि के बारे में बताया। पवन कुमार डोगरा ने छात्र व छात्राओं को गणित के टिप्स को हम किस तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं, इस बारे जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक व गैर शिक्षकों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

# नलसुआ स्कूल के वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलसूआ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन कुमार शर्मा और एसएमसी प्रधान पूर्णिमा राणा मंच संचालक सतीश नरयाल सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले छात्रों ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया। इसमें छात्राओं ने बाबन गज का दामन, पाबी मुंडा केड़े पिंड दा, झांझर बना लै पैर दी और निक्की जिनी गुजरी आदि गानों पर छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाया।

### टांडा में मनाया विश्व ध्यान दिवस

**कांगड़ा।** डॉ. आरपीजीएमसी कांगड़ा टांडा के एनाटॉमी ब्लॉक में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग्य प्राचार्य (प्रो. मिलाप शर्मा) ने संस्थान के संकाय, छात्रों और अन्य कर्मचारियों को ध्यान की परिवर्तनकारी शक्ति के सार्वभौमिक उत्सव के बारे में अवगत कराया। वर्ष 2024 की थीम है 'आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव' मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में दर्शकों को बताया गया है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि सचेतन अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति बेहतर भावनात्मक लचीलापन, बेहतर स्वास्थ्य और अपने और अपने आसपास की दुनिया से जुड़ाव की बेहतर भावना विकसित कर सकते हैं।

# पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर मॉड्यूल के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता में, पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) पठानकोट ने एक गैंगस्टर मॉड्यूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीमों ने उनके पास से दो आधुनिक 9एमएम पिस्तौल बरामद कीं, चार मैगजीन समेत ग्लॉक पिस्तौल और 14 कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सुनील कुमार उर्फ आशु निवासी राऊवाल, बटाला और दिलप्रीत सिंह उर्फ दिल निवासी रायमल, बटाला के रूप में हुई है। आरोपी सुनील उर्फ आशू आपराधिक पृष्ठभूमि वाला आरोपी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। 27 फरवरी 2024 को उन्हें गुरदासपुर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया।



**चार मैगजीन समेत ग्लॉक पिस्तौल और 14 कारतूस किए बरामद**

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों को अपने आकाओं के निर्देश पर अमृतसर के अजनाला इलाके से हथियारों की खेप मिली थी और उन्हें किसी अज्ञात पार्टी को खेप सौंपने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि हथियारों के स्रोत का पता लगाने और नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ में धूमधाम से मनाया जूनियर वर्ग का वार्षिक समारोह

# नवनीत डोगरा ने मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में जूनियर वर्ग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने शिरकत की। मुख्यातिथि के स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

स्कूली छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड डांस, शिव तांडव, भांगड़ा, तथा हिमाचली नाटी जैसे कार्यक्रम पेश कर आए हुए लोगों का मनोरंजन किया। मुख्यातिथि नवनीत डोगरा ने कहा कि आज के समारोह में आए हुए सभी अभिभावक स्कूल के लिए मुख्य अतिथि है। उन्होंने कहा कि स्कूल का रिजल्ट सदा की तरह इस बार भी शत प्रतिशत रहा जमा दो की परीक्षा के परिणाम में प्रदेश भर में चार छात्राओं ने मेरिट लिए जिसमें पहली बार स्कूल के लिए कामाक्षी शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया, रिदम और कृतिका ने आठवां स्थान तथा ईशा शर्मा ने दसवां स्थान हासिल किया।



वहीं, दसवीं के परिणाम में रुशिल सूद ने प्रदेश भर में तीसरा, रिया कपूर ने पांचवां तथा शैशा सूद ने छठा स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा उनके पिता आर के डोगरा की स्मृति में बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में रहे बच्चों के लिए 25 हजार, 20 हजार तथा 10 हजार रुपए की राशि स्कॉलरशिप के रूप में दी जाती है तथा सीनियर वर्ग के समारोह में मेरिट में रहे छात्रों को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी।

मुख्यातिथि ने रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्य पर टिका रहना चाहिए तथा बार-बार प्रयास करने से ही छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नमिता शमा,प्रधानाचार्य संजय शर्मा, अमित सूद, सोनिका सूद तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को दीन हित प्रयास संस्था ने बांटे स्वेटर



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय उच्च पाठशाला व प्राथमिक स्कूल नगरोटा गाजियां के पात्र बच्चों को दीन हित प्रयास संस्था द्वारा स्वेटर बांटे गए। दीन हित संस्था भरेड़ी के प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि संस्था ने 7 बच्चों को स्वेटर बांटे। इस मौके पर उनके साथ सचिव अजीत शर्मा, कुलवंत राय, विद्या सागर शर्मा, इत्यादि मौजूद थे।

### साइबर बुलिंग से छात्रों का हो रहा मानसिक पतन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के 11 मॉड्यूल्स से बच्चों व अध्यापकों को जागरूक किया गया है। इसका समापन्न स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य बाल कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल में प्राइमरी के 43 व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के 74 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा। इस अवसर पर हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के समापन पर डॉ. कर्ण ने बच्चों को साइबर बुलिंग के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने हर वर्ग को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपने विचारों की अभिव्यक्ति में विशेष मदद की है। इससे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में यह एक बड़ा और खुला प्लेटफार्म बनकर उभरा है। साइबर बुलिंग असल में डिजिटल तकनीकों के उपयोग से डराने व धमकाने को संदर्भित करता है। साइबर बुलिंग की समस्या से बचने के लिए सभी छात्र मोबाइल का सदुपयोग करने तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। इस अवसर पर डॉ. नितिका चौधरी, नीतू वर्मा, अमरनाथ, मणी राम शर्मा, मनोज शर्मा, वीना वर्मा, पवन रांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं की रक्षा के लिए हैं कई कानून: कुलदीप



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) के सहयोग से शनिवार को सुजानपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने की। इस अवसर पर सुजानपुर खंड के प्रोटेक्शन ऑफिसरों, सुपरवाइजरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य महिलाओं को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण अधिनियम बनाए गए हैं और इनमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं। इनमें 'घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005' सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह की अत्याचार की शिकार महिला की शिकायत दर्ज करने, उसे त्वरित राहत और आश्रय प्रदान करने जैसे सभी प्रावधान इसमें किए गए हैं। उन्होंने नालसा की मुफ्त कानूनी सहायता योजना, दहेज निषेध अधिनियम आदि से संबंधित अधिनियमों-नियमों से भी अवगत करवाया। जाने-माने मनोविज्ञानी डॉ. अनुपम शर्मा और बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने भी महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अधिवक्ता अमित शर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### खरवाड़ में किया जनसमस्याओं का निवारण



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** इस वर्ष भी 19 से 24 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत खरवाड़ में एसडीएम शशिपाल शर्मा और उपमंडल स्तर के अन्य अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एसडीएम शशि पाल शर्मा ने कहा कि इसका मकसद ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई उनके गांव में ही जाकर करना तथा इन जन समस्याओं का मौके पर ही निवारण करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन कार्यक्रमों के दौरान आम लोगों और पंचायत जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाए गए मामलों पर निश्चित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार को अपनाने तथा स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, नायब तहसीलदार पृथी चंद, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### बकारटी में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत शनिवार को हमीरपुर उपमंडल के गांव बकारटी में भी जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम संजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी हिमांशी शर्मा, नायब तहसीलदार जगदीश ठाकुर, विभिन्न विभागों और एचपी शिवा परियोजना के अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों की ओर से उठाई गई विभिन्न समस्याओं का समाधान निर्धारित समय अवधि के भीतर करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने कई इंतकाल के मामलों को भी मौके पर ही दर्ज कर दिया गया।

### कलूर में एसडीएम ने लोगों की समस्याओं का किया निपटारा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत नादौन के गांव कलूर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राकेश शर्मा, बीडीओ निशांत शर्मा, नायब तहसीलदार वेद प्रकाश, बीएमओ केके कौशल के अलावा विभिन्न विभागों और एचपी शिवा परियोजना के अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों की ओर से उठाई गई विभिन्न समस्याओं का समाधान निर्धारित समय अवधि के भीतर करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिए बनी नालियों पर लोहे का जाला लगाने की मांग की। एसडीएम ने एसडीओ धनेटा व नादौन को इस संदर्भ में उचित निर्देश जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधान राजेंद्र कुमार, लक्की, शाहिद व अन्य उपस्थित रहे।

### बनाल पंचायत में भी प्रशासन चला गांव की ओर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत शनिवार को सुजानपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बनाल में भी जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि इसके माध्यम से प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं तथा इनके निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश्वर भाटिया और अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं तथा अपने-अपने विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।

# एचआरटीसी हमीरपुर डिपो की बस वर्कशॉप में हादसे का शिकार

## अचानक प्रेशर बनने से बस नियंत्रण से बाहर, बाल-बाल बचा ड्राइवर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



शनिवार सुबह एचआरटीसी हमीरपुर डिपो की एक बस वर्कशॉप में एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। यह घटना उस समय हुई जब बस को रूट पर जाने के लिए तैयार किया जा रहा था। ड्राइवर ने जैसे ही सुबह 8 बजे बस को स्टार्ट किया, अचानक प्रेशर बनने से बस नियंत्रण से बाहर हो गई और वर्कशॉप के डंगे से नीचे लुढ़क गई।

हालांकि बस पलटने से बच गई, लेकिन इससे वाहन को गंभीर नुकसान हुआ है। घटना के तुरंत बाद वर्कशॉप के कर्मचारियों और स्थानीय अधिकारियों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। बस को वापस सड़क पर लाने के लिए हाइड्रा मशीन का सहारा लिया गया। काफी मशक्कत के बाद बस को बाहर निकालने का काम पूरा किया गया। प्रशासन और कर्मचारियों की तत्परता से बड़ा हादसा टला। गनीमत रही कि इस हादसे के दौरान बस में कोई सवारी नहीं थी और ड्राइवर को भी कोई चोट नहीं आई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी को हादसे का कारण बताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि वर्कशॉप की संरचना और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

### एचआरटीसी प्रशासन की प्रतिक्रिया

**एचआरटीसी** अधिकारियों ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाएगा, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। वर्कशॉप में बसों की तकनीकी जांच के लिए नई प्रक्रियाओं को लागू करने की योजना भी बनाई जा रही है। यह हादसा एक गंभीर चेतावनी है कि सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा के लिए तकनीकी और संरचनात्मक सुधार कितने आवश्यक हैं।

### अजय अत्री बने नादौन ब्लॉक युकां अध्यक्ष

**नादौन।** युवा कांग्रेस के चुनावों में अजय अत्री को नादौन ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया है, जिससे युवाओं में काफी उत्साह है।



अत्री इस समय मौजूदा बेला पंचायत के उपप्रधान भी हैं और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी हैं। उन्हें नादौन विधानसभा से एकमात्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरा था। परिणाम आने के बाद अत्री ने मुख्यमंत्री सुक्खू, कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ साथ देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री व पार्टी की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नादौन युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से जल्दी ही गठित कर दी जाएगी। अध्यक्ष बनने पर अंकुश, अमित,राजीव, तिलक, संजय आदि ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर खनन माफिया सरगना के साथ रिश्ते छिपाने का लगाया आरोप



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री का खनन माफिया सरगना ज्ञानचंद ज्ञानू के साथ गहरा रिश्ता है। राणा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि इस रिश्ते का खुलासा एक वीडियो से होता है, जिसमें मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञानचंद को अपनी कार में सम्मान के साथ लेकर आते हुए दिखाया गया है।

इस वीडियो में मुख्यमंत्री अपनी कार का दरवाजा खोलकर ज्ञानचंद को सम्मान के साथ कैबिनेट में लेकर जाते हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उनके बीच गहरे संबंध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब यह माफिया सरगना जेल में है, मुख्यमंत्री अपने रिश्तों को छिपाने के लिए भाजपा नेताओं के नाम उछाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कभी भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और कभी पूर्व मंत्री रमेश धवाला के साथ इस माफिया सरगना के रिश्ते जोड़ रहे हैं। राणा ने कहा कि यह पूरी तरह से झूठ और भ्रम फैलाने की साजिश है, क्योंकि मुख्यमंत्री यह दावा कर रहे हैं कि भाजपा सरकार के दौरान ज्ञानचंद को खनन की अनुमति दी गई थी।

हालांकि, राणा ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और उद्योग मंत्री विक्रम ठाकुर ने किसी भी माफिया को अवैध खनन की अनुमति नहीं दी थी, न ही उनकी सरकार ने अवैध खनन को प्रोत्साहित किया था। यह आरोप पूरी तरह से निराधार है।

## हिमाचल को सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे सीएम : सुनील शर्मा

**शशि सोनल, नादौन**



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम में उपनिदेशक अनिल कौशल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद, नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी,कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी आदि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए बिट्टू ने कहा कि नादौन का बहुत ही गौरवमयी इतिहास रहा है। गुरु गोविंद सिंह, ध्यानू भक्त और महान क्रांतिकारियों इंद्रपाल एवं यशपाल की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए आज यहीं से मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल प्रदेश को एक सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यहां की छात्राओं को सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारी-भरकम बजट का प्रावधान किया है। इससे पहले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद और शम्मी सोनी ने भी छात्राओं को संबोधित किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। (अनंत ज्ञान)

### जवाहर नवोदय के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया गो ग्रीन का संदेश

**भोरंज।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी हमीरपुर के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में बैग फ्री दिवस पर गो ग्रीन रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली विद्यालय से आरंभ होकर भोरंज, बस्सी एवं तरक्वाड़ी होते हुए विद्यालय वापस पहुंची। विद्यार्थियों द्वारा भोरंज उपमंडल के एसडीएम शशिपाल शर्मा के समक्ष सुंदर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वरिंद्र सिंह सैनी ने विस्तार से पर्यावरण के वर्तमान एवं संभावित खतरों पर गहनता से प्रकाश डालते हुए इस रैली के उद्देश्य से सभी को परिचित कराया। एसडीएम ने बहुमूल्य समय निकालकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए उपप्राचार्य समरजीत भाटिया एवं वरिंदर सिंह सैनी ने उनका आभार व्यक्त किया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने सिविल अस्पताल भोरंज का भ्रमण किया। उन्होंने रिसेप्शन, लैब, ओपीडी के साथ अस्पताल के विभिन्न विभागों को बारीकी से देखा एवं समझा। भ्रमण के पश्चात कुछ छात्रों ने डॉक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की। कक्षा नौवीं के विद्यार्थी एसबीआई तरक्वाड़ी की कार्यप्रणाली से रू-ब-रू हुए।




## चार साल बाद बंगाणा की बल्ह खालसा पंचायत का चुनाव रद्द

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा की बल्ह खालसा पंचायत के प्रधान पद के चुनाव को रद्द कर दिया गया है। एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने इस संबंध में निर्णय सुनाया। चार वर्ष पहले, 2020 में हुए पंचायत चुनावों में बल्ह खालसा पंचायत में दो महिला प्रत्याशी थीं। एक महिला प्रत्याशी के नामांकन में अनियमितताएं पाई गई थीं। चुनाव अधिकारी ने उन्हें चुनाव में आयोजित कर दिया था और दूसरी महिला प्रत्याशी, लीला देवी, निर्विरोध प्रधान चुनी गईं।

इसके बाद, चुनाव में बाहर की गई प्रत्याशी हरमिंद्र कौर ने उपमंडल अधिकारी और चुनाव आयोग के अधिकारियों के पास अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के बारे में निष्पक्ष जांच की मांग की थी। लंबे अंतराल के बाद एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने मामले की जांच के बाद लीला देवी के चुनाव को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया। साथ ही, हरमिंद्र कौर की मांग को जायज और सही ठहराया गया और उनके पक्ष में फैसला सुनाया गया, लेकिन आम जनता में सवाल यह उठ रहा है कि क्या बल्ह खालसा पंचायत के प्रधान पद का चुनाव दोबारा होगा या फिर यह अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनावों के साथ ही होगा।

जब बल्ह खालसा पंचायत की प्रधान लीला देवी से इस फैसले पर बात की गई, तो उन्होंने कहा कि चुनाव के समय यदि कागजात में कोई गलती होती तो चुनाव अधिकारी ने उन्हें बाहर कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि उनके कागजात बिलकुल सही थे और कोई अनियमितताएं नहीं थीं। लीला देवी ने यह भी कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ अदालत में अपील करेंगी और अभी उनके पास एक साल का कार्यकाल बाकी है। उन्होंने कहा कि जब हमने कोई गलती नहीं की है, तो डरने की कोई बात नहीं है। हम सही तरीके से काम कर रहे हैं।

### पंजोत, सराहकड़ व धलोट में भी होगा जनसमस्याओं का निवारण

**हमीरपुर।** एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत रविवार 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत पंजोत, 23 को ग्राम पंचायत सराहकड़ और 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत धलोट में जनसमस्याओं का निवारण किया जाएगा। एसडीएम ने इन पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लोगों से 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने उपमंडल स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहने तथा जन समस्याओं के निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि शनिवार को ग्राम पंचायत जंगल रोपा के गांव बकारटी में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम में जमीन के 20 इंतकाल किए गए।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने शास्त्री को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की बैठक शनिवार को अध्यक्ष विजय कुमार पुरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान के सलाहकार मंडल के मुखिया भगवान दास शास्त्री को सीनियर सिटीजन काउंसिल ने उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। प्रधान विजय कुमार पुरी व अन्य सदस्यों ने टोपी, जैकेट व मां दुर्गा भगवती का चित्र देकर सम्मानित किया।

गौर रहे कि भगवान दास शास्त्री लगभग 30 वर्षों से इस धर्मार्थ से जुड़े हैं और संस्थापक सदस्य भी हैं। कई वर्षों तक पूर्व अध्यक्ष जीसी शर्मा के साथ उन्होंने महासचिव का उत्तरदायित्व निभाया। पुरी ने बताया कि सीनियर सिटीजन काउंसिल हर वर्ष बाल भवन में श्री गीता जयंती महोत्सव, बसंत पंचमी, शिवरात्रि का पर्व तथा अन्य धार्मिक कार्य करती आ रही है। उन्होंने बताया कि इन सभी पर्वों और धार्मिक कार्यों को भगवान दास शास्त्री पूरे विधि-विधान से करवाते आ रहे हैं, इसलिए उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान ओपी शर्मा, महासचिव कुलदीप कमल, उपप्रधान हेम राज शर्मा, दीनानाथ भारद्वाज, श्रीधर गुलजार, ओपी टेकड़ा, दीप चंद शर्मा, शंकर दास भारद्वाज, केएल धीमान, कैप्टन रमेश चौहान, पीसी वर्मा, सुरेश कुमार कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।



### डीएवी भड़ोली में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। इस अवसर पर गणित से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। बच्चों विभिन्न प्रस्तुतियां देकर श्रोतागण को आनंद विभोर कर दिया। प्रिंसिपल ने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

## अधिकारियों को समझाई लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



न्यायालयों में चल रहे विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों एवं निगमों से संबंधित केसों के शीघ्र निपटारे और इनके ताजा स्टेट्स की ऑनलाइन निगरानी के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग द्वारा तैयार किए गए लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली के बारे में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए यहां डीआरडीए के हॉल में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई।

कार्यशाला के अंतिम दिन ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अजय दतयाल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए), कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी), अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों एवं निगमों के अधिकारियों को एलएमएस सॉफ्टवेयर की विस्तृत जानकारी दी तथा इसका प्रेक्टिकल अभ्यास करवाया। संबंधित अधिकारी इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से न्यायालय में विचाराधीन मामलों की ताजा स्थिति से अपडेट रहेंगे। वे समय-समय पर इन मामलों को वेबसाइट पर देख सकेंगे और आवश्यकतानुसार कदम उठा सकेंगे।

### राहुल गांधी की छवि खराब करने को भाजपा ने रचा षड्यंत्र: कौशल

**हमीरपुर।** राहुल गांधी की छवि को खराब करने के भाजपाई षड्यंत्रों ने संसद को भी इस्तेमाल करने से नहीं छोड़ा, बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर का अपमान करने वाले गृह मंत्री अमित शाह को वेल आउट करने और इस मुद्दे को पलटने के लिए ही भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य सांसदों को लोकसभा में जाने से रोकते हुए धक्का-मुक्की का खेल किया। प्रदेश कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस बयान में कहा कि भाजपा के मूल में ही हिंसा, नफरत और फूट डालने की मानसिकता है, जबकि राहुल देश में भाईचारे, प्रेम और सद्भावना का वातावरण स्थापित करने में लगे हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोकसभा चुनावों में देश की जनता ने उनके इस मिशन को ताकत भी दी तथा चार सौ पार का दावा करने वालों को बगलें झांकने पर विवश किया। कौशल ने कहा कि राहुल गांधी के इसी मिशन से घबराई भाजपा एक साजिश के तहत उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर दुष्प्रचार कर रही है।

## एनआईटी हमीरपुर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम कल से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार 23 से 27 दिसंबर तक 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत युवा संगम पांचवें चरण का आयोजित करने जा रहा है।

बहुप्रतीक्षित युवासंगम चरण पांच कार्यक्रम में हैदराबाद, तेलंगाना के युवाओं को देश की समृद्ध विविधता के लिए गहरे संबंध और प्रशंसा को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाएगा। 5 पी-पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क पर केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकता, नवाचार और साझा प्रगति की भावना को प्रेरित करना है। इस दौरान प्रतिभागी भारत की विरासत, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बारे में अपनी समझ को बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और औद्योगिक केंद्रों की क्यूरेटेड यात्राओं पर जाएंगे। इंटरएक्टिव कार्यशालाओं में पारंपरिक कला, संगीत और पाक कला का जश्न मनाया जाएगा।

## विधानसभा के दौरान टीजीटी कला संघ ने सीएम के समक्ष उठाया लंबित प्रमोशन मामला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय टीजीटी कला संघ का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विधानसभा सत्र उपरांत मिला। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, महासचिव विजय हीर और जिला हमीरपुर के अध्यक्ष संजय वर्मा शामिल थे। संघ ने मुख्यमंत्री से मिलकर टीजीटी वर्ग की समस्याओं पर चर्चा की और लंबित प्रमोशन का मामला उठाया।

संघ ने मुख्यमंत्री को बताया कि डेढ़ साल से पदोन्नति रुकी है जिस कारण अनेक टीजीटी 2020 से हेडमास्टर नहीं बन सके और रिटायर हो गए। उधर, टीजीटी के प्रवक्ता पदोन्नति के 1000 पदों पर भी कोई प्रमोशन नहीं की जा रही। ऐसे में इस प्रक्रिया को पूरा किया जाना चाहिए। जून 2023 में जो पदोन्नति सूची निकाली जानी थी, वह आज तक नहीं निकली है। लंबे समय तक प्रमोशन लिस्ट होल्ड करने से पात्र शिक्षकों को मायूसी हाथ लग रही है। नियमितीकरण और प्रमोशन रूटीन में किए जाने वाले कार्य हैं। इसके अलावा टीजीटी कन्फर्मेशन सूची में कुछ शिक्षक छूट गए हैं, जिन्होंने दो बार मामला भेजा है। संघ ने सरकार से महंगाई भत्ता और वेतन आयोग का एरियर देने हेतु भी अपील की है, जिसके लिए बजट में प्रावधान होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा परिषद द्वारा किए गए संशोधनों को टीजीटी और प्रवक्ता भर्ती पदोन्नति नियमों में शामिल करते हुए नए नियम अप्रूव करने में हो रहे विलंब पर भी संघ ने रोष जताया। संघ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें लंबित प्रमोशन सूचियां जल्दी निकालने का आश्वासन दिया है।

**गुस्सा** संसद में भाजपा सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार करना निंदनीय

# गांधी चौक पर भाजपाइयों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा तथा भाजपा ने शनिवार को गांधी चौक पर संसद में हुए सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस कृत्य के लिए राहुल गांधी से इस्तीफे की मांग की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि संसद के बाहर जब भाजपा के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे, इस दौरान कांग्रेस सांसदों ने आकर अभद्र व्यवहार किया है। हाथापाई में भाजपा सांसदों को चोटें भी आई हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसदों द्वारा किया गया यह व्यवहार निंदनीय है। कांग्रेस हमेशा से ही बाबा भीमराव अंबेडकर का भी अपमान करती आ रही है, ऐसा कर यह संविधान का अपमान कर रही है। इस दौरान कहा गया कि राहुल गांधी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए तथा इस कार्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। धरना-प्रदर्शन में काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर अजय रिंटू सहित एससी मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने कहा कि संसद में भाजपा के सांसदों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार की वह निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसदों द्वारा किए गए इस अभद्र व्यवहार के विरोध में यह धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करती आ रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

देशराज शर्मा ने कहा कि जब संसद के बाहर भाजपा सांसद शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे तो इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने आकर अभद्र व्यवहार किया है। हाथापाई के दौरान भाजपा सांसदों को चोटें भी आई हैं। कांग्रेस की तरफ से किया गया यह व्यवहार असहनीय है। उन्होंने कहा कि संसद में माहौल खराब करने के लिए राहुल गांधी को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए तथा माफी मांगनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### विधेयक पर विचार करे सरकार : नेगी

**दक्षमी रावत, रोहडू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन जिला शिमला इकाई के जिला अध्यक्ष अजय नेगी व महासचिव आकाशदीप शर्मा, मुख्य सलाहकार प्रेमपाल दुल्टा, कानूनी सलाहकार विकेश जनार्था, दुर्गा मेहता ,वेद प्रकाश शर्मा, मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा,मुख्य कार्यालय सचिव सुरेंद्र रौगटा, नरेश लाल आदि ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के लोक सेवा आयोग एवं हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग हमीरपुर के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा स्वयं भर्ती किए गए अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को अर्थहीन करना है। हाल ही के दिनों में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में कई निर्णय पारित किए गए हैं। अजय नेगी ने कहा कि यदि सरकार कर्मचारी हितैषी है तो सरकार अनुबंध कर्मचारियों के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संबंधी विधेयक 2024 पर पुनर्विचार करें।

### कलाकारों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**चंबा।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध कलाकारों द्वारा आज जिला चंबा के गांव रिंडा और उदयपुर में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ कार्यान्वित की जा रही योजनाओं व नशे के दुष्प्रभावों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बंदना कला मंच के कलाकारों द्वारा में गीत-संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया।



### शिकायतों का निपटारा करें अधिकारी : ओमकांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सुशासन सप्ताह के अवसर पर 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत शनिवार को सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत शिवा, सयोग, पंडोह, जागर, घ्राण, नागधार, मझवाड़, भरौण तथा नसलोह के लोगों की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक लाभ समय पर लोगों को प्राप्त हो, उन्हें मूलभूत सुविधाएं घर-द्वार पर मिले, यही सुशासन की परिकल्पना है। प्रदेश सरकार के दिशानिर्देशों स्थानीय प्रशासन का प्रयास रहता है कि जिन समस्याओं का अविलम्ब समाधान किया जाए, इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह उनके विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध व त्वरित निपटान सुनिश्चित करें।

### शिमला के कृष्णा नगर में मकान को लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के कृष्णा नगर में लवकुश चौक में एक मकान में आग भड़क गई। जिसके चलते मकान पूरी तरह जल गया है। यह मकान मॉल रोड के एक कारोबारी का था। हालांकि इसमें कोई नहीं रहता था। आग लगते ही लोगों के बीच हड़कंप मच गया। इस दौरान मालरोड से दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाकर अन्य मकानों को भी जलने से बचाया। यह मामला शनिवार देर शाम को सामने आया है। मकान खंडर बताया जा रहा है। जैसे ही मकान जलता गया तो साथ में ढह गया।



### कर्मचारियों पर विधेयक 2008 की भर्तियों पर लागू नहीं : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ मान सिंह चंदेल गुट के प्रबंधन सदस्य प्रवीण शर्मा, संघ सदस्य एसी केमटा, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष छामछु सुव्वा, बाबू राम, धर्मेंद्र, रतन चंद, कमल कौंडल, रीता शर्मा, कल्पना धीमान, इंदिरा डोरिस, प्रवीण पॉल, तिलक राज, वंदना, अंजु व्यास, पूनम, अजय शर्मा, संजीव मगोत्रा, सुरजीत सिंह, निशि वालिया व अन्य ने कहा कि तपोवन में अनुबंध कर्मचारियों पर विधेयक लाया जा रहा है वह नवंबर 2008 की बैच वाइज भर्तियों पर लागू नहीं होता क्योंकि 2008 में जिन शिक्षकों की नियुक्तियां हुई थीं वे उस समय के ओल्ड आर एंड पी रूल्ज के दायरे में हुईं थीं और साथ ही इन्हें एलिमेंट्री शिक्षा निदेशालय द्वारा भर्ती किया गया था। अनुबंध से नियमित एक ऐसा संघ है जिसके मुखिया 2010-11 में अनुबंध पर भर्ती हुए पहले तो वरिष्ठता लाभों की बात करते रहे और अब यह मुखिया नियुक्ति तिथि से लगभग चालीस हजार लोगों को नियमित करने की बात कर रहे हैं जो कि गलत मांग है क्योंकि अक्तूबर 2009 के बाद अनुबंध के नए आर एंड पी रूल्ज लागू हो चुके थे, परंतु 2008 व अक्तूबर 2009 से पहले पुराने ही आर एंड पी रूल्ज थे हाईकोर्ट के साथ-साथ सरकार व विभाग ने भी माना है। सरकार इन तथ्यों पर गौर करे ताकि किसी के साथ अन्याय न हो।

### नॉर्थ जोन पुरुष वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज में खेली जा रही नॉर्थ जोन पुरुष वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैच आरएमपीएसयू अलीगढ़ वर्सेज दिल्ली के बीच में खेला गया। जिसमें दिल्ली ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय को 28 के मुकाबले 9 अंकों से हराया प्रतियोगिता का दूसरा मैच यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू वर्सेज एचएनबीयू गढ़वाल के बीच खेला गया जिसमें यूनिवर्सिटी आफ जम्मू ने गढ़वाल यूनिवर्सिटी को 22 के मुकाबले 18 अंकों से हराया प्रतियोगिता का तीसरा मैच आरएमएलयू अवध वर्सेज पीएयू लुधियाना के बीच खेला गया। जिसमें लुधियाना ने अवध को 21 के मुकाबले 11 अंकों से हराया। इसके साथ ही आगे के मुकाबले भी करवाए गए। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्य डॉक्टर कामेश्वर ने शिरकत की।



## उपमंडल मुख्यालय तीसा में विभिन्न विभागों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

# योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं अधिकारी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपमंडल मुख्यालय तीसा में विभिन्न विभागों से संबंधित एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं के अलावा प्रदेश सरकार की जनहित से जुड़ी लोकप्रिय योजनाओं की कार्य प्रगति बारे विशेष रूप से चर्चा व समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं बारे उपमंडल के ग्रामीण व दूर-दराज क्षेत्रों में विशेष जागरूकता शिवरों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बेहतरीन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा कर क्षेत्र वासियों को यथाशीघ्र लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर विकास कार्यों के करते समय अधिकारियों को आ रही कठिनाइयों व रूकावटों बारे भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अनुभव सांझा किये जिसके बारे में उपायुक्त ने उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया। बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, अपना विद्यालय योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अपना विद्यालय योजना के तहत सभी विभागीय अधिकारी उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों का साल में कम से कम दो बार निरीक्षण अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की समस्याओं, बुनियादी ढांचे, पानी, बिजली, शौचालय, स्वच्छता, इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति और अन्य सुविधाओं का आकलन भी किया जाए।

इस अवसर पर एसडीएम तीसा अंकुर ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जोगेंद्र कुमार, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता केवल शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी चमन सिंह, खाद्य एवं पूर्ति विभाग के निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त व अन्य।

## कार्यशाला में पीएम श्री स्कूल प्रमुखों को दिया प्रशिक्षण

**शिमला।** देश भर में स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने पीएम श्री स्कूल योजना लांच की गई है। हिमाचल में इस योजना के तहत 180 स्कूलों का चयन किया गया है। इस योजना के सफल कार्यान्वयन करने के लिए पीएम श्री स्कूल के प्रमुखों की भी अहम जिम्मेवारी रहेगी। इसको देखते हुए इसके लिए चयनित स्कूल के प्रमुखों के लिए हिपा, शिमला में एक तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। शनिवार को इसका समापन हो गया है। इस तीन दिवसीय इस कार्यशाला का समापन समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा वर्चुअल माध्यम से किया।

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने सबसे पहले पीएम श्री स्कूल योजना के लिए चार्ट जिले के चुने गए स्कूल के प्रमुखों को बधाई दी और कहा कि आप सरकार के उन मानदण्डों पर खरा उतरे है तभी आप सरकार के इस प्रोग्राम से जुड़े है। राजेश शर्मा ने कहा कि पीएम श्री स्कूल योजना से नई शिक्षा नीति से जुड़ा हुआ प्रोग्राम है। इस दौरान डीपीओ डॉ. अनीता शर्मा, डॉ सुरेश ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

# सरकारी कर्मचारियों को आयकर के नियमों से किया जागरूक

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

**आयकर विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन**

आयकर विभाग ने प्रधान आयकर आयुक्त, चंडीगढ़, शालिनी बी. कौशल के निर्देशन और अतिरिक्त आयकर आयुक्त, शिमला रेंज, शिमला, राजा घोष के मार्गदर्शन में एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में विभिन्न सरकारी संगठनों के आहरण और संवितरण अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ एक आयकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम आयकर अधिकारी, डलहौजी, विनीत कुमार और उनके दल द्वारा संचालित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के बीच आयकर नियमों की समझ और अनुपालन को बढ़ाना था।

इस दौरान कर्मचारियों के वेतन पर सही तरीके से स्रोत पर कर कटौती के महत्व को उजागर किया गया। सही कटौती से कर कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित होता है और भविष्य में किसी भी प्रकार की विसंगतियों से बचा जा सकता है।

वहीं कर्मचारियों द्वारा किए गए कटौती के दावों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने की सलाह दी गई। इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि सभी दावे उचित दस्तावेजी प्रमाण के साथ समर्थित हों। कर्मचारियों को समय पर ईमानदारी से अपने आयकर रिटर्न दाखिल करने और उसके अनुसार रिफंड का दावा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयकर अधिकारी विनीत कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिनके साथ अधिकारी अतुल मान, निरीक्षक, राजेश कुमार, कर सहायक और शोभित चावला, कर सहायक भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब दिए और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

विभाग सभी पात्र करदाताओं को विवाद से विश्वास योजना का लाभ उठाने और अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करता है। आयकर अधिकारी बनीखेत (डलहौजी) विनीत कुमार ने इस आयोजन में आए हुए सभी लोगों अपील की कि अगर उन्हें किसी तरह की भी जानकारी चाहिए हो तो वह कार्यालय बनीखेत पर जाकर विस्तृत जानकारी भी ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



जानकारी देते हुए।

## लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर से संबंधित जानकारी को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर (ईडीएम) मनजीत पटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के प्रयोग को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि विभिन्न न्यायालयों में दर्ज होने वाले विभागीय मामलों की लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के जानकारी हासिल करने और कार्यालय स्तर पर किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के संदर्भ में जानकारी को विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ छह दिवसीय कार्यशाला के दौरान साझा किया गया।

## सुंदरनगर के निखिल ठाकुर बने जिला मंडी युकां के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के चुनाव में सुंदरनगर के निखिल ठाकुर ने 11 हजार से ज्यादा वोट से जीत हासिल की। इससे निखिल ठाकुर को पहले प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस और युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मंडी और विभिन्न पदों पर कार्य किया। निखिल ठाकुर की जीत पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस के लिए एक मिसाल बन गई है।



निखिल के पिता सोहन लाल ठाकुर जो कि सक्रिय राजनीति में अपना योगदान दे रहे है। वहीं निखिल को युवा कांग्रेस में बढ़ती सक्रियता से उन्हें एक अलग युवा नेता की पहचान मिली है।

निखिल ने अपनी जीत का श्रेय आम युवा कार्यकर्ता को दिया है। जबकि मार्गदर्शन के लिए अपने बड़ों का आशीर्वाद पाया है। सुंदरनगर और मंडी के ब्लॉक और जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें जिला मंडी का युकां अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।

## प्रदेश देश का दूसरा बेरोजगार राज्य बना : एसएफआई

**अनंत ज्ञान, शिमला**

एसएफआई शिमला जिला इकाई का 37वां सम्मेलन चितकारा पार्क कैथू में शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में 150 प्रतिनिधियों ने विभिन्न महाविद्यालय व विद्यालय से हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश राज्य सचिव कामरेड दिनीत देंटा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस तरीके से देश और प्रदेश में समावेशी व समतामूलक शिक्षा व्यवस्था पर हमले किए जा रहे हैं, यह हमारी लोकतांत्रिक शिक्षा प्रणाली पर सबसे बड़ी चुनौती है।



जानकारी देते हुए गणमान्य।

केंद्र की मोदी सरकार ने 2020 में आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए नई शिक्षा नीति 2020 को संसद में बिना चर्चा के छात्रों पर थोपने का काम किया। देश और प्रदेश में जिन महाविद्यालयों व विद्यालयों में 3000 से कम विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनको जबरन बंद किया जा रहा है। यह सम्मेलन आने वाले समय में शिक्षा की बेहतरी के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। एसएफआई शिमला जिला सचिव कामरेड कमल ने सम्मेलन के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट रखी।

जिला सचिव ने रिपोर्ट को सम्मेलन समक्ष हुए करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का दूसरा सबसे बड़ा बेरोजगार राज्य बन गया है। शिक्षा में हिमाचल प्रदेश का स्थान 21 नंबर पर पहुंच गया है।

# दिनेश कुमार बने युवा कांग्रेस ब्लॉक मैहला के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गैर जनजातीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलोठ के दिनेश कुमार को युवा कांग्रेस ब्लॉक मैहला का अध्यक्ष चुना गया है। दिनेश कुमार को 1459 वोट में से 611 मत हासिल हुए। दिनेश कुमार ने निकटतम प्रतिस्पर्धी में बिट्टू शर्मा को 510 वोट मिले। बिट्टू पुजारी को मैहला ब्लॉक का युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष पद हासिल हुआ है।



गौरतलब है दिनेश कुमार वर्तमान में ग्राम पंचायत बलोठ के प्रधान देवराज के पुत्र हैं। युवा कांग्रेस ब्लॉक मैहला का अध्यक्ष बनने पर उनके क्षेत्र में खुशी की लहर है और उनके समर्थक बहुत ही खुश है। अपनी जीत का श्रेय दिनेश कुमार ने पार्टी हाई कमान संगठन व अपने समर्थकों को दिया है। उन्होंने कहा है कि लोगों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन करेंगे। उन्होंने कहा है की ब्लॉक मैहला में युवा संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं को संगठन के साथ जोड़ा जाएगा। युवाओं की समस्याओं के लिए वह दिन रात एक करेंगे।

उनका पहला लक्ष्य 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापसी का रहेगा। संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा।

## बिट्टू पुजारी बने मैहला ब्लॉक युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुराड के गांव सूलाह से संबंधित एक गरीब परिवार से निकले बिट्टू पुजारी अपनी काबिलियत के चलते युवा कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संगठन के प्रति पूरी तरह से समर्पित एवं युवाओं में अच्छी खासी पैठ रखने वाले बिट्टू पुजारी के निर्वाचित होने से उसके समर्थकों में खुशी की लहर है।



इससे पूर्व में संगठन के विभिन्न पदों में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले बिट्टू पुजारी 2010 में युवा कांग्रेस के निर्वाचित बूथ डेलिगेट्स रह चुके हैं। वर्ष 2018 में युवा कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग में सह संयोजक पद पर रह चुके हैं। 2020 में भरमौर ब्लॉक युवा कांग्रेस के महासचिव जिला चंबा सोशल मीडिया संयोजक पूर्व में प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की टीम में बतौर एग्जीक्यूटिव मेंबर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। बतौर युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा है व युवाओं में खुशी की लहर है।

## हितेश जरियाल बने विधानसभा क्षेत्र भरमौर पांगी के युवा कांग्रेस अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत गरीमा के बड़ेई निवासी हितेश जरियाल भरमौर पांगी विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें 897 वोट हासिल हुए। युवा कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर उनके क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 20 मत अधिक हासिल करके अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। जबकि गैर जनजातीय क्षेत्र से संबंध रखने वाले सूरज ठाकुर को 877 मत हासिल हुए हैं और वह युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष चुने गए हैं।



इस जीत पर नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश जरियाल ने पार्टी हाई कमान संगठन वह समर्थकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है की पूरी पार्टी का आशीर्वाद होने के कारण ही उनकी ही जीत हुई है।

इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेश जरियाल ने कहा है कि उनका प्रयास रहेगा कि संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जाए और अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं को संगठन से जोड़ा जाए। संगठन की बेहतरीन के लिए दिन-रात काम किया जाएगा और उनका पहला लक्ष्य रहेगा की 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में युवा कांग्रेस प्रदेश को सरकार को रिपीट करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### सूडोकु 0023

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0022 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## सुशासन सप्ताह के तहत जोगिंद्रनगर के सेरी गांव में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

सुशासन सप्ताह के तहत जोगिंद्रनगर उपमंडल के सेरी गांव में शनिवार को शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निपटारा किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा द्वारा की गई।

शिविर में स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कुल 16 जनसमस्याओं में से 12 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसके अलावा एक सामान्य शिकायत भी प्राप्त हुई जिसका समाधान कर दिया गया है, जबकि 24 म्यूटेशन भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री संकल्प हेल्पलाइन में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से दो का समाधान कर दिया गया है।



# कर्मचारियों को एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

आईसीडीसी नागरिक चिकित्सालय भरमौर ने जेएसडब्ल्यू निर्माणाधीन कुठेड़ जल विद्युत परियोजना गरोला खड़मुख डैम साइट में विश्व एड्स दिवस मनाया। इसकी अध्यक्षता जेएसडब्ल्यू के एडमिनिस्ट्रेटिव हेड कैप्टन भगत व एचआर हेड गुलशन राणा ने की।

आईसीटीसी परामर्शदाता पवन कुमार भारद्वाज ने परियोजना अधिकारियों व कर्मचारियों को उद्देश्य कम्युनिटी बेस्ड स्क्रीनिंग है जिसमे एच आई वी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, सिफीलिस तथा टीबी की निशुल्क जांच करना है। इस शिविर में आई,सी, टी, सी, लैब टेक्नीशियन देवेंद्र सिंह ने 75 कामगारों का एचआईवी, हेपिटाइट्स बी, हेपेटाइटिस सी, सिफिलिस के टेस्ट किए। खंड चिकित्सा अधिकारी भरमौर डॉक्टर नलिन मिन्हास ने परियोजना फार्मासिस्ट राजीव ठाकुर का शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। तथा कामगारों को एचआईवी, एड्स यौन रोगों, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी की विस्तृत जानकारी दी तथा स्वेच्छा से अपने खून की जांच करवाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शिविर का



के आईसीटीसी लैब के स्टाफ के साथ कामगार।

# सलूणी की साक्षी शर्मा बनी प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के सलूणी से साक्षी शर्मा प्रदेश युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। वह छत्र सिंह के साथ हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्र राजनीति से निकली साक्षी अब प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत करेंगी। उनके प्रदेश युवा उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा है। चंबा के सलूणी से एक महिला का युवा कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व होने से पूरे चंबा में खुशी की लहर है।



छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़ी साक्षी शर्मा के लिए यह खुशी का पल है और उन्होंने इसका श्रेय कांग्रेस पार्टी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ,संगठन और अपने समर्थकों को दिया है। प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बनने पर साक्षी शर्मा ने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए वह काम करेंगी।

## ताबिश बाला, कुंगा फुलचुंग व नैंसी का महिला क्रिकेट टीम में हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा की तीन महिला क्रिकेट खिलाड़ी ताबिश बाला, कुंगा फुलचुंग व नैंसी शर्मा हिमाचल प्रदेश की अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में चयनित हुई हैं।



शिविर के बाद हिमाचल प्रदेश की टीम आगामी पांच जनवरी से आयोजित होने वाली अंडर-23 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। ताबिश बाला व कुंगा फुलचुंग का बीते महिला क्रिकेट वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा था। जबकि, नैंसी शर्मा पहले ही हिमाचल टीम का हिस्सा रही हैं।

जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों कुलदीप ठाकुर, अमित कुमार, हरमीत भटियानी, विनोद, गौरव बक्शी, देवेंद्र, संजय अवस्थी, हमीद खान, किशन कुमार, सुनील, मिथुन ठाकुर, अशोक, अंतरिक्ष, इमरान सहित, मनुज शर्मा तथा अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों का कहना है कि उक्त तीनों महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।

## अनंत ज्ञान
## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 दिसंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** सप्तमी (2:34): **नक्षत्र** उत्तराफल्गुनी (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** आयुष्मान (06:59) शुभ **मुहूर्त :** अभिजित (11:59-12:42), **राहुकाल** (04:12 -05:29)।

**विशेष दिन**

22 दिसम्बर 2024 : रामानुजन जयंती आज।

22 दिसम्बर : राष्ट्रीय गणित दिवस आज।

**मेष:** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आनंद और उत्साह में बीतेगा। दिन की शुरुआत रोमांचक होगी। मान-सम्मान प्राप्त होगा। बाहर घूमने जा सकते है।

**वृषभ:** आर्थिक मामलों में दिन उत्साहवर्धक होगा। जरूरी वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है। प्रतिस्पर्धियों तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकते है। अधूरे कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन:** साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी और मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। बौद्धिक चर्चाओं में भाग लेना चाहिए। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**कर्क:** आज आपका मन अशांत रहेगा और स्वास्थ्य भी नरम रह सकता है। परिवार में वाद-विवाद का वातावरण बन सकता है, जिससे मन खिन्न हो सकता है।

**सिंह:** मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म और उत्साह में वृद्धि होगी। पराक्रम के बल पर सभी कार्य करेंगे।

**कन्या:** धन के लेन-देन में सावधानी बरतें। नकारात्मक विचारों को मन में उठने ना दें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, किसी तरह का जोखिम लेने से बचें।

**तुला:** सितारे आज अनुकूल चल रहे हैं। मन प्रसन्न रहेगा तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उनमें अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक:** आज किसी से पैसों की लेन-देन न करें और किसी का उधार भी न दें। निर्णयशक्ति के अभाव में मन में दुविधा बढ़ सकती है, जिससे चिंता में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** व्यापार या नौकरी में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आनंद का अनुभव होगा। धन का निवेश किया जा सकता है।

**मकर :** आज आप हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे। आपके प्रमोशन के योग हैं। कार्य संदर्भ में यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कुंभ :** आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावना है। भाग्योदय के साथ सुख प्राप्त होगा। भाग्य का साथ सभी कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर है।

**मीन :** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। लापरवाही से आपको नुकसान हो सकता है, यात्रा हो सके तो टालें। वाहन धीमी गति से चलाएं।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं, जान चंद** (70 साल) पुत्र स्व. हरी सिंह निवासी गांव जमसाई डाकघर व तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र जीवन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने पुत्र जीवन राणा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। संबंधित नोट करें।

अगर जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है -सुभाष चंद्र बोस

संपादकीय

## विधानसभा में शून्यकाल

धर्मशाला के तपोवन में इस बार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लोकसभा की तर्ज पर शून्यकाल का शुरू होना कई मायनों में सुखद और ऐतिहासिक निर्णय है। आपने कई बार सदन की कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल जैसे शब्दों के इस्तेमाल देखे होंगे। कई बार पढ़ा और सुना भी होगा, जिससे लोगों के मन में सवाल आता होगा कि आखिर ये प्रश्नकाल व शून्यकाल है क्या? यह सवाल भी मन में आता होगा कि सदन की कार्यवाही कैसे चलती है? दरअसल, शून्यकाल एक ऐसा समय है जब संसद के सदस्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं और सरकार से सवाल पूछते हैं। यह समय आमतौर पर संसद की कार्यवाही की शुरुआत में होता है, जब सदस्य अपने क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं। सदन की कार्यवाही के दौरान सदस्य विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं, जैसे कि विधेयकों का पारित होना, सरकारी नीतियों पर चर्चा और विभिन्न मुद्दों पर सवाल पूछना। सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभापति या अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जो सदस्यों को बोलने का मौका देते हैं और चर्चा को नियंत्रित करते हैं। शून्यकाल के दौरान सदस्यों को अपने मुद्दों को उठाने का मौका मिलता है और सरकार को जवाब देना पड़ता है। यह समय संसद की कार्यवाही का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सदस्यों को अपने मतों को व्यक्त करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने का मौका देता है। शून्यकाल को निर्णय का क्षण भी कहा जा सकता है।

संसदीय भाषा में यह प्रश्नकाल के अंत और नियमित कार्य की शुरुआत के बीच का समय होता है। इसका नामकरण करने के पीछे दूसरा तर्क यह दिया जाता है कि यह दोपहर 12 बजे शुरू होता है। इसकी शुरुआत साठ के दशक में हुई थी। विधानसभा में शून्यकाल के पहले दिन सात विषयक जनहित से जुड़े मामले उठाने के साक्षी बने। शून्यकाल की समय अवधि बेशक आधा घंटा थी, लेकिन इससे यह अंदाजा हो गया कि आधे घंटे में कम से कम सात प्रश्न पूछे जा सकते है। यदि प्रश्न छोटे हों तो दस प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से एक घंटा पहले विधानसभा सचिवालय को इसके तहत प्रस्ताव देने होते हैं। हर विधायक को बोलने के लिए दो से तीन मिनट का अधिकतम समय मिलता है। अधिक सवाल आने पर मामले की प्राथमिकता के आधार पर शून्यकाल में सवाल शामिल किए जाते हैं। शून्यकाल में बीते एक साल के दौरान सदन में उठाए गए मामलों को न उठाने का प्रावधान है। सवालों की सार्थकता को जांचने के बाद ही विधानसभा सचिवालय शून्यकाल के लिए सवाल सिलेक्ट करता है। शून्यकाल के दौरान उठाए जाने वाले मामलों को आगामी कार्यवाही के लिए संबंधित मंत्रियों और केंद्र सरकार को भेजा जाता है। संबंधित कैबिनेट मंत्री शून्यकाल में भी अपना पक्ष रख सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया शून्यकाल की शुरुआत करवाने के लिए वाकई बधाई के पात्र हैं।

कांग्रेस से पहले पूर्व की सरकारों ने भी यह प्रयास किए, लेकिन कुलदीप सिंह पठानिया को इसमें सफलता मिली है। शून्यकाल शुरू करने का यह प्रयोग यूं तो मानसून सत्र में हो चुका था, लेकिन एसओपी न बनने पर उस वक्त इसे शीत सत्र के लिए टाल दिया गया था। शून्यकाल में पहला मामला लाहौल-स्पीति से कांग्रेस विधायक अनुराधा राणा ने उठाया। उन्होंने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर टकोली और डोहलूनाला में टोल टैक्स वसूलने का विरोध किया। उनका तर्क था कि 60 किलोमीटर के दायरे में दो जगह टोल टैक्स नहीं लेने की बात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी की है। इसके बावजूद टकोली और डोहलूनाला में ऐसा करने की तैयारी है। इससे लाहौल-स्पीति से आने-जाने वालों को आर्थिक नुकसान होगा। केंद्र सरकार के नियमों के भी यह खिलाफ है। जवाब में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मामला उठाने के बाद टकोली में टोल टैक्स को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया। केंद्र सरकार के समक्ष इस मामले को उठाया गया है। बहरहाल विधानसभा में शून्यकाल की व्यवस्था होना माननीय के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इस विशेष समय में वे अपने इलाके के मसलों को विधानसभा के पटल पर आने में सक्षम हो सकेंगे। अब विधानसभा के सदस्यों को चाहिए कि वह इस मौके का भरपूर फायदा उठाएं और जनता से जुड़े मामले विधानसभा तक पहुंचाएं। निश्चित रूप से विधानसभा में शून्यकाल की शुरुआत होना विकास की नई इमारत लिखेगा। ■

# सेल्फी से मौतें : हम नहीं सुधरेंगे, खुद ही बेमौत मरते रहेंगे

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं। देश में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहते हैं मगर सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है। देश कभी रेल से लटकते समय व पटरियों पर सेल्फी ली जाती है तो कभी बहते पानी में ली जाती है। चटटानों पर खड़े होकर ली जा रही है। पहाड़ियों पर चढ़कर पांव फिसल रहे हैं। सेल्फी जानलेवा साबित हो रही है। सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृति बढ़ती ही जा रही है। ताजा घटनाक्रम में 17 दिसंबर 2024 को हिमाचल के लाहौल में घूमने आए राजस्थान के एक पर्यटक की कोक्सर में फुम्मण नाला के पास सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से चंद्रा नदी में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई उसका शव बरामद हो गया है यह चार लोग हिमाचल में घूमने आये थे। इससे पहले गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहते थे कि बेमौत मारे गए। देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है हर रोज सेल्फी की वारदातें हो रही है। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्ध हो रही है। देश में सेंल्फी के हर रोज ऐसे दर्दनाक हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे हैं। नदियों के किनारे लोग डूब रहे हैं। खुद ही मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं। सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे हैं। केंद्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा। देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते हैं कि अपनी जान जोखिम में खुद डाल देते हैं और असमय ही बेमौत मारे जा रहे हैं। ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बूझा रही है, अगर इन मामलों पर संज्ञान लिया जाए। अगर प्रशासन इन संगीन मामलों पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सेल्फी के लापरवाही के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कैसी विडंबना है कि लोग खुद की घोर लापरवाहियों के कारण बेमौत मर रहे हैं। लाशों के अंबार लग रहे हैं। बेखौफ होकर लोग जोखिम ले रहे हैं। पर्यटकों पर हम नहीं सुधरेंगे, का लेबल लगा हुआ है।

यह कहावत बिगड़ैल पर्यटकों पर सटीक बैठती है कि इतने हादसों के बाद भी समझ नहीं आ रही हैं। 2020 व 2024 में भी काफी हादसे हुए है। यह संख्या घटने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में चलती रेल के सामने सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 19 जून 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग की सेल्फी लेते समय पटरी पर गिर गया, तब उसका दोस्त उसे बचाने आया और एकदम से रेल आ गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। 16 अक्तूबर 2019 बुधवार को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थी, एक को निकाल लिया गया था। जबकि दूसरी बह गई। सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। यह युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेल्फी ले रही थी।



यह युवतियां असम व दार्जिलिंग की रहने वाली थी। पर्यटक मनमानी करते है। 6अक्तूबर 2019 को ताजा मामला तमिलनाडु के मरमपटी के पांबारु बांध में घटित हुआ था। जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई थी। एक को बचा लिया गया था। परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे। केवल मात्र परिवार का एक सदस्य ही बच पाया था। मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे संबंधी थे। देश में 2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए। विदेशी पर्यटक की मौतें ज्यादा हो रही हैं। कुल्लू-मनाली में सैकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं।

खुद ही मौत को दावत दे रहे हैं। वर्ष 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लू में घटित हुई थी कुल्लू की मनीकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाब में बह गया था। उसकी लाश नहीं मिल पाई थी। समझ नहीं आता की लोग पिछले घटित हादसों से सबक क्यों नहीं लेते। गत वर्ष भी हिमाचल प्रदेश में सेल्फी के चक्कर में एक छात्रा को जान से हाथ धोना पड़ा था तथा दूसरी को बचा लिया गया था। यह दोनों छात्राएं शिमला के सुन्नी क्षेत्र में कोलडैम के समीप सेल्फी ले रही थी कि अचानक एक छात्रा का पांव फिसला और वह डूब गई दूसरी छात्रा उसे बचाते समय डूबने लगी मगर बचाव दल के सदस्यों ने उसे बचा लिया था। 1 जुलाई 2019 को उत्तराखंड के पिथैरागढ़ में परिवार के साथ पिकनिक पर गए एक 13 साल के बच्चे की सेल्फी के दौरान डैम में गिरने से मौत हो गई थी। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां ने डैम में कूद गई मगर जब वह डूबने लगी तो वहां मौजूद लोगों ने उसको बचा लिया पर उसका बेटा डूब गया। मध्य प्रदेश में भी झरने के पास सेल्फी ले रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गई थी। गोताखोर जान जोखिम में लोगों को बचा रहे है। सेल्फी के शौकीन खुद तो मर रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी मार रहे हैं। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए, तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। पिछले महीने चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में बेंगलुरु के पास तीन युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी यह हादसा बेंगलुरु से करीब तीस किलोमीटर दूर बिदादी के पास हुआ था जहां तीन लड़के सेल्फी लेने के चक्र में चलती ट्रेन की चपेट में आ गए थे।

हादसों पर लगाम लगानी होगी। समाचार पत्रों में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक 10 जुलाई 2017 को नागपुर में सेल्फी लेते 8 लोगों की मौत हो गई थी। 27 जुलाई को मध्य प्रदेश में भी सेल्फी लेते समय चार युवाओं की अकाल मौत हुई थी। इससे पहले 14 जुलाई को उत्तराखंड के एक दो प्रेमियों की सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 16 अप्रैल 2016 को सहारनपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर सेल्फी लेते समय एक 16 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी। 9 जनवरी 2015 को जम्मू में सेल्फी लेने के चक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी। 2015 में इसराइल के एक पर्यटक की सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 2015 में ही जापान के एक पर्यटक की थी, सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी।

2015 में मुथरा में तीन युवाओं की रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेने के चक्कर में मारे गए थे। 2014 में ऐसी ही एक घटना हुई थी, जिसमें एक 15 साल के बच्चे की मौत हुई थी। प्रशासन को ऐसे बिगड़ैलों पर कानूनी कारवाई करनी चाहिए। अगर पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों पर शिकंजा कसे तो इन हादसों को रोका जा सकता है। अगर अब भी इन हादसों पर संज्ञान नहीं लिया तो हर रोज घरों के चिराग अस्त होते रहेंगे। इन भयावह हादसों की पुनरावृति को रोकना होगा। यह मानवता व देश हित में है। प्रशासन को ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना चाहिए, जो जानबूझकर मौत को गले लगा रहे हैं और प्रशासन को भी बिना वजह व मनमानी करके जोखिम में डाल रहे हैं। वक्त अभी संभलने का है। अगर अब भी इन जानलेवा हादसों को अनदेखा किया तो ऐसे हादसे होते रहेंगे।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

नजरिया

# भगवान श्रीराम एक आदर्श व सबके प्रिय हैं

श्रीराम रक्षा स्रोत के अनुसार -हनुमानजी कहते हैं, राम मेरे पिता, स्वामी और मित्र हैं। दयालु रामचंद्र ही मेरे सब कुछ हैं। मैं उनके अलावा किसी और को नहीं जानता। भगवान श्रीराम, जिनका नाम सुनते ही कल्याण होता है, जो पूरे संसार को शांति देते हैं, हनुमानजी उनके सेवक हैं, लेकिन उन्हें सेवक होने का अभिमान नहीं है, क्योंकि उनका हृदय प्रभु के प्रेम से भरा हुआ है। 'हनुमान विशेष प्रेम और सेवा से प्रभु को समर्पित हैं। भरत संसार को आध्यात्मिक पोषण प्रदान करते हैं। शत्रुघ्न संसार को शक्तिशाली बनाते हैं और शत्रुओं का नाश करते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लक्ष्मण संसार को धारण करते हैं, इस धारण शक्ति के कारण उन्हें एकाग्रता का स्वरूप भी माना जाता है। श्रीराम की कृपा से कल्याण होता है, शत्रुघ्न की कृपा से शक्ति और शत्रुओं का नाश होता है इसके बाद ही प्रभु श्री राम से मुलाकात होती है। एकाग्रता के प्रतीक लक्ष्मण के प्राण बचाकर हनुमानजी ने समस्त जगत का कल्याण किया है। आपने सुग्रीव पर उपकार किया है। आपने सुग्रीव पर उपकार किया है। उसे राम से मिलाकर राजपद प्रदान किया है। हनुमानजी सुग्रीव के समर्पित सचिव थे। यदि सुग्रीव के पास हनुमानजी जैसा दूरदर्शी, बुद्धिमान, नीतिज्ञ और कुशल मंत्री न होता तो उसे किष्किंधा का राज्य न मिलता। हनुमानजी सुग्रीव के दूत बनकर श्री राम-लक्ष्मण से मिले। उनकी कृपा से ही उन्हें किष्किंधा का राज्य पुन: प्राप्त हुआ।

असहाय, लाचार और भयभीत सुग्रीव को सहारा देना सच्चे प्रेम का अच्छा उदाहरण है। दूसरी ओर बाली जैसे महाबली के शत्रु का सचिव बनना और सचिव के कर्तव्य का पालन करना अत्यंत साहस का लक्षण है। हनुमानजी ने सुग्रीव को रामचंद्रजी से मित्रता कराकर भय से मुक्त किया।



राजसिंहासन पर बैठने के बाद सुग्रीव विषय-भोगों में लिप्त हो गया और प्रभु श्रीराम को दिया वचन भूल गया। हनुमानजी ने सुग्रीव को उनके द्वारा दिए गए वचन की याद दिलाई, जो अपने वचनों से उदासीन हो गए थे। हनुमानजी ने सुग्रीव को भगवान श्रीराम से मिलवाया। उसे भगवान श्रीराम का दर्शन कराकर स्वयं ब्रह्मा से मिलवाया। उसे मृत्यु के भय से मुक्त किया। राज्य मिलते ही सांसारिक सुखों ने सुग्रीव का ज्ञान हर लिया और वह श्रीराम के कार्य को भूल गया। उसकी बुद्धिमत्ता देखकर श्रीराम क्रोधित हो गए। हनुमानजी ने फिर से सुग्रीव को भगवान श्री राम द्वारा दिए गए वचन की याद दिलाकर बहुत बड़ा उपकार किया।

उसके बुरे विचारों को दूर करके उसे भगवान श्री राम से विमुख होने से बचाया। हनुमान जी जैसे अनुभवी सचिव ने सुग्रीव को स्वयं ब्रह्मा से मिलवाकर बहुत बड़ा उपकार किया, लेकिन उसे ब्रह्मा से विमुख होने से बचाना, उनसे मिलवाने से भी बड़ा उपकार था। जब हनुमान जी पहली बार विभीषण से मिले, तो उन्हें पता चला कि विभीषण का जन्म राक्षस कुल में हुआ था, लेकिन वे धर्म के अवतार, बुद्धिमान और नीति में कुशल थे। विभीषण भगवान श्रीराम के बहुत बड़े भक्त थे, लेकिन बहुत प्रतिकूल परिस्थितियों में भक्ति कर रहे थे। इसलिए उनकी भक्ति विश्वास से रहित थी। राक्षस कुल में जन्म लेने और सीता माता का उनके बड़े भाई द्वारा अपहरण कर लिए जाने के कारण उनके मन में हमेशा यह संदेह रहता था कि वे भगवान राम से नहीं मिल पाएंगे।

हे प्रभु! मैं अपने कानों से आपकी अच्छी कीर्ति सुनकर आया हूं कि आप भव (जन्म-मरण) का नाश करने वाले हैं। हे दुखियों के दु:ख दूर करने वाले और शरणागतों को सुख देने वाले श्री रघुवीर! मेरी रक्षा करो, मेरी रक्षा करो। जब हनुमानजी विभीषण से मिले, तब उन्होंने भगवान श्री राम के अच्छे स्वभाव की यह अच्छी कथा उन्हें सुनाई। श्रीराम शरणागतों से प्रेम करते हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

राजनीतिक पार्टियों के लिए दलित वोट बैंक शुरू से ही सत्ता बटोरने का साधन रहा है। असल में दलितों की दयनीय हालत को बदलने के बजाय राजनीतिक दल ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते, जिससे यह साबित कर सकें कि वे ही दलितों के असली मसीहा हैं। यही वजह है कि संसद में अंबेडकर को लेकर जोरदार हंगामा बरप रहा है। लोकसभा में भाजपा गठबंधन के हाथों लगातार तीसरी बार पराजय झेल चुके विपक्षी दल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग से हार की क्षतिपूर्ति करना चाहते हैं। संविधान पर संसद में चल रही बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान कहा था कि आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह के पूरे भाषण के एक अंश को लेकर विपक्ष ने शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद की कार्यवाही ठप कर दी।

राजेश कुमार, गगल

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ

**श्रीनिवास** अयंगर रामानुजन महान भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया। गणित के क्षेत्र में अपने समय के अनेक दिग्गजों को पीछे छोड़ने वाले श्रीनिवास रामानुजन ने केवल 32 साल के जीवनकाल में पूरी दुनिया को गणित के अनेक सूत्र और सिद्धांत दिए। गणित के क्षेत्र में रामानुजन किसी भी प्रकार से गौस, यूलर और आर्किमिडीज से कम न थे। किसी भी तरह की औपचारिक शिक्षा न लेने के बावजूद रामानुजन ने उच्च गणित के क्षेत्र में ऐसी विलक्षण खोजें कीं कि इस क्षेत्र में उनका नाम अमर हो गया। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने खुद से गणित सीखा और अपने जीवनभर में गणित के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। इन्होंने गणित के सहज ज्ञान और बीजगणित प्रकलन की अद्वितीय प्रतिभा के बल पर बहुत से मौलिक और अपारम्परिक परिणाम निकाले जिनसे प्रेरित शोध आज तक हो रहा है, यद्यपि इनकी कुछ खोजों को गणित मुख्यधारा में अब तक नहीं अपनाया गया है। उनके सूत्र कई वैज्ञानिक खोजों में मददगार बने। हाल में इनके सूत्रों को क्रिस्टल-विज्ञान में प्रयुक्त किया गया है। इनके कार्य से प्रभावित गणित के क्षेत्रों में हो रहे काम के लिये रामानुजन जर्नल की स्थापना की गई है। ■



श्रीनिवास अयंगर रामानुजन
जन्म : 22 दिसंबर, 1887
मृत्यु : 26 अप्रैल, 1920

# गिरिपार की लोकप्रिय संस्कृति पर भी बननी चाहिए ऐतिहासिक फिल्म

देव भूमि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गिरिपार को जिस लोकप्रिय संस्कृति, रीति रिवाजों, परंपराओं, पिछड़ेपन इत्यादि के लिए केंद्र सरकार ने जनजातीय दर्जे की सौगात प्रदान की है जो गिरिपार के विकास और उत्थान के लिए भविष्य में एक निसंदेह मील का पत्थर साबित होगा।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस प्रकार गिरिपार के लोकप्रिय संस्कृति देश-भर में बहुत ही लोकप्रिय मानी जाती है, इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम चर्चा करना चाहेंगे। हाल ही में बड़े पर्दे पर प्रसारित फिल्म (मेरे गांव की बाट) जो जौनसार बाबर की लोकप्रिय संस्कृति और परंपराओं पर आधारित है, जो फिल्म समस्त उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश जैसे अनेक पहाड़ी राज्यों में बहुत लोकप्रिय हो रहीं हैं, जिसमें अपने गांव के प्रति जागरूक, गांवों से शहरों की और पलायन और अपनी संस्कृति, स्थानीय पहाड़ी भाषा और परंपराओं इत्यादि पर खासी भूमिका दर्शाई गई है, जैसा कि हम सभी को मालूम है कि इसी लोकप्रिय संस्कृति और पिछड़ेपन के लिए जौनसार बावर को भी केंद्र सरकार ने साठ के दशक में जनजातीय दर्ज प्रदान किया था, तो वहीं आज हम जिला सिरमौर के गिरिपार की लोकप्रिय संस्कृति पर भी उम्मीद एवं अपेक्षा करेंगे कि गिरिपार की लोकप्रिय संस्कृति पर भी भविष्य में बड़े पर्दे पर फिल्म प्रसारित होनी चाहिए ताकि आने वाले भविष्य में युवाओं में अपनी संस्कृति, पहाड़ी भाषा और परंपराओं से परिचित एवं जुड़ाव बना रहे, जिस प्रकार जौनसार बावर के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को कायम रखने के लिए बहुत सराहनीय प्रयास किया है।

जिस फिल्म को देखकर यकीनन युवा एवं बच्चों को गांव की पुरातन संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं का बोध करवा रहा है, जैसा कि हम सभी को मालूम है कि वर्तमान की आधुनिकता में अनेक क्षेत्रों में संस्कृति एवं परंपराए विलुप्त होती जा रही है, जिसको संजोकर रखना हम सभी युवाओं एवं समाज का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम आधुनिकता में भी अपनी जड़ों से जुड़ा रहने और बड़े बुजुर्गों की अनमोल धरोहर संस्कृति, पहाड़ी भाषा, रीति-रिवाजों एवं परंपराओं को भी आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इसी परिप्रेक्ष्य में गिरिपार के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों से भी निवेदन रहेगा कि गिरिपार की लोकप्रिय संस्कृति को ओर अधिक लोकप्रिय बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास बड़े पर्दे की फिल्म से अगर मुमकिन हो, तो यकीनन गिरिपार की संस्कृति को और अधिक बढ़ावा एवं मील का पत्थर साबित हो सकता है, अगर क्षेत्र के बुद्धिजीवी इस और विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं तो, क्योंकि इस प्रकार की बड़े पर्दे की फिल्मों के प्रसारित होने से युवाओं में अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहना का विशेष परिवर्तन एवं जुड़ाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि वर्तमान के दौर में हम आधुनिकता की और अग्रसर हो रहे हैं, जिसमें सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से हर सूचना एवं जागरूकता हासिल कर रहे हैं, जबकि वर्तमान की जमीनी हकीकत से कहीं न कहीं हम दूर होते जा रहे हैं, जौनसार बावर की (मेरे गांव की बाट) में हर उस गांव के पहलू को छूने का प्रयास किया गया है जिस फिल्म के दृश्य को देखकर हर व्यक्ति की आंखें मानों नम कर देती है, क्योंकि जिस प्रकार गांव में आपसी भाईचारा, आदर सम्मान, रीति-रिवाज, रिश्ते नाते और गांव के संपूर्ण परिवेश को दर्शाया गया है, जो गांवों के लोगों के मन को बहुत भा रही है।



जिस फिल्म को देखने के लिए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर अनेक बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल हो रहीं हैं और सभी सम्मानित व्यक्तित्व उन सभी कलाकारों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और सराहना करते नज़र आ रहे हैं जिन्होंने इस फिल्म के माध्यम से जौनसार बावर की संस्कृति सभ्यता परंपराओं, गांव से शहरों की और पलायन इत्यादि पर बहुत ही बेहतरीन अभिनय किया है, इस प्रकार गिरिपार की संस्कृति भी बहुत लोकप्रिय मानी जाती है अगर गिरिपार के बुद्धिजीवी एवं अन्य क्षेत्रों के खास व्यक्तित्व गिरिपार की लोकप्रिय संस्कृति एवं परंपराओं पर बड़े पर्दे पर फिल्म प्रसारित करने का प्रयास करते हैं तो।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )



कविता

## कौन इन्हें समझाए

रवींद्र कुमार शर्मा

*चुन कर जिसने भेजा इनको अपनी समस्याएं हल करवाने को*
*मुर्गा और समोसे नजर आ रहे लालायित है फिर से सत्ता पाने को*
*सत्ता के लालच में देखो भूल गए आदर्श और मर्यादा*
*लड़ते रहते जैसे अबोध बालक किसी को मिलता पूरा*
*हिस्सा और किसी को आधा*
*किसी के हाथ में जूता चप्पल कोई चलाता घूंसे और लात*
*जनसेवक फिर कहते सारे बदतर हो गए अब हालात*
*झूठों के सरदार हैं बने सच को हैं अब झूठ बताते*
*झूठ बोलने की कसम हैं खाते जैसे ही हैं जीत के आते*
*ऊन भेड़ पर किसने छोड़ी बहती नदियां घर को मोड़ी*
*भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा इन्होंने सब मर्यादाएं तोड़ी*
*सत्ता पक्ष को कानून बनाना और करना जन हित के काम*
*सत्ता जब अहंकारी हो जाए विपक्ष का काम लगाना लगाम*
*विपक्ष अहंकारी सत्ता अहंकारी दोनों की समझ में कुछ न आए*
*देश है पहले निजहित बाद में यह बात इनको कौन समझाए*
*जनता है बेचारी भोली नहीं समझती इनकी चाल*
*पांच साल बाद फिर आएंगे लेकर झूठे वायदों का जाल*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**


# राष्ट्रीय गणित दिवस : श्रीनिवास रामानुजन और गणित के प्रति जागरूकता

हर साल 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में है। यह दिन न केवल गणित के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है, बल्कि गणित के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक माध्यम भी है। रामानुजम ने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के गणित के क्षेत्र में ऐसे अद्भुत कार्य किए, जिन्हें आज भी शोध और अध्ययन का विषय माना जाता है। उनके द्वारा खोजे गए गणितीय सूत्रों और प्रमेयों ने अंकों के रहस्यों को सुलझाने में नई दिशाएं दीं। उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए उन्हें 'गणित का जादूगर' भी कहा जाता है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
टौणी देवी,हमीरपुर

रामानुजन के अद्वितीय कार्य, जैसे रामानुजन प्राइम, रामानुजन थीटा फंक्शन, और पार्टिशन फंक्शन, आज भी आधुनिक गणित और विज्ञान के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी खोजों ने यह सिद्ध किया कि गणित केवल संख्याओं और समीकरणों का खेल नहीं, बल्कि नवाचार और समाधान का आधार है। गणित का महत्व हमारे जीवन के हर क्षेत्र में है। विज्ञान, तकनीकी विकास, वित्तीय प्रबंधन, ज्योतिष और यहां तक कि दैनिक कार्यों में गणित की भूमिका अहम होती है। फिर भी, भारत में बच्चों के बीच गणित में कमजोर प्रदर्शन एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसका मुख्य कारण प्राथमिक शिक्षा की नींव का कमजोर होना है। जब बच्चे प्रारंभिक कक्षाओं में होते हैं, तो उन्हें बुनियादी गणितीय अवधारणाएं जैसे जोड़, घटाव, गुणा और भाग सिखाई जाती हैं।



अगर इस स्तर पर उनकी समझ स्पष्ट नहीं होती है, तो उच्च कक्षाओं में जाकर उनकी कठिनाइयां बढ़ जाती हैं। अक्सर देखा गया है कि शिक्षण में रटने पर अधिक जोर दिया जाता है, बजाय इसके कि बच्चों को अवधारणाएं व्यवहारिक और सरल तरीकों से समझाई जाएं। इस समस्या को सुलझाने के लिए शिक्षकों को नई और प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। गतिविधि आधारित शिक्षण, समस्या-समाधान दृष्टिकोण, और बच्चों को गणितीय अवधारणाओं को दैनिक जीवन से जोड़ने की तकनीकें ऐसी विधियां हैं, जिनसे बच्चों की रुचि और समझ दोनों बढ़ सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। कई स्कूलों में गणित लैब और डिजिटल सामग्री उपलब्ध नहीं होती, जिससे बच्चों को अवधारणाओं को समझने में कठिनाई होती है। शिक्षक-छात्र अनुपात का असंतुलन भी एक बड़ी समस्या है। एक शिक्षक के पास इतने अधिक छात्र होते हैं कि वे हर छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान नहीं दे पाते। इसके अलावा, परिवारों में गणित के महत्व को लेकर जागरूकता की कमी भी बच्चों के प्रदर्शन को प्रभावित करती है। माता-पिता अगर गणित के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तो बच्चों में आत्मविश्वास की कमी और गणित को कठिन मानने की धारणा और बढ़ सकती है। सबसे पहले, शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि वे बच्चों को गणित को रोचक और व्यवहारिक तरीकों से सिखा सकें।

इस अवसर पर स्कूलों में गणित प्रश्नोत्तरी, मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, और रोचक खेलों का आयोजन किया जा सकता है। इससे बच्चों में गणित के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद मिलेगी। यदि हम इस दिशा में सही कदम उठाएं, तो गणित में बच्चों की कमजोरी को दूर किया जा सकता है और भविष्य के लिए नए रामानुजन तैयार किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय गणित दिवस केवल गणित को सम्मानित करने का एक दिन नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने का एक अवसर है कि गणित सीखना और सिखाना दोनों संभव और आवश्यक है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिटेशन जीवन को संतुलित करने की कला : राम प्रकाश



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माइंड ऑपरेशन अकादमी में विश्व मेडिटेशन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अकादमी के निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि भारत सदियों से मेडिटेशन का विश्व गुरु रहा है। उन्होंने कहा, भारत ने ही दुनिया को मेडिटेशन की शिक्षा दी, जिसकी बदौलत कई देशों ने समृद्धि हासिल की। लेकिन दुर्भाग्यवश, भारत के अधिकांश लोग अभी भी इस प्राचीन विद्या से दूर हैं। राम प्रकाश ठाकुर ने मेडिटेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल मन को शांत और नियंत्रित करता है, बल्कि बीमारियों से बचाव में भी मदद करता है। राम प्रकाश ठाकुर ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे इस प्राचीन भारतीय विद्या को अपनाएं।

### केक काटकर मनाया प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 50वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रयोगशाला के प्रभारी वैज्ञानिक चमन ठाकुर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने केक काट कर 50वें स्थापना दिवस का जश्न मनाया।

### दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से मंडी के ब्यास सदन, भ्यूली में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सदर मंडी, बल्ह, सुंदरनगर तहसील के कुल 64 दिव्यांगजनों को लगभग 8 लाख 14 हजार रुपये की राशि के 127 उपकरण जिनमें व्हीलचेयर, कान की मशीनें, ट्राईसाईकिल, कृत्रिम अंग, कैलीपर सहित अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं, प्रदान किए गए। वहीं हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था के जिला प्रधान हेमलता पठानिया द्वारा एचआरटीसी कंडक्टर की मनमानी की शिकायत भी उपायुक्त मंडी के समक्ष रखी जिसमें सरकाघाट से मंडी आ रही बस में डीसी लॉकर में यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर अमान्य माना गया।



### समारोह में 300 बच्चों को बांटी गर्म बर्दी

**अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के सकरयार गाड पंचायत के समाजसेवी राजेश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निशु और हाई स्कूल सकरयार, प्राइमरी स्कूल सकरयार, बलबांद में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को सर्दी से बचने के लिए लगभग तीन सौ बच्चों को गर्म बर्दी अपनी और से दी। समाजसेवी गोपाल ठाकुर ने बताया कि समाजसेवी राजेश कुमार इंसानित को जिंदा रखने के लिए किसी न किसी तरह से समाजसेवा में कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के समाजसेवी गुमान सिंह भी पिछले कई सालों से लोगों की सेवा कर रहे हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का कार्य शीघ्र हो पूरा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह में निर्मित किए जा रहे 6 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति पर समीक्षा के लिए एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन 6 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि नन्हे बच्चों को बैठने की बेहतर व्यवस्था मिल सके। बाल विकास परियोजना मंडी के तहत मनरेगा के समन्वय से निर्मित किए जा रहे इन आंगनबाड़ी भवनों में नलसर, लुणापानी, सैंथल, सलवाहन-2, मडल-1 तथा मडल-2 शामिल हैं। एसडीएम ने बाल विकास परियोजना सदर की खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की भी अध्यक्षता की तथा परियोजना के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में पोषण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत खंड स्तर पर की गई बैठकों की समीक्षा की गई।



### लड़कियों की शिक्षा समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण



**अनंत ज्ञान, गोहर।** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना गोहर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में प्रधानाचार्य संतराम की अध्यक्षता में 'किशोरी बाल मेला' व खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल परियोजना अधिकारी गोहर बीएल चौहान ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा हमारे समाज के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग एएनएम दिनेश गुप्ता के द्वारा उपस्थित छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य व स्वच्छता और खान-पान पर विस्तृत जानकारी दी।

### चौहार घाटी के टिक्कन में सुनी लोगों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर के दुर्गम क्षेत्र चौहार घाटी के लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी व समर्थन के माध्यम से सुशासन को बढ़ावा देना है। इन कार्यक्रमों से जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए विशेष शिविर व कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। एसडीएम ने बताया कि के पधर उपमंडल में सुशासन सप्ताह का 23 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है।

# सालंग गांव में भीषण अग्निकांड लाखों की संपत्ति जलकर राख

**पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत टिकरू के सालंग गांव में शुक्रवार देर रात भीषण अग्निकांड में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। यह हादसा रोशन लाल पुत्र बुद्धि सिंह के घर पर हुआ।

आगजनी में लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है, जबकि दमकल विभाग की सतर्कता से 16 लाख रुपए की संपत्ति को बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जोगिंदरनगर दमकल चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दमकल विभाग के अनुसार समय पर कार्रवाई न होती तो नुकसान और बढ़ सकता था। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



**घटना के दौरान जानी नुकसान से रहा बचाव**

### लोग आग की घटनाओं से बचने के लिए बरतें सावधानी

**डॉ. मुकुल शर्मा** ने स्थानीय लोगों से अपील की कि सर्दियों में आग की घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतें। प्रशासन ने स्थानीय पटवारी को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवार की आवश्यकताओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं ताकि उनकी मदद की जा सके।

### आग लगने के कारणों का नहीं लग पाया पता

**आग** लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही समय में घर का अधिकांश हिस्सा जलकर राख हो गया। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को राहत सामग्री प्रदान की। इसमें दो राशन किट, दो तिरपाल और तीन कंबल शामिल हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से आपदा राहत मैनुअल के तहत प्रभावित परिवार को सहायता राशि जल्द दी जाएगी।

## युवक से चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के पुलिस थाना हटली के थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मिलकर क्षेत्र को नशा मुक्त करने के लिए दिन-रात डटे हुए है। शुक्रवार रात को एएसआई शैलेन्द्र ठाकुर, आरक्षी प्रवीन कुमार, आरक्षी नरेंद्र कान्त और चालक सुरेन्द्र सिंह भाम्बला से सुलपुर-बही गांव की तरफ गश्त पर थे तो एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर रोहित भारती उम्र 32 साल पुत्र अजय कुमार गांव व डाकघर वरोटा की तलाशी ली और उसके कब्जे में 1.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस थाना हटली ने आरोपी के खिलाफ मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की।

## 23 को पांगणा में होगा खुला दरबार कार्यक्रम

**करसोग।** एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 23 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह परिसर पांगणा में खुला दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पांगणा, कलाशन, मशोग, सुई-कुफरीधार व कनेरी माहोग की आम जनता की समस्याओं को सुना जाएगा ।

# कांग्रेस का पदाधिकारी और विधायक मिलकर लगा रहे लकड़ी का प्लांट : भूपेंद्र



लकड़ियों के लगे ढेर।

**धर्मपुर में लकड़ी कटान की जांच करवाने के फैसले का माकपा ने किया स्वागत**

**रितेश, सरकाघाट**

धर्मपुर में अवैध लकड़ी कटान का मुद्दा शनिवार को विपक्ष द्वारा विधानसभा में उठने पर मुख्यमंत्री ने इसकी जांच के आदेश देने का बयान देना पड़ा जो धर्मपुर के विधायक के लिए बड़ी समस्या और बेइज्जती का मामला है। क्योंकि ये सैकड़ों टन लकड़ी विधायक के गृह गांव में डंप हुई है और ये चर्चा है की सत्ताधारी पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और विधायक मिलकर कोई लकड़ी का कोई प्लांट यहां लगाने वाले हैं जिसके लिए ये सब लकड़ी इकट्ठी की गई है। लेकिन अभी तक इसकी कोई औपचारिक स्वीकृति नहीं है और लकड़ी इकट्ठी कर दी गई है। अब जब इसकी जांच होगी तो यहां के विधायक का क्या होगा इस पर भी सवाल खड़े होंगे।

माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद ने मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में दिए जांच की घोषणा का स्वागत किया है और विधायक से इसके बारे में स्थिति स्पस्ट करने की मांग की है।

क्योंकि दो साल में ही ऐसे कई मामले सामने आना शुरू हो गए हैं जो इस सरकार को बट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। जिसमें आपदा राहत की सहायता वितरण, अटल आदर्श विद्यालय को नीजि हाथों में देने के बहाने अपने समर्थकों को फायदा देना लोकनिर्माण व जलशक्ति विभागों के ठेकों में बन्दरवाट इत्यादि कई ऐसे मुद्दे हैं जो दो साल में सामने आ रहे हैं जो यहां के उन वोटरों को निराश और परेशान कर रहे हैं जिन्होंने दो साल पहले यहां बहुत बड़ा राजनीतिक बदलाव किया था। इसलिए मुख्यमंत्री को इन सब मुद्दों के बारे में भी संज्ञान लेना चाहिए।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**





लडभड़ोल में रक्तदान शिविर के दौरान की तस्वीरें।

लडभड़ोल के हिम फ्लावर पब्लिक स्कूल में समर्पण सोशल वेलफेयर सोसायटी कुंसल और हिम युवा जन कल्याण संगठन के संयुक्त प्रयास से 29वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय रांझा राम (पूर्व भारतीय नौसेना) की स्मृति में आयोजित हुआ, जिन्होंने देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में दीपक गोडवाल ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम कार्य है और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। कार्यक्रम में टांडा ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं और रक्तदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 40 रक्तदाताओं ने भाग लिया। हिम फ्लावर पब्लिक स्कूल के प्रबंधन और प्रधानाचार्य विकास उपाध्याय तथा विशाल उपाध्याय का विशेष योगदान रहा।

समर्पण सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से सनवीर ठाकुर और राजेश कुमार ने कार्यक्रम में शामिल सभी रक्तदाताओं, गणमान्य अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

शिविर के समापन पर स्कूल प्रबंधन समिति और उपस्थित गणमान्य सदस्यों का सम्मान किया गया। यह रक्तदान शिविर सामाजिक सहयोग और मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता की सेवा की मिसाल कायम की।

# स्कूलों के समारोह में राजनीति करने पर भड़की भाजपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



स्कूल में कार्यक्रम का दृश्य।

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के नाम पर जमकर राजनीति की जा रही है , बल्कि यह कार्यक्रम हारे हुए नेताओं को खुश करने के लिए देर शाम अंधेरे तक आयोजित किया जा रहे हैं।

सरकाघाट मंडल भाजपा के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण आयोजन के दौरान स्कूलों में कांग्रेस पार्टी से संबंधित लोगों पर सरकारी पैसे का मोमेंटो देकर स्टेज पर सम्मानित करने के नाम पर धन का भी दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि स्कूलों का जो वार्षिक समारोह या पारितोषक वितरण समारोह होता है वह सिर्फबच्चों को ही सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है न की किसी राजनीतिक व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल सरकाघाट इसका विरोध करता है। इस पर रोक न लगाई गई तो सरकाघाट मंडल भाजपा द्वारा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रिंसिपल का घेराव किया जाएगा और इन हारे व नकारे नेताओं को बुलाने वाले स्कूलों के प्रधानाचार्यों के खिलाफ भी प्रदर्शन किया जाएगा ।

समारोह में किसी चुने हुए प्रतिनिधि कोई बुलाया जाए चाहे वह वार्ड सदस्य ही क्यों ना हो लेकिन जो लोग स्कूलों में जाकर राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं उनका जमकर विरोध किया जाएगा ।

## युवती का फेक फेसबुक आईडी बनाकर डाली अश्लील फोटो

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल की एक युवती का फेक फेसबुक अकाउंट बना कर उसमें अश्लील फोटो डालने पर थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में युवती ने कहा है कि उस रजनीश कुमार बटबाड़ा क्षेत्र का रहना वाला बताया गया है के साथ उसकी फेसबुक के माध्यम से संपर्क हुआ और यह दोनों आपस में मिलते रहें। जब इसने रजनीश के साथ मिलना बंद कर दिया तो उसने उसके नाम की एक फेक फेसबुक आईडी बनाकर उसमें अश्लील फोटो डाल दिया। जब उसने विरोध जताया को आरोपी ने उसे और उसके माता-पिता को धमकाया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गृहमंत्री के खिलाफ हो संवैधानिक कार्रवाई : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के पदाधिकारी प्रेस बयान जारी करते हुए।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया बयान अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि भीम राव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान से देश प्रदेश का शासन प्रशासन चलता है और पंचायत पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक संविधान के मुताबिक ही शपथ लेते हैं। डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व राजनीति से नहीं तोला जा सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर राष्ट्र की धरोहर हैं, उनके आदर्शों और बताए गए रास्तों पर ही चलकर ही राष्ट्र सुरक्षित है।

चमन राही ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर के अपमान को लेकर विरोध प्रदर्शन करना राष्ट्र हित में है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ऐसे मामलों पर कड़ा संज्ञान लें और राष्ट्रपति से गृहमंत्री के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई की मांग करें। चमन राही ने कहा कि देशभर में लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। दोबारा ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कड़ा संज्ञान लिया जाए। चमन राही ने कहा कि संविधान निर्माता की शान से टकराएगा वो चूर चूर हो जाएगा। इस मौके परिषद के राज्य संयोजक सन्नी ईपन, संयुक्त सचिव शोएब अख्तर सहित आदि मौजूद थे।

# कनैड विद्यालय में मनाया बाल मेला

**भीम बसेड़ू, महादेव**

पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड में अंतर जिला बाल मेला मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप कश्मीर सिंह चौधरी जिला उपनिदेशक मंडी गुणवत्ता नियंत्रक व जिला परियोजना अधिकारी सतत समग्र शिक्षा अभियान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चौहान ने शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

विद्यार्थियों, मंथन मंडल (डिबेट क्लब) विद्या वैभव मंडल, डिजिटल क्यूयेस्ट, कल्चर एवं लर्न सोशल साइट्स आदि गतिविधियों में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में।

# एसपीयू में राष्ट्रीय एकता व भारत एकीकरण पर 26 से होगी संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता और भारत का एकीकरण विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 26-27 दिसंबर को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय संगोष्ठी के कुलपति और संरक्षक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डालना है।

चंद्रशेखर विधायक धर्मपुर और एसपीयू की कार्यकारी परिषद के सदस्य समारोह के मुख्यातिथि होंगे। प्रो. एडीएन वाजपेयी राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए आमंत्रित वक्ता होंगे प्रोफेसर अवस्थी ने कहा कि सेमिनार में दर्शकों को प्रभावी ढंग से शामिल करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र, पेपर प्रस्तुतीकरण और चर्चाएं भी शामिल होंगी। छात्रों को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत दिखाने के लिए मंडी शहर का दौरा आयोजित किया जाएगा।

## अपने फैसले पर पुनर्विचार करे प्रदेश सरकार : नवनीत

**मंडी।** राज्य स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश ने कर्मचारी भर्ती एवं सेवा विधेयक को कर्मचारी विरोधी करार दिया। इस विधेयक की कड़े शब्दों में निंदा की। यह बात नवनीत गुलेरिया उपाध्यक्ष राज्य स्वास्थ्य समिति अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश ने कही।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और कर्मचारियों को अनुबंध सेवाकाल की वरिष्ठता को जोड़कर ही कर्मचारियों को पेंशन एवं पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए।

# राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड का घेराव करेगी सीटू : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी की बैठक कामरेड तारा चंद भवन मंडी में राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम विशेष तौर पर शामिल हुए। सीटू से सबंधित निर्माण मज़दूर फेडरेशन के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में दर्जनों फोरलेन, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, रेलवे लाइन व हाईडल प्रोजेक्ट बन रहे हैं लेकिन इनमें कम्पनियों द्वारा हिमाचल सरकार के शर्तों के अनुसार 80 प्रतिशत रोजगार हिमाचलीयों को नहीं दिया जा रहा और श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है।

बैठक में सरकार की शर्तों अनुसार अस्सी प्रतिशत रोजगार हिमाचल के मजदूरों को देने की मांग उठाई गई। इसके अलावा राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड में पिछले तीन साल से एक लाख मजदूरों के लाभ जारी न होने और मज़दूरों का नवीनीकरण, पंजीकरण व अन्य वित्तिय लाभों के आवेदनों को ज़िलों व बोर्ड राज्य कार्यालय में समय पर न लेने और अधिकारियों द्वारा अपनी मनमर्जी से नए दिशा-निर्देश बोर्ड में डिस्कस किए बगैर जारी करने के ख़िलाफ़ जनवरी के दूसरे सप्ताह में शिमला में बोर्ड कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

**रोष** बस सेवा बहाल न होने पर सरकाघाट निगम के विरुद्ध प्रदर्शन की चेतावनी

# अम्बलागलु वाया जहमत-खलयाना बस न चलने से लोग परेशान

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

पथ परिवहन निगम सरकाघाट की अम्बलागलु वाया जहमत खलयाना चलने वाली बस सेवा पिछले चार दिनों से निर्धारित रूट पर नहीं चल रही है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बस सेवा को विभाग द्वारा किसी नए रूट पर चलाया जा रहा है जिससे तीन पंचायतों के दर्जनों गांव के हजारों लोगों में भारी रोष है।

जहां लोग एचआरटीसी पर विश्वास जता कर अपनें गंतव्य तक पहुंचते है वहीं बस न आने से अब लोगों को पैदल और पगडंडी और अपनी जेब भारी किराए का भुगतान कर सफर करनें के लिए मजबूर हो गए है। स्थानीय लोगों में शक्ति यूथ क्लब के प्रधान नरेन्द्र पाल, उप प्रधान कर्म सिंह, स्थानीय लोग कृष्ण, किरपा, रिंकु, ओम प्रकाश, अमर सिंह, सतीश कुमार, राकेश, अमी चन्द, लेख राम, विनिया राम का कहना है कि अम्बलागलु वाया जहमत खलयाना बस सेवा को तुरंत अपने निर्धारित रुट पर भेजा जाए ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं बस सेवा बंद करने से गुसाएं लोगों का कहना है कि यदि इस बस सेवा को जल्द बहाल नहीं किया जाता है तो हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट के विरुद्ध दो सप्ताह बाद बलद्वाड़ा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसके लिए पथ परिवहन निगम जिम्मेदार होगा।



### सड़क ठीक होने पर बस को चला दिया जाएगा

**इस** बारे में क्षेत्रीय प्रबंधक सरकाघाट मेहर चंद से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह बस सेवा पहले बलद्वाड़ा, उखला, वारिस, खलयाना के लिए चलती थी और लगभग एक वर्ष पहले यह बस सेवा सड़क खराब होने के कारण बंद थी व लोगों के कहने पर इस बस सेवा को अम्बलागलु वाया जहमत खलयाना चलाया गया था। परंतु अब सड़क ठीक होने पर इस बस सेवा को लोगों की डिमांड पर निर्धारित रुट पर चला दिया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई बंदरबांट की हो जांच : बिट्टा



**धर्मपुर।** धर्मपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना में कुछ पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पात्र लोगों की अनदेखी व अपने चहेते लोगों को फायदा पहुंचाने के मामले सामने आए हैं।

धर्मपुर क्षेत्र वार्ड लौंगणी-32 के जिला पार्षद जगदीश चंद बिट्टा ने उपमंडल अधिकारी को लिखित शिकायत दी है कि धर्मपुर के लिए इस वर्ष प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ पंचायत प्रतिनिधि पात्र लोगों की अनदेखी कर रहे हैं। एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि शिकायत मिली है जिसे खंड विकास अधिकारी धर्मपुर को जांच के लिए प्रेषित कर दिया है।

# मंडी विश्वविद्यालय की बिल्डिंग पर एमएलएसएम कॉलेज का अधिकार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल सेल के महासचिव पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने सरकार द्वारा मंडी विश्वविद्यालय की सुंदरनगर कैंपस के भवन को एमएलएसएम कॉलेज को सौंपने का स्वागत किया है।



अरुण प्रकाश आर्य ।

पंडित अरुण प्रकाश ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मंडी विश्वविद्यालय की सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग को निजी कॉलेज को सौंपे जाने के मुद्दे पर तथ्यों को जाने बिना प्रदेश भर में भाजपा भ्रम फैला रही है। प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर मंडी विश्वविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग को खाली करके एमएलएसएम कॉलेज को हस्तांतरित करे, जिस पर एबीवीपी और भाजपा द्वारा विरोध जताया जा रहा है।

जहां एक तरफ सुंदरनगर के एमएलएसएम कॉलेज को सरकार द्वारा भवन दिया गया है, वहीं भाजपा नेता इसका विरोध कर रहे हैं जबकि उन्हें इसका स्वागत करना चाहिए। पंडित अरुण प्रकाश ने कहा कि इस मुद्दे पर भाजपा और एबीवीपी बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे हैं। जांचके बाद निर्णय लिया कि बिल्डिंग का वास्तविक अधिकार एमएलएसएम कॉलेज का है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री से मिले प्रशांत और शुभम



**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा कांग्रेस ऊना के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शनिवार को तपोवन में मिले। मिलने वालों में ऊना जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत राय और हरोली युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम जोशी शामिल थे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उन्हें पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान को आपसे पार्टी का काम आगे बढ़ाने में बहुत उम्मीदें हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप हाईकमान की इन उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

### सासन के मेधावियों को रायजादा ने नवाजा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सासन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

### आयुष विभाग ने छात्रों का स्वास्थ्य जांचा




**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बंगाणा में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में प्रकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें आयुष विभाग ऊना द्वारा डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. वरुण गोयल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. वरुण व डॉ. दीपिका ने आईटीआई के स्टाफ व प्रशिक्षणार्थियों का प्रकृति प्रशिक्षण किया, जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर थी व प्रकृति प्रशिक्षण के महत्व के बारे में उनको जानकारी दी। इसमें आईटीआई बंगाणा के 250 प्रशिक्षणार्थियों व स्टाफ का परीक्षण किया गया। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बंगाणा के प्रधानाचार्य पुनीत कुमार द्वारा दी गई तथा आयुष विभाग की डॉक्टर टीम का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।

### कपिल को अध्यक्ष, प्रशांत को महामंत्री की कमान



**अनंत ज्ञान, अंब।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के वैनर तले आज ऊना जिले के अंब ब्लॉक में पत्रकारों की बैठक हुई, जिसमें प्रभारी स्पर्श शर्मा और मुख्यातिथि राज्य उपाध्यक्ष पंकज कतना और एचपीयूजे के जिलाध्यक्ष भारत भूषण की उपस्थिति में ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। इसमें कपिल सूद को सर्वसम्मति से अंब इकाई का अध्यक्ष, ऋषभ को उपाध्यक्ष, प्रशांत को महासचिव, विवेक को सचिव तथा राम प्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कपिल सूद ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष के नाते संगठन की नीतियों के तहत संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। बैठक में आगामी कार्यों के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान पत्रकारों को पेश आ रही समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा बैठक में हुई। इसमें प्रस्ताव पास किया गया कि प्रशासन और सरकार को पत्रकारिता करते समय आ रही समस्याओं बारे अवगत करवाया जाएगा, ताकि सरकार और प्रशासन पत्रकारों के हित में निर्णय लेकर पत्रकारों के हितों की सुरक्षा करे। इस अवसर पर गोपाल शर्मा, अमन कुमार, अक्की रतन, मीनाक्षी और साक्षी उपस्थित रहे।

### कमेटी ने जिले के खनिज पट्टों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** ऊना जिले के खनिज पट्टों को स्वीकृति प्रदान करने से पहले शनिवार को इन्वायरमेंट क्लीयरेंस कमेटी ने जिले के खनिज पट्टों का मौका पर पहुंच कर निरीक्षण किया। शिमला से डीएस राणा की अगुवाई में आई ईसीसी कमेटी के सदस्यों ने हरोली व गगरेट क्षेत्र के उन खनन पट्टों पर पहुंचकर निरीक्षण किया जिनका या तो नवीनीकरण किया जाना है या फिर जिन्हें नए सिरे से लीज पर दिया जाना है। ऊना जिले की सोमभद्रा नदी व इसकी सहायक खड्डों से खनिज के रूप में निकलने वाली भवन निर्माण सामग्री के लिए कई लोगों द्वारा खनिज पट्टे लीज पर लेने के लिए संबंधित महकमे के पास आवेदन किया है। इन खनिज पट्टों को लीज पर देने से पहले ईसीसी द्वारा फिजिकल वेरीफिकेशन किया गया। बताया जा रहा है कि लगभग तमाम खनिज पट्टे विभागीय नियमानुसार सही पाए गए हैं। इन खनिज पट्टों को लीज पर देने से प्रदेश सरकार का खजाना भी भरेगा। इसके लिए लीजधारक को प्रति मीट्रिक टन प्रदेश सरकार को रायल्टी चुकानी होगी। इससे पहले भी कई खनिज पट्टे जिला ऊना में लीज पर दिए गए हैं, जिन से प्रदेश को रायल्टी के रूप में अच्छी खासी आमदन हो रही है तो आम आदमी की भवन निर्माण संबंधी जरूरतें पूरी हो रही हैं।

### पुलिस कर्मियों ने लगाई ध्यान की क्लास



**ऊना।** पुलिस लाइन ऊना में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला पुलिस ऊना के पुलिस कर्मचारियों के द्वारा हिस्सा लिया गया। इस दौरान ध्यान प्रशिक्षक स्वाति शुक्ला एवं मिताली शर्मा द्वारा ध्यान की प्रक्रिया एवं इससे होने वाले लाभ से पुलिस कर्मचारियों को अवगत करवाया गया।

### संसद मामले पर भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** कांग्रेस द्वारा भारत रत्न डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर के अपमान एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में ऊना में भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में भाजयुमो व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले के तमाम बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कांग्रेस के इस प्रकार के आचरण को कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता और समाज के हर वर्ग में इसके खिलाफ रोष है। इस अवसर पर बलबीर बग्गा, राजेश ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

# अंबोटा पंचायत के पुनर्गठन के प्रस्ताव से हिलने लगा आपसी सौहार्द का ताना-बाना

## गांववासियों ने प्रस्ताव पारित कर गांव की एकता को छिन्न-भिन्न न करने की प्रदेश सरकार को दी दुहाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

- गांववासियों ने एकता को लेकर की नारेबाजी
- बोले-शिवबाड़ी को किसी भी सूरत में अंबोटा से पृथक नहीं होने देंगे

प्रदेश सरकार ने पंचायतों के पुनर्गठन के लिए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मंगवाने का जिन्न बोतल से बाहर क्या निकाला कि कई पंचायतों में आपसी सौहार्द व समरसता का ताना-बाना हिलने लगा है।

विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा के पुनर्गठन को लेकर भेजे गए प्रस्ताव पर गांववासी आपस में बंट कर रह गए हैं। जिस गांव की एकता की मिसाल हर जगह दी जाती थी, क्षेत्र की उस सबसे बड़ी पंचायत में लोग इस मुद्दे पर एक-दूसरे को आंखे दिखाने लगे हैं। शुक्रवार को भी इस मुद्दे को लेकर कई गांववासी ग्राम पंचायत कार्यालय में एकत्रित हुए और बकायदा प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार को गांव की आपसी एकता व सौहार्द को छिन्न-भिन्न न करने की दुहाई दी।

पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्विनी ठाकुर, पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान सुरेंद्र सिंह कंवर, पूर्व बीडीसी सदस्य सुरम सिंह, शहीद भगत सिंह क्लब के प्रधान मुनीष ठाकुर, राकेश ठाकुर, ठाकुर हरदीप सिंह, रणजोध सिंह, हरीश ठाकुर, अजय ठाकुर, राजीव कुमार, संजीव कुमार, रंजीत सिंह, राजेश ठाकुर, नीशु सूद सहित कई लोगों ने कहा कि ग्राम पंचायत अंबोटा का अपना इतिहास है और धार्मिक महत्व से भी यह पंचायत दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। ग्राम पंचायत अंबोटा में स्थित धार्मिक स्थल शिवबाड़ी में लोगों की अगाध आस्था है। शायद कुछ लोग अपने व्यक्तिगत हित साधने के लिए इस पंचायत के विघटन पर उतारु हैं।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अंबोटा का श्मशानघाट तक शिवबाड़ी में है तो शिवबाड़ी पूरे गांव की धरोहर है। अगर इसे अलग कर अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाता है तो इसके साथ से अंबोटा का नाम सदा-सदा के लिए हट जाएगा। हो सकता है कि भविष्य में अलग पंचायत होने के चलते अंबोटा ग्राम पंचायत के वाशिंदों को शिवबाड़ी श्मशानघाट तक का इस्तेमाल करने से रोका जाए। गांववासी ऐसी परिस्थितियां कभी पैदा नहीं होने देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री व विधायक राकेश कालिया से मांग की है कि अंबोटा गांव से जुड़े धार्मिक महत्व के शिवबाड़ी को अलग करने की रची जा रही साजिश को रोका जाए।

गांववासियों ने अंबोटा की एकता को लेकर नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि अगर संबंधित विभाग चतेहर को अलग पंचायत का दर्जा देना चाहता है तो उन्हें एतराज नहीं है लेकिन शिवबाड़ी को किसी भी सूरत में अंबोटा से पृथक नहीं होने दिया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव धर्मपाल मान का कहना है कि अंबोटा गांव के पुनर्गठन के लिए पुनर्विचार करने को लेकर प्रस्ताव डाला गया है। अभी पंचायत का पुनर्गठन नहीं हुआ है।

# बंगाणा कॉलेज के छात्रों ने स्वच्छता पर जलाई अलख



स्कूली छात्रों के लिए लगाए गए जागरूकता शिविर में शामिल प्रतिभागी और प्रबंधक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस इकाई द्वारा एकदिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखना था।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने परिसर के विभिन्न हिस्सों से कूड़ा-कचरा उठाया और घास व खरपतवार को हटाया। इसके अलावा फूलों के गमले की सफाई भी की गई। सभी कचरे को उचित स्थान पर निपटाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत छात्रों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

इस दौरान सिकंदर नेगी और प्रोफेसर कृष्ण चंद सहित एनएसएस कैप्टन तीक्ष्ण, एनएसएस प्रेजिडेंट गौरव, एनएसएस वाइस प्रेजिडेंट शुभम शर्मा, सचिव परीक्षा अन्य महाविद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे। शिविर के समापन पर छात्रों को जलपान प्रदान किया गया। इस स्वच्छता अभियान को लेकर छात्रों में अच्छा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इसे भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# कुठार कलां-कुठार खुर्द-ऊना मार्ग का होने लगा कायाकल्प



सड़क के सुधार का शुरू हुआ कार्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शहर से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय होते हुए गांव कुठार कलां को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण (सुधार) किया जा रहा है। इस सड़क किनारे डंगे लगाने का कार्य प्रगति पर हैं जिसे देखते हुए ग्रामीणों में काफ़ी खुशी है।

बता दें पिछले कई सालों से इस सड़क की हालत बहुत दयनीय हो गई थी और बरसात के दिनों में सड़क पर गड्ढे होने से कई हादसे भी हो चुके थे। अब संबंधित विभाग द्वारा इस सड़क का मरम्मत कार्य शुरू किया जा चुका है। इस अवसर पर गांव कुठार खुर्द और मणि महेश कॉलोनी निवासी अरुण कौशल, वदना, महेश चौधरी, नितिन , अजय , अंबिका , दिनेश आदि ने विभाग का आभार व्यक्त किया है। इस मौक़े पर युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने कहा कि इस साल जुलाई महीने में मीडिया के माध्यम से उन्होंने इस सड़क के मरम्मत के लिए विभाग से अनुरोध किया था जिस पर विभाग ने संज्ञान लेते हुए बारात के बाद इस सड़क के चौड़ीकरण और नवीनीकरण की बात कही थी। जिस पर अब कार्य शुरू हो गया हैं।

# धर्मांतरण के आरोप पर दो गुटों में टकराव

**अनंत ज्ञान, हरोली।** लोअर बढ़ेड़ा से पुलिस को सूचना मिली कि बढ़ेड़ा में एक व्यक्ति के घर में कुछ क्रिश्चियन लोग आपस में बैठकर धर्म का प्रचार कर रहे हैं, जिसकी सूचना पर पुलिस मौका पर पहुंची। जहां पर 7-8 पुरुष और कुछ महिलाएं और बच्चे एक आयोजन में बैठे हुए पाए गए।

घर के मालिक ने बताया कि उनके बच्चे का जन्मदिन है, उस उपलक्ष्य में उसने उन लोगों को वहां बुला रखा है, परंतु मौके पर आए पंचायत प्रतिनिधि और उनके गांव वालों ने यह आरोप लगाया कि यह लोग यहां धर्म परिवर्तन के नाम पर इकट्ठे हुए हैं जिनकी शिकायत पर अभियोग दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष ने भी पंचायत प्रधान और उसके साथियों पर धक्का मुक्की करने गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है, जिस पर भी अभियोग दर्ज किया गया है।

# 'बेटा, बेटी, एक समान' पर दिया जोर

## चड़तगढ़ तथा लमलेहड़ा स्कूल में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




स्कूली छात्रों के लिए लगाए गए जागरूकता शिविर में शामिल प्रतिभागी और प्रबंधक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बाल विकास परियोजना ऊना के पर्यवेक्षक वृत्त फतेहपुर और रायपुर में वृत्त स्तरीय शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़तगढ़ तथा राजकीय मिडल स्कूल लमलेहड़ा में पर्यवेक्षक वृत्त फतेहपुर नानकी देवी व लमलेहड़ा में पर्यवेक्षक संतोष कुमारी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के बारे में जानकारी दी। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना का उद्देश्य लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं की दक्षता में सुधार करना और जागरूकता पैदा करना है।

बेटियों में भेदभाव न हो उसके लिए 'बेटा, बेटी, एक समान' पर जोर दिया। लड़कियों को शिशु लिंग अनुपात बारे, अधिकारों बारे, हेल्पलाइन नंबर बारे, फ्रॉड कॉल बारे, विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी गई। इस मौके पर चड़तगढ़ व राजकीय प्राथमिक पाठशाला लमलेहड़ा की स्टाफ सदस्यों में मैडम ऋचा, राजीव कुमार, सुखविंद्र कौर, अंजना, आरती शर्मा, मंजू देवी, निशा देवी, दिपावली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं आशा देवी, गुरविंद्र, रजनी, आशा, शीला, कांता, मीना, बलविंदर भी मौजूद रहीं।

# मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति निशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने का हकदार : अनिता शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा जानकारी देते हुए।

- मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने पर प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार डीएलएसस के सेमिनार हॉल में शनिवार को मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिता शर्मा, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओपी शर्मा, ऊना पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी शामिल रहे।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिता शर्मा ने कहा कि मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति एमएचसीए के तहत अपने किसी भी अधिकार का प्रयोग करने के लिए निशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने का हकदार है। उन्होंने कहा कि इस अवसाद से ग्रसित व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित या वित्त पोषित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से उपचार और देखभाल तक पहुंचने का अधिकार है। ऐसे व्यक्ति को समाज का हिस्सा बने रहने और उससे अलग-थलग न किए जाने का भी अधिकार है। इसके अलावा उन्हें क्रूरता, अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार से सुरक्षा का अधिकार भी प्राप्त है।

अनीता शर्मा ने इस कार्यक्रम के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में परिवारों और देखभाल करने वालों को शिक्षित करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता फैलाने के लिए कानूनी सहायता वकीलों और पैरालीगलों को निर्देशित किया गया, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों वाले व्यक्तियों से संबंधित मामलों को संवेदनशील रूप से संभालने के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कानूनी सलाह और सेवाओं तक तत्काल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 का व्यापक रूप से प्रचार करने के लिए कहा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से डॉ. नवदीप जोशी, अधिवक्ता जिला कोर्ट ऊना सुरेश ऐरी, जिला कल्याण अधिकारी ऊना अनीता शर्मा तथा डीसीपीओ ऊना कमलदीप सिंह भी शामिल रहे।

# राघव ने प्रदेश महासचिव पद के लिए खुद को युवा चेहरे के रूप में किया स्थापित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



प्रदेश कांग्रेस के युवा विंग युवा कांग्रेस की चुनी गई संसद में जिला युवा कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राघव ठाकुर ने प्रदेश महासचिव पद के लिए प्रदेश में दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा वोट हासिल कर खुद को प्रदेश के सबसे चर्चित युवा चेहरे के रूप में स्थापित किया है। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवा कांग्रेस के माध्यम से राजनीति में पदार्पण करने वाले राघव ठाकुर ने महासचिव पद के लिए पंद्रह हजार से ज्यादा मत हासिल कर महासचिव पद के लिए प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। महासचिव पद के लिए प्रदेश भर के 31 युवा चेहरे मैदान में थे।

मूलरूप से विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के अंब कस्बे के निवासी राघव ठाकुर ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय युवाओं को दिया। राघव ठाकुर ने बताया कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से बेहद प्रभावित हैं क्योंकि ये दोनों नेता आम जनमानस की बात करते हैं। वह भी देश को जोड़ने की राजनीति में विश्वास रखते हैं न कि विघटनकारी ताकतों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युकां का कुनबा और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा कांग्रेस अहम भूमिका निभाएगी।

### अभिषेक बने विस क्षेत्र गगरेट के अध्यक्ष



विधानसभा क्षेत्र गगरेट से युकां अध्यक्ष का सेहरा अंबोटा गांव के अभिषेक ठाकुर से सिर सजा है। अभिषेक ठाकुर को युकां अध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। इससे पहले अभिषेक ठाकुर एनएसयूआई से जुड़े रहे हैं। उन्हें विधायक राकेश कालिया का खास सिपहसलार माना जाता है।



भगवती जागरण में माता जगदंबा का रूप धारण किए हुए रायशा वर्मा।

# कांग्रेस नेता संविधान की पुस्तकें पढ़ने का करें प्रयास : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य ह्यूमन राइट युवा बिंग के राज्य अध्यक्ष एवं जिला युवा मोर्चा के नेता अजय ठाकुर ने कहा कि जिस संविधान को हाथों लेकर कांग्रेस नेता घूम रहे हैं, जरा उस संविधान की कॉपी को पढ़कर देखें कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए क्या लिखा है।



अजय ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ओर भाजपा ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का हमेशा मान-सम्मान किया है और आज कांग्रेस पार्टी के नेता गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़ कर आंदोलन कर रहे हैं। देश की जनता जानती है कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को भाजपा ने ही मान-सम्मान दिया है।

**सम्मान** पाइयिथन गेम्स में हिमाचल प्रदेश और ऊना जिले के 50 बच्चों ने जीते हैं पदक

# पाइथियन खेलों के विजेता खिलाड़ियों का डीसी ने किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना**




पाइथियन खेलों के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते उपायुक्त जतिन लाल

हिमाचल प्रदेश पाइथियन काउंसिल के अध्यक्ष और पाइथियन काउंसिल इंडिया के अतिरिक्त महासचिव एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीए हॉल में प्रथम राष्ट्रीय सांस्कृतिक पाइथियन गेम्स 2024 में अव्वल रहे हिमाचल प्रदेश राज्य के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान पाइथियन खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे 50 पदक विजेता बच्चों को उपायुक्त ने शॉल देकर सम्मानित किया।

उन्होंने पदक विजेताओं के परिवारों को इस उपलब्धि की बधाई दी। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों के अभिभावकों ने बच्चों का हौसला अफजाई करने के लिए उपायुक्त का आभार जताया। जतिन लाल ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा में विजेता बच्चों ने ऊना जिले के साथ-साथ हिमाचल राज्य का नाम न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी रोशन किया है जोकि बहुत गर्व की बात है। जतिन लाल ने कहा कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स से हिमाचल के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मौका मिला।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया वे ज्यादा से ज्यादा खेलों से जुड़ें। खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स का आयोजन 12 से 15 दिसंबर तक पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में किया गया।

इसमें ऊना जिले के साथ-साथ हिमाचल के 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा 12 देशों के प्रतिभागियों ने भी इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि पाइथियन खेलों में संगीत, नृत्य, गायन, कविता, ड्राइंग और पेंटिंग, पारंपरिक खेल म्यूजिकल चेयर, रोलर म्यूजिकल चेयर, बोरी रेस, मल्लखंब, योग, आर्म रेसलिंग, रस्साकशी और टेनिस वॉलीबाल, मार्शल आर्ट गतका, ताइक्वांडो, कराटे, बागटूर और मयथाई और प्राचीन खेल गदायुद्ध का पुनरुद्धार, ई-स्पोर्ट्स, 50-बॉल क्रिकेट खेलें आयोजित हुई थीं।

इस अवसर पर क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान, जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड, एचपी योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष आचार्य महेंद्र शर्मा, एथलेटिक कोच राकेश चौधरी, कराटा कोच अजय ठाकुर, नीरज गौतम, कुंदन लाल, बाल कृष्ण सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, No. 3995970K NK Pushpinder Singh (Retd.) S/o late Sh. Prithi Singh R/o Vill. Dhirar, P.O Nagrota Gazian, Teh. Bhoranj Distt. Hamirpur (H.P) Declares that in my army records my wife Kesari Devi's DOB wrongly entered as 20-08-1976. Whereas her correct DOB is 20-06-1976. Please note.

## न्यूज ब्रीफ

### आनी के ढाबों में परोसी जा रही शराब, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी कस्बे के ढाबों में शराब परोसी जा रही है। फलस्वरूप पुलिस थाना आनी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आनी में ढाबों की तलाशी ली। इस दौरान आनी के न्यू बस स्टैंड और खाटल ( खड्ड ) के साथ रघुबीर सिंह स्टेडियम के साथ ढाबों की तलाशी के दौरान 21 बोतलें देसी शराब ऊना नं. 1 बरामद की गई है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि इस संदर्भ में केहर सिंह और राज कुमार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना आनी में मामले दर्ज कर लिए गए हैं।

### ग्रामीण ट्रांसमिशन लाइन से बनाएं उचित दूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लि. परियोजना कार्यांवयन इकाई शाढ़ाबाई जिला कुल्लू के अधीन 33 केवी पलचान, प्रीणी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन को 24 से 25 दिसंबर तक कभी भी सक्रिय किया जा सकता है। इंजीनियर लोकेश कुमार ने बताया कि यह ट्रांसमिशन लाइन 33 केवी सब-स्टेशन पलचान ( मनाली) से 220/33 केवी सब-स्टेशन, प्रीणी (मनाली) के साथ जोड़ी जाएगी। यह लाइन तहसील मनाली के अंतर्गत वशिष्ट, कोशला, चिचोगा, अलेऊ गांव से होकर गुजरती है। उन्होंने बताया कि उच्च क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन होने के कारण सभी ग्रामवासियों से आग्रह है कि इससे उचित दूरी बनाकर रखें।

### सरस्वती विद्या मंदिर सरसेई के होनहार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सरसेई में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि रोटरी कलब अध्यक्षा अल्का चौहान, कार्यक्रम अध्यक्ष हिमाचल होटल एवं रेस्तरां महासंघ अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर , मुख्य वक्ता हिमाचल शिक्षा समिति जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, रोटरी कलब सचिव अमिता ठाकुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सर्वप्रथम मुख्यातिथि व आए हुए अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा पारिवारिक रिश्तों के महत्व को अपने नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से पर्यावरण बचाओ, बेटी बचाओ और नशा मुक्ति से जागरूक करवाया। संस्कृत भाषा में कुल्वी नाटी और नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे । मुख्य वक्ता ओम प्रकाश ठाकुर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल देते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा देने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य रूप लाल शांडिल्य ने विद्यालय का वार्षिक वृतांत सबके समक्ष रखा। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। वर्ष में आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं के लिए भी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।



### चिकित्सा शिविर में 140 लोग हुए लाभान्वित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी की पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण 2 द्वारा इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के सौजन्य से 2 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन सैंज और नगवाईं में करवाया गया। इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन डॉ. ज्योतिमय जैन, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं द्वारा सैंज चिकित्सालय में किया गया। इस शिविर में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल से गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पियूष एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित चौहान ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। इस शिविर में कुल 140 लोग, जिसमें एनएचपीसी कार्मिक, संविदा कर्मियों, सीआईएसएफ एवं स्थानीय लोग लाभान्वित हुए। इस दौरान ज्यादातर लोगों की बीएमडी, ऑडियोमैट्री, पीएफटी, बीपी, शुगर इत्यादि की जांच की गई। इस अवसर पर के शाजी, महाप्रबंधक (विद्युत) एवं प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक सिविल, डॉ. मीरा जैन सीएमओ, डॉ. पिंकी रॉय सीएमओ एवं मेडिकल स्टाफ व अन्य एनएचपीसी लोग उपस्थित रहे।

### पलचान स्कूल में मेधावी छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान मनाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलचान ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर एटीवी एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण ठाकुर ने शिरकत की । वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीप प्रज्वलित कर नारायण ठाकुर और प्रधानाचार्य राहुल शाशनी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। स्टूडेंट्स ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया। कई छात्र-छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। मुख्यातिथि ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणात्मक शिक्षा जरूरी है। प्रधानाचार्य राहुल शाशनी ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की समस्त गतिविधियों से अवगत करवाया।



### कार्तिक बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनावों के परिणाम घोषित हो गए हैं, इसमें कुल्लू जिला से संबंध रखने वाले युवा नेता कार्तिक चौधरी ने प्रदेश में महासचिव के चुनाव में जीत हासिल की है। प्रदेश में 15 महासचिव युवा कांग्रेस के बनाए गए जिसमें 2678 वोट लेकर कार्तिक टॉप टेन में अपना सिक्का जमाने में कामयाब रहे। कार्तिक चौधरी पहले से ही युवा कांग्रेस में सक्रिय भूमिका में कार्य कर रहे थे। और अब वह प्रदेश में युवा कांग्रेस के महासचिव बने है।



# संसद में धक्का-मुक्की प्रकरण के खिलाफ कुल्लू में भाजपा का प्रदर्शन

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने निकाली विरोध रैली, जमकर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा युवा मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आज जिला मुख्यालय कुल्लू में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद परिसर में धक्का-मुक्की करके भाजपा के दो सांसदों को घायल करने व एक महिला सांसद के अपमान और कांग्रेस सांसदों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के अपमान को लेकर धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन रैली के दौरान जिला मुख्यालय कुल्लू में जम कर विरोध प्रदर्शन गया।

रैली के माध्यम से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं के खिलाफ जाम कर नारेबाजी की। रैली प्रदर्शन मैदान से शुरू होकर मालरोड़ ढालपुर होते हुए मुख्य चौक ढालपुर पहुंची। रैली में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय पर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष जनेश ठाकुर, जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह, नरोत्तम ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने विरोध प्रदर्शन रैली को संबोधित किया।



कुल्लू में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए।

अरविंद चंदेल ने रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस के अन्य सांसदों का संसद परिसर किए गए कृत्य की घोर निंदा की। उन्होंने ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अन्य सांसदों को चेताया कि यदि वे नहीं सुधरे तो भाजपा उनके खिलाफ भविष्य में उग्र प्रदर्शन करेगी। इस धरना प्रदर्शन रैली में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीम सेन शर्मा, प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, दानवेंद्र सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल सोलंकी, जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, सुभाष शर्मा जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, जिला भाजपा प्रवक्ता सौरव भारद्वाज, मनाली भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र मेहरा, पार्वती भाजपा मंडल अध्यक्ष संजू पंडित, भुंतर मंडल अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिला व मंडल भाजपा के पदाधिकारी सहित कार्यकारणी सदस्य, जिला भाजपा युवा एवं अनुसूचि जाति मोर्चा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी सहित कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

# च्वाई में 3 पंचायतों के लिए 'प्रशासन गांव के द्वार' कार्यक्रम कल से

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी के एसडीएम अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

वन विभाग के च्वाई विश्राम गृह में 23 दिसंबर को प्रशासन गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। च्वाई, शिल्ली और बखनाओं पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में प्रशासन के समक्ष शिकायतों और समस्याओं को प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशासन इन शिकायतों और समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

एसडीएम आनी नरेश वर्मा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन उपरोक्त दिन प्रात: 10 बजे के पश्चात किया जाना है। इस संबंध में एसडीएम अध्यक्षता में अपने कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने उपमंडल के सभी विभागध्यक्षों सहित खंड विकास अधिकारी को इस संबंध में उचित तैयारियां करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में लोग शिकायतें संबंधित पंचायतों के सचिवों के पास लिखित में दे सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम के दिन भी लोग अपनी शिकायतों को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशासन लोगों की शिकायतों का निवारण करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों से लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने की अपील भी की। उन्होंने ई-समाधान के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर भी बल दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागध्यक्षों को कार्यक्रम के दिन अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। नरेश वर्मा ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम लोगों की शिकायतों-समस्याओं को घर द्वार पर निपटाने का सरकार का एक प्रयास है। प्रशासन इस कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए तत्पर रहेगा।

# अनाथ और निराश्रित बच्चों के जीवन को बेहतर बनाना सरकार की पहल : रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बिहाली में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' तथा 'सुखाश्रय' योजना के सभी लाभार्थियों से बातचीत की। इस मौके पर बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित। उपायुक्त से बात कर बच्चे हुए प्रेरित एवं उत्साहित। उन्होंने उनके साथ आई हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुखाश्रय लाभार्थियों से समय समय पर उनके भविष्य के करियर के बारे में भी जानकारी देते रहने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि सुखाश्रय योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य अनाथ और निराश्रित बच्चों के जीवन को बेहतर बनाना है। इस योजना के तहत इन बच्चों को कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार की आर्थिक मदद, उच्च शिक्षा के लिए प्रतिमाह के अलावा 27 वर्ष तक पढ़ाई का सारा खर्च सरकार देगी, इसके पश्चात जो बच्चे अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उन्हें भी सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने नवजात बेटियों की माताओं को बधाई पत्र, 21 हजार की एफडी तथा बेबी किट भी वितरित किए। इस दौरान उपायुक्त ने बिहाली, तरेडा, सैंज में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा तथा राजकीय महाविद्याल सैंज के निर्माणधीन भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित विभागों को इस कार्यो को तेजी के साथ अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम पंकज, पीओडीआरडीए जयवंती, पीओ आईसीडीएस पदम देव, एनएचपीसी के अखिलेश त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।



# नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

'नेशनल एक्शन प्लान ऑन ड्रग डिमांड रिडक्शन' कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण विभाग कुल्लू द्वारा शनिवार को जिला के शालंग, गड़सा व कसोल में नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों ने गीत, संगीत व नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों का मनोरंजन करते हुए नशे की बुराइयों, इसके दुष्प्रभावों व नशा विरोधी कानूनों के बारे विस्तृत जानकारी दी।




कार्यक्रमों में मंच के कलाकार, नवनीत भारद्वाज, मानचंद, खूब राम, गोपाल, बलबीर, अशोक, डिंपल, चंपा, शीतल द्वारा समूहगीत, गांव गांव शहर शहर में यह अभियान चलाना है, छोड़ नशे की बुरी आदतें, सब को यह समझाना है। लोकगीत, छोड़ी दे मेरे सजना शराबो रा नशा, साथ ही नुक्कड़ नाटक, नशे को छोड़ जिंदगी की ओर के द्वारा समाज में फैल रहे आधुनिक नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में विभाग की ओर से गड़सा पंचायत प्रधान गंभीर सिंह, कसोल के उपप्रधान टहल सिंह,वार्ड पंच रीना देवी, प्रिया कुमारी, बबीता, महिला मंडल, युवक मंडल व व्यापार मंडल के सदस्य भी शामिल रहे। जिला कल्याण अधिकारी कुल्लू गिरधारी लाल शर्मा ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि नशा आज एक गंभीर सामाजिक बुराई का रूप धारण कर चुका है। युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है और जघन्य अपराधों को अंजाम दे देता है,हमें इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से मुंह, फेफड़े व आंत के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से नशे को छोड़ने का आह्वान किया। इस हेतु जिला में विभाग द्वारा नशा निवारण केंद्र स्थापित किए गए हैं, नशा छोड़ने के लिए इनकी सेवाएं ली जा सकती हैं।

# प्राध्यापक संघ ने सरकारी कर्मचारी नियुक्ति का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान बंजार।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय बंजार के लोकल यूनिट ने भी हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल-2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध जताया। इस मौके पर प्राध्यापक संघ ने कहा कि अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर माननीय उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया। माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले दिए। कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं परंतु अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी यह लाभ नहीं मिले। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल जिसको 12 दिसंबर 2003 से लागू माना जाएगा को लेकर आ गई, ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और माननीय न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके। जब प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू की थी तो कॉलेज प्राध्यापक संघ ने इसका स्वागत किया था और लगा था कि यह सरकार कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखेगी । लेकिन उसके बाद प्रदेश सरकार एक से एक बढ़कर एक कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है जैसे की यह कर्मचारी विरोधी बिल, स्ट्डी लीव पर जाने वाले प्रवक्ताओं को केवल 40 फीसद वेतन तथा पीरियड आधार पर गेस्ट फैकेल्टी रखना आदि फैसला। हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) इस इस बिल को वापस लेने की मांग करता है। यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया तो कॉलेज प्राध्यापक संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर संघर्ष का रास्ता अपने अपनाने को मजबूर होगा और इसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

# पौमिला ठाकुर ने शिवा बदार की देवियों की गाथाओं एवं लोक मान्यताओं पर रखे विचार



संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्य लोग तथा अपने विचार रखती साहित्यकार एवं लेखिका पोमिला ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एक दिवसीय संगोष्ठी 'देव परंपरा: इतिहास परंपरा एवं मान्यताएं' विषय पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद हॉल में किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सूत्रधार संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने की। इस संगोष्ठी का आयोजन हिमतरु प्रकाशन समिति तथा आशियां कला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी में कुल्लू, लाहौल तथा मंडी की देव परंपराओं से संबद्ध विद्वानों ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत कर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

संगोष्ठी में समाज सेवक महिमन चंद्र बतौर विशेष अतिथि सम्मिलित हुए। हिमतरु प्रकाशन समिति तथा आशियां कला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'देव परम्परा: इतिहास परम्परा एवं लोक मान्यताएं' विषय पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी में देव परंपराओं के ज्ञाता जय ठाकुर ने जमलू देवता के इतिहास पर जानकारी दी, शोधार्थी, टांकरी के विद्वान एवं इतिहासकार यतिन पंडित ने घाटी में देव मान्यताएं एवं मूल नाम व स्थान को लेकर वक्तव्य प्रस्तुत किया। लाहौल के विद्वान वांगचुक शास्त्री ने राजा घेपड की मूल गाथा पर जानकारी दी। मंडी से संबद्ध पौमिला ठाकुर ने शिवा बदार की देवियों की गाथाएं एवं लोक-मान्यताएं तथा हिमतरु की प्रधान संपादक इंदु परटयाल ने संकीर्ण, गाड़ा दुर्गातथा जोगनियों व बूढ़ी नागिन को लेकर लोक-मान्यताओं पर प्रकाश डाला।

मंच संचालन की भूमिका वरिष्ठ पत्रकार शशि भूषण पुरोहित ने निभाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सूत्रधार संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि हालांकि इस संगोष्ठी के अंतर्गत तीन विषय आते हैं, लेकिन विद्वानों ने इन सभी विषयों पर सारगर्भित जानकारी देकर सामन्जस्य स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू की देव परंपरा समृद्ध है, जिसका प्रचार विश्वभर में हैं।

# वार्षिकोत्सव में कुल्लवी नाटी बनी मुख्य आकर्षक का केंद्र

पतलीकूहल। शनिवार को राजकीय माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय पतलीकूहल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में राजीव ठाकुर पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत हलाण 2 व महासचिव कुल्लू फ्लोत्पादक मंडल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें सूर्य नमस्कार, देशभक्ति गीत और कुल्लवी नाटी मुख्य आकर्षक का केंद्र रही। साथ ही बच्चों को पूरे वर्ष भर प्राप्त उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। राधा को सर्वश्रेष्ठ छात्रा और पुष्पांजय को सर्वश्रेष्ठ छात्र चुना गया। वही पृथ्वी दिवस पर समीर ने भाषण प्रतियोगिता में, चित्रकला प्रतियोगिता मे अनमोल नारा लेखन में महक कुमारी, विश्व पर्यावरण दिवस भाषण प्रतियोगिता में महक थपलियाल, चित्रकला प्रतियोगिता में अनमोल, नारा लेखन में राधा, योग दिवस नारा लेखन में हर्षित, चित्रकला में अनमोल , योगासन प्रतियोगिता में पुष्पांजय, भाषण प्रतियोगिता में राधा प्रथम रहे।



# विजय ठाकुर बने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस कार्यकारिणी का चयन हो गया है। विजय ठाकुर की बतौर अध्यक्ष ताजपोशी हो गई है। नई कार्यकारिणी के चयन के परिणाम आने के बाद शनिवार को आनी के विश्राम गृह परिसर में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया और पटाखे फोड़े। इस अवसर पर आनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी परस राम ने सभी को बधाई देते हुए बताया कि कांग्रेस हाईकमान के दिशा-निर्देशानुसार युवा कांग्रेस में विभिन्न स्तर पर अध्यक्षों के चयन के लिए इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया निभाई गई। 20 दिसंबर को देर शाम नए अध्यक्षों के चयन का परिणाम घोषित किया गया। इस प्रक्रिया में जिला कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष पद पर विजय ठाकुर की ताजपोशी हुई है। उनके साथ चुनाव में वरिष्ठता आधार पर दूसरे नंबर पर रहे। रमेश ठाकुर को उपाध्यक्ष, रवींद्र रब्बु और नितिन ठाकुर को महासचिव बनाया गया है, जबकि आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी ब्लॉक से राजेश ठाकुर अध्यक्ष, सौरव ठाकुर उपाध्यक्ष और दिनेश महासचिव नियुक्त हुए हैं, वहीं निरमंड ब्लॉक से अमन बिष्ट को अध्यक्ष, नगर पंचायत निरमंड से राकेश ठाकुर और आनी नगर से अमन आजाद को नगर अध्यक्ष चुना गया है। जिला के लिए प्रदीप ठाकुर, संजीव ठाकुर और दिनेश ठाकुर को नामित किया गया है। विजय ठाकुर और राजेश ठाकुर ने पार्टी हाईकमान, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। इस मौके पर बीसीसी आनी के पूर्व अध्यक्ष उत्तम ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी परस राम, प्रदेश महासचिव गोविंद शर्मा, चेतन चौहान आदि मौजूद रहे।



आनी विधानसभा क्षेत्र से नवनियुक्त युवा कांग्रेस कार्यकारिणी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी।

**पहल**

## जिला लाहौल-स्पीति की 45 ग्राम पंचायतों में एकदिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया

# स्वच्छता एक आदत नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली में अपनाएं: राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति की 45 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने ग्राम पंचायत युरनाथ से इस अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर एसडीएम रजनीश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी व महिला मंडल की महिलाएं, युवक मंडल व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

उपायुक्त व अन्य अधिकारी इस दौरान केलांग, खंगसर, सिस्सू तथा कोकसर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए और इस दौरान लगभग 15 क्विंटल के करीब कचरा एकत्रित किया जिसे उचित निस्तारण के लिए भेजा जा रहा है। उपायुक्त ने बताया की जिला की सभी ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक कचरा संग्रहरण-सह-पृथक्करण शैड स्थापित किए जा रहे हैं और अब तक 32 ग्राम पंचायतों में संग्रहण-सह-पृथक्करण शेड स्थापित कर कार्याशील हो गए हैं, जिनमें ठोस प्लास्टिक कचरा, प्लास्टिक व कांच की बोतलें, प्लास्टिक थैलियां और धातु को अलग-अलग रखने की सुविधा मौजूद हैं।




उपायुक्त ने लोगों एवं होम स्टे संचालकों तथा होटल मालिकों व हित धारकों से भी आह्वान किया है जिला में पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए कचरा एकत्रीकरण के उपरांत इन शैडो में अलग-अलग खानों में ही डाले, ताकि प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण के लिए समय व श्रम की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि हर 15 दिन के बाद प्लास्टिक कचरा व धातु को विलिंग और कोकसर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट सेंटर के प्लांट में उचित निस्तारण के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि हर महीने संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर फॉलोआप भी लिया जाएगा।

### स्वच्छता हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा

**उपायुक्त** ने यह भी कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और इसे बनाए रखना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में मदद करें। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जिसे हमें अपनाना चाहिए। स्वच्छता एक सामूहिक प्रयास का परिणाम है। जब हम सभी मिलकर अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का प्रयास करेंगे, तो हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण कर सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सराहां कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में रेड रिबन क्लब द्वारा 27 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले विश्व एड्स दिवस अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया। सर्वप्रथम रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा ने सभी का स्वागत किया एवं विश्व एड्स दिवस अभियान के तहत रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल सराहां में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत डॉ. रजत शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के बारीकियों से अवगत करवाया और साथ ही एचआईवी एड्स के लक्षण, कारण, उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर हेल्थ सुपरवाइजर बाबू राम अत्री, वरिष्ठ प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ, किरण कांत, शंभू नाथ, संजीव कुमार एवं 110 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ईवीएम तथा वीवी पैट का त्रैमासिक निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) भंडारण कक्ष का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोलन के कथेड़ स्थित भंडारण कक्ष में यह निरीक्षण किया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कंचन राणा, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत शर्मा, आम आदमी पार्टी के भरत ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बराड़ तथा सुनीता चौहान, तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान तथा नायब तहसीलदार सोलन जगदीश शर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे।

### शशिकांत बने यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**अर्की।** हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस चुनाव परिणाम में शशिकांत शर्मा ने प्रदेश महासचिव पद पर जीत हासिल की है। शशिकांत शर्मा अर्की विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता हैं। वर्तमान में वह बलेरा वार्ड से बीडीसी सदस्य हैं। उन्होंने प्रदेश स्तर पर मिली इस जीत के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### बड़ोग पंचायत में हृदय रोग पर किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुमारहट्टी-सोलन द्वारा बड़ोग पंचायत में हृदय रोगों के बारे में जागरूकता और मेरा स्वास्थ्य और मेरा अधिकार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एमएम नर्सिंग कॉलेज की डीन/प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर हरप्रीत कौर वाइस प्रिंसिपल भी मौजूद रही। एमएमयू सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य हृदय वाहिका रोग, इसकी रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और उपचार के बारे में जन-जन में जागरूकता बढ़ाना था।



### भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ निकाली रोष रैली



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** भाजपा जिला अध्यक्ष पांवटा साहिब विनय गुप्ता की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी ने रोष रैली निकाली। रैली पांवटा साहिब के लोक निर्माण विश्रामगृह से शुरू होकर गीता भवन और मुख्य बाजार से होते हुए वाल्मीकि चौक पहुंची और वहां राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनका पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा भाजपा के दो सांसदों के साथ जो धक्का-मुक्की की और उनको गंभीर चोटें आई हैं, जो वह काफी निंदनीय है। इसे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पांवटा मंडल अध्यक्ष हितेंद्र कुमार ने कहा कि राहुल गांधी सार्वजनिक माफी मांगें।

### कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दाड़लाघाट।** विद्युत अनुभाग कंधर के अंतर्गत गांव बागा, कंधर, बैरल, स्कोर, टोरटी, हवानी कोल और इसके आसपास के क्षेत्रों 22 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि 11 केवी एचटी लाइन के आवश्यक रख-रखाव कार्य के दौरान सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### अजय किन्नौर युवा कांग्रेस के बने अध्यक्ष



**रिकांगपियो।** भारतीय युवा कांग्रेस के अंतर्गत हालही में प्रदेश समेत जिला युवा कांग्रेस के चुनाव हुए थे, जिनके परिणाम शुक्रवार रात 9 बजे आए है। इसमें किन्नौर ज़िला से बटुरी गांव से संबंध रखने वाले अजय ठाकुर युवा कांग्रेस के नए नए अध्यक्ष चुने गए है। अजय ठाकुर 543 मतों से विजयी हुए है। वहीं, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष के चुनावों में कल्पा ब्लॉक से युवराज लोकट्स 211वोट, निचार ब्लॉक से रोहित नेगी 256 वोट, पूह ब्लॉक से तंजीन पालदेन 105 वोटो से जीते हैं। इसके अलावा इंद्र राज राठौर, गोपाल कृष्ण, कंचन कटोच, दिनेश कुमार, रिषभ नेगी, जिला युवा कांग्रेस महासचिव के पद हेतू विजयी हुए हैं। इस संदर्भ में नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी,केंद्र व प्रदेश कांग्रेस पार्टी हाईकमान व युवा कांग्रेस के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, पूर्व प्रदेश युँका अध्यक्ष नेगी निगम भंडारी व अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। नवनिर्वाचित युकां अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि निकट भविष्य में जिले के अंदर युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा के द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाए जा रहे गलत आरोपों का जवाब व सड़कों पर उतरकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात भी कही है।

# मोनिका, आयुष और नरेश को मिला बेस्ट एथलीट का पुरस्कार

## डिग्री कॉलेज सोलन की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



डिग्री कॉलेज सोलन की एथलेटिक मीट में दमखम दिखाते खिलाड़ी व अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डिग्री कॉलेज सोलन ने शनिवार को ठोडो मैदान सोलन में 63वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (एथलेटिक मीट) का आयोजन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरिलाल शर्मा रहे। डॉ. शर्मा ने इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर रिले दौड़ के साथ-साथ शॉटपुट, ऊंची कूद, लंबी कूद तथा भाला फेंक आदि प्रतिस्पर्धा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें लड़कियों के वर्ग में मोनिका और लड़कों के वर्ग में आयुष और नरेश को बेस्ट एथलीट का पुरस्कार दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. हरी लाल शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को खेलकूद में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें खेल भावना को अपने जीवन में भी अपनाना चाहिए। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी शविंद्र कायथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, रोवर एंड रेंजर, सीएसए पदाधिकारी एवं समस्त छात्र-छात्राएं, समस्त शिक्षक तथा गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

लड़कियों के ट्रैक एंड फील्ड के शार्टपुट में प्रिय ठाकुर, डिस्कस थ्रो में इशिता शर्मा, जेवलिन थ्रो में मिताक्षी और हाई जंप में स्नेहा प्रथम रही। 1500 मीटर दौड़ में साक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 और 400 मीटर दौड़ में मोनिका ने बाजी मारी। 200 मीटर दौड़ में रीना और 800 मीटर में स्नेहा प्रथम रही। लड़कों के ट्रैक एंड फील्ड के शार्ट पुट में नरेश ने पहला स्थान हासिल किया।

लॉन्ग जंप में काकू, हाई जंप में नितीश, डिस्कस थ्रो में नरेश और जेवलिन थ्रो में अकल ने बाजी मारी। लड़कों की 100 और 200 मीटर दौड़ में आयुष ने बाजी मारी, 400 मीटर दौड़ में काकू और 800 और 1500 मीटर दौड़ में सुशील ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंत में प्रिंसिपल ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया।

# मिशन के तहत नौणी विवि होगा प्राकृतिक कृषि केंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

> देशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है मिशन का उद्देश्य

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को हाल ही में लॉन्च किए गए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के सात केंद्रों में से एक के रूप में चुना गया है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत 2481 करोड़ रुपए परिव्यय के इस मिशन को हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य मिशन-मोड दृष्टिकोण के माध्यम से देशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सहित गुरुकुल, कुरुक्षेत्र, यूएएस धारवाड़; गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विश्वविद्यालय; तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय; रायथु साधिकारा संस्था, आंध्र प्रदेश और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची इस मिशन में प्रमुख प्राकृतिक कृषि केंद्र के रूप में चुने गए हैं। इस मिशन के तहत एक केंद्र के रूप में चुना जाना प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में नौणी विश्वविद्यालय के अग्रणी प्रयासों को रेखांकित करती है।

नौणी विवि के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस मिशन को शुरू करने के लिए भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से हम प्राकृतिक खेती में अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों में अग्रणी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह मान्यता प्राकृतिक खेती पर वैज्ञानिक डेटा उत्पन्न करने की विश्वविद्यालय की क्षमता को बढ़ाएगी और इस पर्यावरण-अनुकूल, टिकाऊ कृषि दृष्टिकोण के सत्यापन का समर्थन करेगी।

इस मिशन से हिमाचल प्रदेश को भी लाभ होगा, जहां कृषि विभाग के तत्वावधान में 1.7 लाख से अधिक किसान पहले से ही प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। हिमाचल सरकार ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गेहूं और 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से मक्का खरीदने वाला भारत का पहला राज्य बनकर भी इस दिशा में पहल की है। विश्वविद्यालय ने कृषि पारिस्थितिकी पर यूरोपीय आयोग द्वारा वित्तपोषित एक्रोपिक्स परियोजना के तहत 11 देशों के 15 से अधिक संस्थानों के साथ भागीदारी की है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

## दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने किया प्रेस विजिट



सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक राम कुमार चौधरी ने शनिवार को नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का विजिट किया। उनका टोपी-मफलर पहनाकर स्वागत किया और स्मृति स्वरूप मां चामुंडा का चित्र भेंट किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के कई बड़े मुद्दों को लेकर लंबी चर्चा हुई। सामूहिक चित्र में अखबार के सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, टीवी एंकर रीत वशिष्ट तथा 'अनंत ज्ञान' टीम के अन्य सदस्य। (बाएं) 'अनंत ज्ञान' अखबार का अवलोकन करते विधायक राम कुमार चौधरी।

## सत्ता विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं : तिलकराज

**रिकांगपियो।** किन्नौर भाजयुमो के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला के रिकांगपिओ में रोष रैली निकाली है। प्रदेश भाजयुमो के अध्यक्ष तिलक राज ने इस रैली की अध्यक्षता की।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य हालही में सदन के अंदर देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए भाषण को कांग्रेस द्वारा तोड़ मरोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल करने को लेकर था। इस दौरान प्रदेश के पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी, किन्नौर भाजपा के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह नेगी, प्रदेश एससी मोर्चा के सचिव रामकृष्ण,भाजपा के जिला महामंत्री चंद्र पाल नेगी आदि मौजूद रहे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने राहुल गाँधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता विरासत में मिल सकती है, पर बुद्धि नहीं। इसलिए राहुल गांधी को राजनीति छोड़ देना चाहिए।

# चेयरमैन ने वित्तीय स्थिति की दी जानकारी

## जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की वार्षिक आम सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



जोगिन्द्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की आम सभा में उपस्थित शेयर होल्डर व अन्य।

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की वार्षिक आम सभा का आयोजन सोलन में किया गया। इसमें बैंक ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक क्षण पर बैंक के सभी निदेशक, सोसायटी के सदस्य, शेयर होल्डर शामिल हुए। चेयरमैन मुकेश शर्मा ने बैंक वित्त वर्ष 2023-24 की वित्तीय स्थिति सभी के समक्ष प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल समय के मील का पत्थर नहीं है, अपितु यह सामूहिक प्रयासों, हमारी प्रतिबद्धता और हमारे समुदाय के प्रति सेवा भावना का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बैंक ने अपने कथेड़ स्थित नए भवन में संचालन आरंभ कर दिया है। यह भवन न केवल हमारे बैंक की प्रगति और स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी सामूहिक मेहनत, समर्पण, और सदस्यों के विश्वास का परिणाम है। यह नया भवन हमारे ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एक आधुनिक, सुलभ और सुविधा-संपन्न स्थान प्रदान करेगा। 1924 में स्थापित यह बैंक एक छोटे से संगठन के रूप में शुरू हुआ था।

उन्होंने कहा कि बैंक का नेट एनपीए 0 प्रतिशत, ग्रॉस एनपीए 3.54 प्रतिशत सीआरएआर के आवश्यक स्तर से बहुत ऊपर 15.57 प्रतिशत है जो कि बैंक की कुशल कार्यप्रणाली को दर्शाता है और इन आकड़ों की बदौलत अभी हाल ही में गोवा में बैंक को बेस्ट प्रोमिसिंग लीडरशिप बैंक के अवार्ड से नवाजा गया। वित्तीय वर्ष बैंक का कुल कारोबार 2000 करोड़ रुपऐ के आंकड़े को पार कर गया है। बैंक की कुल जमा राशि 1392 करोड़ रुपए है। कुल ऋण अग्रिम 611 करोड़ रुपए से अधिक है। बैंक की कार्यशील पूंजी 1825 करोड़ रुपए है। बैंक कीकुल संपत्ति 120 करोड़ रुपए है।

बैंक का सकल लाभ और शुद्ध लाभ साल दर साल बढ़ रहा है। इस अवसर पर बैंक के निदेशक बुध राम ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर , किरण कोंडल,डॉ जगदीश शर्मा, हजूरा सिंह, लाज किशोर, प्रबंध निदेशक पंकज सूद और करीबन 230 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

## खुले आसमां तले नहीं गुजरेंगी लोगों की रातें, नालागढ़ परिषद के रैन बसेरे में मिलेगा आश्रय

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** सर्द मौसम में लोगों को खुले आसमां तले नहीं नगर परिषद के रैन बसेरे में रात बिताने के लिए आश्रय मिलेगा। नगर परिषद नालागढ़ द्वारा सर्द रातों में ठिकाना न होने के चलते रेन शेलटर में रात गुजारने वालों को रात्रि ठहराव के लिए इधर-उधर नहीं भटकना होगा, अपितु उन्हें रैन बसेरे में ही आश्रय प्रदान किया जाएगा। परिषद के रैन बसेरे में पहले चरण में 25 बेडों की व्यवस्था कर दी गई है और यदि और आवश्यकता हुई तो अन्य बिस्तर भी लगा दिए जाएंगे। इसके लिए उनसे परिषद कोई शुल्क नहीं लेगी। बता दें कि सर्द मौसम में कई लोग आश्रय न होने के चलते वर्षा शालिकाओं व अन्य शैडों में रात बिताने के लिए बाध्य होने पड़ता है। नप अध्यक्ष वंदना बंसल ने कहा कि रैन बसेरे में लोग निशुल्क रात्रि काट सकेंगे और ठंड से भी बचे रहेंगे। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा ने कहा कि परिषद की ओर से जिनके पा रात्रि ठहरने की व्यवस्था नहीं है और रेन शेल्टर आदि में रात बिताते हैं, ऐसे लोगों के लिए रैन बसेरे में रात्रि काटने की व्यवस्था की गई है और यहां 25 बेड लगाए गए हैं आवश्यकता के अनुसार और बिस्तर लगा दिए जाएंगे, वहीं इनके खाने की व्यवस्था भी कर दी जाएगी।

**आयोजन** हिमालयन इंस्टीट्यूशंस में किया नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित

# अच्छी संगत में रहकर करें समाज का नाम रोशन : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिम्टा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नाहन के सौजन्य से कालाअंब में हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने उपस्थित लोगों तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे ने इस प्रकार जकड़ लिया है कि वह अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पता नहीं चलता, जबकि एक सभ्य व्यक्ति परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भली भांति समझता है। नशे का सेवन करने वाले व्यक्ति से उसके परिवार परेशानी तो होती ही है अपितु परिवार को आर्थिक तंगी का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और अधिक से अधिक लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अच्छी संगति में रहें और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रजनीश बंसल तथा उपाध्यक्ष विकास बंसल ने नशे के दुष्परिणामों और सरकार द्वारा नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रावधानों की जानकारी दी।

हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. आरबी शर्मा ने छात्रों को नशे की लत और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नशा मुक्त भारत पर आधारित नाटी व नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में पायल, यश और अंतिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रितेश ने दूसरा और कुमकुम ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इससे पूर्व अल्ट कम्यूनिकेशन के चेयरमेन संजय सिंगला ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, तहसील कल्याण अधिकारी धर्मी देवी, राजू खान सांख्यिकी सहायक नाहन तथा हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीटयूशंस कालाअंब के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्टाम्प पेपर की बिक्री कोषागार द्वारा सीधे जनता को की जाएगी : सुमित खिम्टा

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार विभिन्न कोषागारों में उपलब्ध भौतिक स्टाम्प पेपर की बिक्री अब संबंधित कोषागारों द्वारा सीधे जनता को की जाएगी। उन्होंने बताया कि भौतिक स्टाम्प पेपर अब स्टाम्प विक्रेताओं या किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से नहीं बेचे जाएंगे।

## 25 दिसंबर को हरिओम गोशाला कोटला बड़ोग में होगा तुलसी पूजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हरिओम गोशाला कोटला बड़ोग में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। गोशाला के संचालक कपिल ठाकुर ने बताया कि हरिओम गोशाला गोमाता के सरंक्षण के साथ-साथ सनातन संस्कृति के सरंक्षण का भी प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में पिछले वर्षों की भांति 25 दिसंबर को कोटला बड़ोग गोशाला में तुलसी और गो पूजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू लोग भी पाश्चत्य संस्कृति का अनुसरण करते हुए 25 दिसंबर को क्रिसमस-डे मनाते हैं, जो हमारी संस्कृति नहीं है। यह खेद का विषय है कि बच्चे क्रिसमस डे के विषय में तो जानते है लेकिन तुलसी दिवस से अनभिज्ञ हैं। तुलसी पूजन की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है और तुलसी पूजन के महत्व को देखते हुए देश के साधु-संतों ने वर्ष 2014 से 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया है। उन्होंने सभी हिंदू सनातनियों से तुलसी पूजन में परिजनों सहित भाग लेने का आह्वान किया।

## नर्सिंग कॉलेज में पाठ्यक्रम योजना पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग सोलन की प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर और वाइस प्रिंसिपल हरप्रीत कौर के मार्गदर्शन में कॉलेज परिसर में पाठ्यक्रम योजना पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमएमयू सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के कौशल से सशक्त बनाना, उनके दिमाग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाना, व्यवहार में बदलाव लाना और सामाजिक-सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस कार्यशाला में छात्रों को आजीवन सीखने वाला बनने के लिए प्रेरित किया गया। उद्घाटन समारोह प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और अन्य संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसके बाद मां सरस्वती वंदना की गई। कार्यशाला के आयोजन के लिए छात्रों की विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। यह मूल रूप से उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए था। उन्हें पाठ्यक्रम योजना, पाठ योजना और इकाई योजना तैयार करने में सक्षम होना चाहिए। उन्हें व्यावहारिक रूप से सेमिनार आयोजित करने में सक्षम होना चाहिए।

## राजकीय उच्च विद्यालय कश्लोग को मिला तंबाकू मुक्त स्कूल का प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कश्लोग ने तंबाकू मुक्त विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट और सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित सभी 9 मानकों को पूरा करते हुए तंबाकू मुक्त विद्यालय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। हेडमास्टर सुशील शर्मा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य सखी कार्यकर्ताओं को आभार जताते हुए कहा कि अंबुजा फाउंडेशन का प्रयास सराहनीय है, जिससे विद्यार्थियों के तंबाकू मुक्त जीवन की शुरुआत अध्ययन काल से ही कर सकते हैं। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि तंबाकू मुक्त विद्यालय की पहल एक सार्थक प्रयास है जिससे किशोरावस्था में ही विद्यार्थियों के अंदर तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव से बचने की जानकारी, स्वास्थ्य परिवेश और स्वस्थ्य वातावरण का निर्माण और पहल होता है। स्वास्थ्य कार्यक्रम समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि तंबाकू मुक्त विद्यालय कार्यक्रम में 49 विद्यालयों को जोड़ा जा रहा है, जिससे बच्चों के अंदर स्वस्थ जीवन शैली और आदत का विकास हो सके।

## कांग्रेस लोकतंत्र के मंदिर में गुंडागर्दी कर इसकी पवित्रता को खत्म करना चाहती है : शैलेंद्र



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र के मंदिर में गुंडागर्दी करके इसकी पवित्रता को खत्म करना चाह रही है, जिसका भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल कड़े शब्दों में निंदा करता है। गृह मंत्री अमित शाह के खुलासे से हताश और निराश कांग्रेस फेक नैरेटिव गढ़ने में लगी है लेकिन सच्चाई लोग जानते हैं। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल बाबा साहेब को मंत्रिमंडल से निकलने को मजबूर किया, फिर उनके संसद पहुंचने के सारे रास्ते बंद किए। कांग्रेस की सरकार के दो-दो प्रधानमंत्रियों ने स्वयं को भारत रत्न से सम्मानित किया, लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस ने न तो बाबा साहेब का चित्र संसद भवन में लगने दिया और न ही बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थों का ही ख्याल रखा। कांग्रेस जिस तरह लोकतंत्र के मंदिर में गुंडागर्दी कर रही है और जबरदस्ती बाबा साहेब का हिमायती बनने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता से बहुत दूर है। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल इसका कड़े शब्दों में विरोध करता है।

अनंत ज्ञान

राष्ट्रीय गणित दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



महान गणितज्ञ
श्रीनिवास रामानुजन जी
की जयंती पर उन्हें सादर नमन

# एनआईए पुलिस थानों पर हो रहे ग्रेनेड हमलों की करेगी जांच

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब में पुलिस थानों पर लगातार हो रहे ग्रेनेड हमलों की जांच अब नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने शुरू कर दी है। 28 दिनों में पंजाब में आठ ग्रेनेड हमले और आईईडी बरामद हो चुका है।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक इन ग्रेनेड हमलों के पीछे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी संगठनों का हाथ है। आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा, हैप्पी पासिया, जीवन फौजी के अलावा कई टेरर मॉड्यूल के हैंडलर इन ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने में जुटे हैं। लगातार बढ़ते हमलों को देखते हुए एनआईए ने पंजाब पुलिस से अब तक के इनपुट लेकर अपने स्तर पर भी जांच शुरू कर दी है। एनआईए दिल्ली के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जल्द ही पंजाब में एजेंसी का बड़ा एक्शन देखने को मिल सकता है। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एनआईए और गृह मंत्रालय के साथ थानों के बाहर हुए ग्रेनेड हमलों, बरामद आरडीएक्स आईईडी की फॉरेंसिक रिपोर्ट साझा की है। अमृतसर के गुरबख्श नगर में और एसबीएस नगर के थाने में ग्रेनेड हमले की फॉरेंसिक रिपोर्ट आ चुकी है। बाकी पुलिस थानों और चौकियों के बाहर हुए ग्रेनेड हमलों की फॉरेंसिक जांच जल्द कराई जा रही है।

## फौजी का ऑडियो ध्यान भटकने का प्रयास

**बीते** रोज जीवन फौजी का एक ऑडियो सामने आया था, जिसमें फौजी ने सभी थानों पर हुए ग्रेनेड हमलों की जिम्मेदारी ली है। यहां तक कि फौजी ने पंजाब पुलिस को सीधी चुनौती दी कि जब तक उनके परिवारों और प्रदेश के नौजवान युवाओं पर गलत ढंग से पर्चे दर्ज किए जाएंगे, तब तक धमाके थमने वाले नहीं। जीवन फौजी ने यहां तक कहा कि वह 7 सालों तक सेना में रहा है। पंजाब पुलिस को चुनौती देते हुए फौजी ने कहा कि प्रदेश में हर तीन से चार दिन के अंतराल में वह इस प्रकार के धमाकों को अंजाम देगा। उधर पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इन हमलों के पीछे आईएसआई माइंडसेट है। ऑडियो वायरल कर न केवल ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि सुखबीर बादल पर हमले के आरोपी नारायण सिंह चौड़ा के सिर से पगड़ी उतरने को धार्मिक रंग देकर कट्टरपंथी सोच वालों की सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गुरदासपुर में पुलिस चौकी के बाहर धमाके जैसी सुनी गई आवाज

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के गुरदासपुर जिले में वडाला बांगर पुलिस चौकी के बाहर विस्फोट जैसी आवाज सुनाई देने से इलाके में दहशत फैल गई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पिछले सात दिन में यह तीसरी ऐसी घटना है। इससे पहले 17 दिसंबर को अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में धमाका हुआ था। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, गुरदासपुर में यह घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने विस्फोट जैसी आवाज सुनी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने हालांकि कहा कि घटनास्थल पर ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे यह संकेत मिले कि विस्फोट हुआ था। गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दयामा हरीश कुमार ओम प्रकाश और पुलिस अधीक्षक (एसपी) जुगराज सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। कुमार ने कहा, ''कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस उपाधीक्षक को सूचना दी। इसके बाद नियंत्रण कक्ष को भी सूचना मिली। वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे।''

# बांग्लादेश में फिर तीन मंदिरों में तोड़फोड़, एक युवक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बांग्लादेश** में लगातार हिंदू मंदिरों पर हमले जारी हैं। अब तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। इस दौरान मैमनसिंह और दिनाजपुर जिलों में आठ मूर्तियों को खंडित किया गया। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने 27 वर्षीय संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। मंदिर सूत्रों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, हलुआघाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अबुल खैर ने बताया कि बदमाशों ने हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर की दो मूर्तियों को खंडित कर दिया।

हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर पर शुक्रवार को हमला किया गया था, जबकि एक दिन पहले बीलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में एक और मूर्ति को खंडित किया गया था। इससे पहले, 29 नवंबर को चटगांव में तीन मंदिरों में नारे लगाने वाली भीड़ ने तोड़फोड़ की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉग एंड हॉर्स शो में 30 नस्लें लेंगी भाग



**चंडीगढ़।** दो दिवसीय 'सी पेक्स-चंडीगढ़ पेट एक्सपो-2024' और 76वां ऑल ब्रीड डॉग एंड हॉर्स शो शनिवार को परेड ग्राउंड, सेक्टर-17 में शुरू हुआ। यह शो कैंट कंसल्ट द्वारा चंडीगढ़ केनेल क्लब, गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जीएडीवीएएसयू) और स्मॉल एनिमल क्लिनिशियन एसोसिएशन (एससीए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सी-पेक्स 2024 का उद्घाटन पंजाब सरकार के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य विभाग के मंत्री गुरमीत सिंह खुड़ियां ने किया। शनिवार और रविवार चलने वाला यह दो दिवसीय इवेंट सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 30 नस्लों के 500 से अधिक कुत्ते भाग लेंगे, जिसमें चार अंतराष्ट्रीय और चार भारतीय सदस्यों की जूरी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। एक्सपो खुड़ियां ने कहा कि एकल परिवारों के बढ़ने के साथ पालतू जानवरों का महत्व बढ़ रहा है और यह प्रदर्शनी सभी हितधारकों के लिए पालतू जानवरों के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर प्रस्तुत करती है। चंडीगढ़ पेट एक्सपो पक्षियों और जानवरों की सुरक्षा के लिए भी एक मॉडल है। कैंट कंसल्ट के संस्थापक और सीईओ हरदीप सिंह ने कहा कि यहां पालतू पशु मालिक पशु चिकित्सकों के साथ बातचीत कर सकते हैं और पालतू पशु उद्योग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए कैंट कंसल्ट के सीईओ श्री रविंदर सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ पेट एक्सपो पक्षियों और जानवरों की सुरक्षा के लिए एक मॉडल है।

### नेपाल में आया 4.8 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई। भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 3:59 बजे आया। भूकंप अक्षांश 29.17 एन और देशांतर 81.59 ई पर 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। नेपाल में इससे पहले अप्रैल 2023 में दो बार भूकंप आया था। एक अप्रैल 2023 को दोखला जिले के सूरी में मध्यम तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के झटके ओखलढुंगा, रमेछाप, सिंधुपाल चौक और नुवाकोट जिलों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भी महसूस किए गए थे।

### बसपा 24 को करेगी देशव्यापी आंदोलन : मायावती



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर संसद में जो बयान दिया है, उससे सर्वसमाज के लोग काफी आक्रोशित हैं और पार्टी शाह के बयान के विरोध में 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करेगी। मायावती ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म-सम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के लामजांग गांव से दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। उनके पास से पिस्तौल, एक मशीन गन, एक राइफल, गोला-बारूद और बिना पंजीकरण संख्या वाला एक दोपहिया वाहन बरामद किया।

### कर्नाटक में कंटेनर ट्रक पलटा, छह की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के नेलमंगला में कंटेनर ट्रक के कार के ऊपर पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना बेंगलुरु के बाहरी इलाके तालेकेरे के पास तब हुई, जब कंटेनर ट्रक कार पर पलट गया, जिसमें छह लोग बैठे थे।

### अमेरिका में वित्तपोषण विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊपरी सदन सीनेट ने संघीय सरकार के संचालन एवं आपदा सहायता को अस्थायी रूप से वित्तपोषण मुहैया कराने की एक द्विदलीय योजना को शनिवार को पारित कर दिया। इस विधेयक में नए साल में ऋण सीमा बढ़ाने की अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग को शामिल नहीं किया गया है। निचले सदन प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा था कि संसद 'अपने दायित्वों को पूरा करेगी' और क्रिसमस की छुट्टियों से पहले संघीय सरकार का कामकाज बाधित नहीं होने देगी। बहरहाल, ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया था कि विधेयक में ऋण सीमा में वृद्धि को शामिल किया जाना चाहिए और उन्होंने सुबह एक 'पोस्ट' में कहा था कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो कामकाज अभी बंद हो जाना चाहिए।

### कारगिल युद्ध से पहले घुसपैठ की सूचना देने वाले नामग्याल का निधन

**लेह।** 1999 में कारगिल सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ किए जाने के बारे में भारतीय सैनिकों को सूचना देने वाले लद्दाख के चरवाहे ताशी नामग्याल का आर्यन वैली में निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे। नामग्याल इस साल की शुरुआत में अपनी बेटी व शिक्षिका शीरिंग डोलकर के साथ द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस में शामिल हुए थे। फायर एंड फ्यूरी कोर ने शुक्रवार को ताशी नामग्याल का आकस्मिक निधन होने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# स्मॉल वंडर्स स्कूल के बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



स्मॉल वंडर्स स्कूल, फेज 7 ने अपने एनुअल म्यूजिकल-डे 'म्यूजिकल मंचकिंस' का शानदार आयोजन किया। इस साल की थीम 'सिंफनी ऑफ सीजंस' ने विभिन्न ऋतुओं के बीच मौजूद तालमेल और उनकी अपनी-अपनी खूबसूरती को दर्शाया। छोटे बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी में गीत, कविताएं और प्रार्थनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रेयर्स से हुई, जो सभी को शांति और सकारात्मकता का संदेश देती थीं। इसके बाद बच्चों ने कविताओं और गीतों के जरिए हर ऋतु की विशेषताओं को खूबसूरती से उकेरा। दर्शकों को न केवल हर ऋतु की सुंदरता का अनुभव हुआ, बल्कि प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश भी मिला। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रसिद्ध क्रिसमस कैरोल और नववर्ष के स्वागत में गाए गए गीत रहे। उन्होंने कागज के उपयोग को कम करने, प्लास्टिक की बोतलों के उपयोग को रोकने और ऊर्जा संरक्षण पर जोर दिया। प्रिंसिपल ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में इन आदतों को अपनाएं।

# परिवहन निगम अलर्ट मोड पर कर रहा है बसों का प्रबंधन

**देहरादून।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ग्रैप-4 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) पॉलिसी लागू होने के कारण, दिल्ली में वाहनों के प्रवेश में आ रही दिक्कतों को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम को इस रूट पर सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद परिवहन निगम, बसों का फेरा बढ़ाने के साथ ही नई खरीदी गई बसों का संचालन करते हुए यात्रियों को हर तरह की सेवाएं देने का प्रयास कर रहा है। अपर सचिव परिवहन, नरेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि उत्तराखंड परिवहन निगम की बीएस-3 एवं बीएस-4 बसों के नई दिल्ली में प्रवेश से रोक के दृष्टिगत उत्तराखंड परिवहन निगम ने मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में कई कदम उठाए हैं।

# एलुमनाई मीट में पूर्व छात्रों ने दिखाई खेल भावना

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



सेक्टर-30 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट ऑरगनाईजेशन (सीएसआईओ) स्थित इंडो स्विस ट्रेनिंग सेंटर के पूर्व छात्रों की ऐसोसियेशन दी इंडो स्विस ट्रेनिंग सेंटर ओल्ड स्टूडेंट्स ऐसोसियेशन (आईएसटीसीओ एसए) ने अपने वार्षिक एलुमनाई समारोह के अंतर्गत यारी कप-2024 का आयोजन किया।

कप में पूर्व छात्रों ने मैदान में खूब पसीना बहाकर अपनी खेल भावना प्रदर्शित की। रेस्ट आफ आईएसटीसी ओएसए ने 1999 सिल्वर जुबली बैच को पांच विकेट से हराया। 99 सिल्वर जुबली बैच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाये। नंदन दास गुप्ता ने सर्वाधिक 42 रन बनाए, जबकि प्रशांत खुल्लर ने 17 रनों का योगदान दिया। जवाब में आईएसटीसी ओएसए ने दिए लक्ष्य को आठवें ओवर में ही पार कर लिया। हिमांशु ने 31, जबकि संदीप ने 20 रन बनाए और मैच अपने नाम किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में शामिल हुए यूटी क्रिकेट एसोएिशन के अध्यक्ष संजय टंडन ने संस्थान के प्रिंसिपल संजीव वर्मा की मौजूदगी में विजेता और उपविजेता के टीमों को सम्मानित किया गया। टंडन ने कहा कि खेल भावनाएं समाज ही नहीं बल्कि देशों को जोड़ती रही है और यारी कप ने यह जीवंत उदाहरण पेश किया है। एलुमनाई समारोह के गत 6 एडिशन के आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए 94 बैच के शाम कंबोज को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गिरीश साहनी सहित सदस्य वरिष्ठ सदस्य व फैकल्टी शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# केजरीवाल ने किया अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना का ऐलान

### बोले- दलित बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्चा उठाएगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना का ऐलान किया। केजरीवाल ने कहा कि दलित परिवार के बच्चे की विदेशी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई और आने-जाने का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी।

केजरीवाल ने कहा कि दलित समाज का कोई बच्चा पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह जाए। डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान करता हूं। दलित का कोई बच्चा दुनिया की किसी टॉप यूनिवर्सिटी में पढ़ना चाहता है तो वह सिर्फ उस यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले ले, पढ़ाई का खर्चा और आने-जाने का सारा खर्चा दिल्ली सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने विदेशों में पढ़ाई कर डबल पीएचडी की है। आजाद भारत में किसी बच्चे को फॉरेन यूनिवर्सिटी में पढ़ने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकारी अफसरों के ऊपर भी यह योजना लागू होगी। भाजपा और अमित शाह ने जो अंबेडकर का मजाक उड़ाया उसका जवाब हम इस योजना से दे रहे हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

# देवास में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**देवास ( मप्र )।** मध्य प्रदेश के देवास जिले में शनिवार तड़के एक घर से संचालित डेरी में आग लगने से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आग नयापुरा इलाके में सुबह करीब पौने पांच बजे लगी। नाहर दरवाजा पुलिस थाने की प्रभारी मंजू यादव ने बताया कि हमें नयापुरा में एक दूध की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी और उसी परिसर में एक परिवार रह रहा था। उन्होंने बताया कि पीड़ित दंपती और उनके दो बच्चों की मौत दम घुटने और जलने से हुई। अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग की एक टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

# खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, 16 सैनिकों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा में सबसे बड़ा हमला है, जिसमें पाकिस्तान के 16 सैनिक मारे गए हैं और 8 घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा है कि लिटा सर क्षेत्र में एक सुरक्षा चौकी पर शुक्रवार देर रात आतंकी हमला हुआ। यह हमला दक्षिण वजीरिस्तान के माकिन के लिटा सर इलाके में स्थित एक सुरक्षा चौकी पर हुआ। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा एक ऐसा इलाका है, जहां आए दिन हमले होते हैं, इन हमलों के लिए पाकिस्तान तहरीक ए तालिबान को जिम्मेदार मानता है। इसके साथ ही वह टीटीपी पर ये भी आरोप लगाता है कि अफगान तालिबान सरकार अफगानिस्तान में टीटीपी के लड़ाकों को शरण देती है।

# रिपोर्ट : भारत के हरित आवरण में 2021 से 2023 तक 1,445 वर्ग किलोमीटर वृद्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के कुल वन और वृक्ष क्षेत्र में 2021 के बाद से 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है और अब यह कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत हो गया है। नए सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत राज्य वन रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 में कहा गया कि देश का कुल वन क्षेत्र 2021 में 7,13,789 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर 2023 में 7,15,343 वर्ग किलोमीटर हो गया, लिहाजा अब कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.76 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। रिपोर्ट में कहा कि वृक्ष क्षेत्रफल 1,289 वर्ग किलोमीटर बढ़ गया है और अब यह देश के भौगोलिक क्षेत्र का 3.41 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, वन और वृक्षों का क्षेत्रफल 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के भौगोलिक क्षेत्र के 25.17 प्रतिशत क्षेत्र पर वन और वृक्ष हैं। यह 2021 के बाद 1,445 वर्ग किलोमीटर की कुल वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें अकेले वन क्षेत्र में 156 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।

# ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाएं : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोगों से ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह जीवन में शांति एवं सद्भाव लाने का एक शक्तिशाली तरीका है।

मोदी ने 'विश्व ध्यान दिवस' के अवसर पर 'एक्स' पर लिखे 'पोस्ट' में कहा कि प्रौद्योगिकी के युग में दैनिक दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने में ऐप और वीडियो मूल्यवान उपकरण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व ध्यान दिवस पर मैं सभी से आह्वान करता हूं कि वे ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करें। ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और इस ग्रह पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक शक्तिशाली तरीका है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ध्यान और इसके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 दिसंबर के दिन को विश्व ध्यान दिवस के रूप घोषित किया था।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'गंभीर', एक्यूआई 429

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय** राजधानी में शुक्रवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 429 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसमें पीएम 2.5 की अधिक मात्रा रही, जो सूक्ष्म कण पदार्थ है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। दिल्ली के 36 निगरानी केंद्रों में से 14 ने वायु गुणवत्ता का स्तर 'अति गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया, जिसमें एक्यूआई 450 से अधिक था। शेष केंद्रों पर एक्यूआई का स्तर 401 से 450 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया।

# 'आप' के पूर्व विधायक सुखबीर दलाल भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में फरवरी में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सुखबीर सिंह दलाल शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। मुंडका के पूर्व विधायक ने दिल्ली भाजपा कार्यालय में प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और आशीष सूद की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के छह बार सदस्य रहे सरदार बलबीर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए। उन्हें सचदेवा ने दिल्ली प्रदेश भाजपा का सचिव नियुक्त किया।

# पूर्व जज मदन लोकुर संरा आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर को संयुक्त राष्ट्र आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है, उनका कार्यकाल 12 नवंबर, 2028 तक होगा।

न्यायमूर्ति लोकुर को भेजे पत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश परिषद का नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य प्रतिष्ठित न्यायविद भी शामिल होंगे। उन्नीस दिसंबर को भेजे गए पत्र में कहा गया कि मुझे आपको तत्काल प्रभाव से आंतरिक न्याय परिषद के सदस्य के रूप में अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है, जिसका कार्यकाल 12 नवंबर 2028 को समाप्त होगा।

# मानव निर्मित उत्पादों में जमा हो चुका है 8.4 अरब टन से अधिक कार्बन : शोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

1995 से 2019 के बीच दुनियाभर में मनुष्यों की ओर से निर्मित प्लास्टिक और इमारतों जैसी लंबे समय तक चलने वाली चीजों में लगभग 8.4 अरब टन कार्बन जमा हो चुका है। यह बात एक शोध में कही गई है।

नीदरलैंड के ग्रोनिंगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि इस 'जीवाश्म कार्बन' और इस्तेमाल की जा रहीं व फेंकी जा चुकीं मानव निर्मित वस्तुओं यानी 'टेक्नोस्फीयर' से 2019 में दुनियाभर में करीब 93 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन हुआ। उन्होंने कहा कि 'टेक्नोस्फीयर' में मौजूद कार्बन से ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने की काफी आशंका है। 'सेल रिपोर्ट्स सस्टेनेबिलिटी' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने कहा, ''इन 25 वर्षों (1995-2019) में 8.4 अरब टन जीवाश्म कार्बन जमा हुआ है, जिसमें हर साल लगभग 0.4 अरब टन की वृद्धि हुई है। इससे मानवजनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ने की आशंका है। ग्रोनिंगन विश्वविद्यालय के पारिस्थितिकीय अर्थशास्त्री और वरिष्ठ शोध लेखक क्लॉस हबासेक ने कहा, ''हमने पृथ्वी पर मानव निर्मित चीजों में, प्राकृतिक दुनिया में मौजूद कार्बन की तुलना में अधिक कार्बन जमा कर लिया है, लेकिन हम इस तथ्य को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देते हैं, जिसकी वजह से कार्बन की मात्रा बढ़ती रहती है।

# हॉकी : लगातार दूसरा ओलंपिक पदक, हॉकी इंडिया लीग रहे सुर्खियों में

**एजेंसी नई दिल्ली**

पांच दशक बाद लगातार दो ओलंपिक पदक, हॉकी इंडिया लीग की वापसी और महिला टीम के जीत की राह पर लौटने से वर्ष 2024 भारतीय हॉकी के लिए यादगार रहा हालांकि महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश और महिला हॉकी स्टार रानी रामपाल के संन्यास के साथ एक दौर का अंत भी हो गया।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने साबित कर दिया कि च्ट्ठोक्यो खेलों में मिला कांसा कोई तुक्का नहीं था।

पिछले दो दशक से भारतीय हॉकी के सबसे मजबूत स्तंभ रहे श्रीजेश को भी इस पदक के साथ खेल से मनचाही विदाई मिली। अब जूनियर हॉकी टीम के कोच के रूप में वह एक नई भूमिका में नजर आएंगे। टोक्यो और पेरिस से पहले भारतीय हॉकी टीम ने 1968 मैक्सिको सिटी और 1972 म्युनिख ओलंपिक में लगातार पदक जीते थे। कोच क्रेग फुल्टोन के साथ भारतीय टीम ने अपने रक्षात्मक ढांचे और जवाबी हमलों पर अधिक जोर दिया है और इसके नतीजे भी मिले हैं। ओलंपिक में भारत ने बेखौफ हॉकी खेली और दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को हराया।

फुल बैक अमित रोहिदास को लालकार्ड मिलने के बाद भारत ने 43 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेला और शूटआउट में एक बार फिर श्रीजेश के कौशल ने भारत को लगातार दूसरे ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

आखिरी पूल मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया और ओलंपिक में 52 साल बाद इस दिग्गज टीम पर जीत मिली थी। फाइनल खेलने की उम्मीदें जर्मनी से करीबी मुकाबले में हार के बाद टूट गई, लेकिन इस हार के 24 घंटे के भीतर भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।


फाइल फोटो

भारतीय हॉकी में कई सितारों का उदय हुआ, लेकिन अनुभवी हरमनप्रीत और श्रीजेश का जलवा कायम रहा। दोनों ने टीम की सफलता में सूत्रधार की भूमिका निभाई। श्रीजेश जहां गोल के सामने भारत की दीवार साबित हुए वहीं कप्तान हरमनप्रीत ने दस गोल दागे, जिसके दम पर उन्हें तीसरी बार एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार भी मिला।

## सात साल बाद हॉकी इंडिया लीग की वापसी

**सात** साल बाद हॉकी इंडिया लीग की वापसी की घोषणा सोने पे सुहागा रही। इस लीग से युवाओं को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। इस बार चार टीमों की महिला हॉकी लीग भी साथ में होगी। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर से जबकि महिलाओं की 12 जनवरी से खेले जाएंगे।

## रानी ने 14 वर्ष के सुनहरे करियर पर विराम लगाया



**टोक्यो** में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने भी 14 वर्ष के सुनहरे करियर पर विराम लगा दिया। हरियाणा के शाहबाद से निकलकर हॉकी की बुलंदियों को छूने वाली रानी अब जूनियर और महिला लीग में कोच के रूप में अपनी सेवाएं देंगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अश्विन की पत्नी ने उनके संन्यास के बाद भावुक पोस्ट साझा की

**चेन्नई।** रविचंद्रन अश्विन की पत्नी पृथि नारायणन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के उनके फैसले के बाद भावुक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि आप अपने होने का बोझ उतारकर खेल से इतर जीवन को अपनाएं। अपनी पोस्ट को 'एक प्रशंसक का प्रेमपत्र' करार देते हुए पृथि ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' प्रिय अश्विन, किट बैग को एक साथ रखना न जानने से लेकर दुनिया भर के स्टेडियमों में आपका अनुसरण करना, आपका उत्साहवर्धन करना, आपको देखना और आपसे सीखना, यह सब मेरे लिए एक परम आनंद रहा है। आप जब अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर से विदा ले रहे हैं तो मैं आपको इतना ही बताना चाहती हूं कि सब अच्छा है। आगे भी अच्छा ही होगा। अब आपको अपने होने का बोझ उतार देना होगा अपने हिसाब से जिंदगी जियो, ज्यादा कैलोरी लेने की जगह बनाओ और परिवार के साथ समय बिताओ। दिन भर कुछ नहीं करो, मीम साझा करो, नई गेंद तलाश करो, बच्चों के साथ समय बिताओ। यह सब करो।''



### पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में अलीशा

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड की फुटबॉलर अलीशा लेहमेन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अलीशा अपनी ही टीम के साथ महिला खिलाड़ी के साथ रिलेशनशिप में थी। इसके कारण उन्हें लेस्बियन माना जाता था, लेकिन बाद में पता चला की बाय-सेक्शुअल हैं।



### सुरक्षा इंतजामात का जायजा लेने न्यूजीलैंड क्रिकेट का दल पाकिस्तान में

**कराची।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जनवरी में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज से पहले सुरक्षा और अन्य इंतजामात का जायजा लेने एक दल पाकिस्तान भेजा है। मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के अलावा सीरीज में दक्षिण अफ्रीका भी भाग लेगी। पाकिस्तान में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी होनी है। न्यूजीलैंड के दल में सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकासन और न्यूजीलैंड खिलाड़ियों के संघ के प्रतिनिधि ब्राड रोडेन हैं, जो कराची और लाहौर में सुरक्षा इंतजामों और अन्य तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे हैं। इसी दौरान आईसीसी का एक दल भी आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने पहुंचा है।

### विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के कप्तान होंगे विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। वह पहली बार किसी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में कप्तानी करेंगे। वह भुवनेश्वर कुमार की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कप्तानी की थी। मेरठ मेवरिक्स ने इस साल के शुरू में रिंकू की कप्तानी में यूपी टी-20 लीग का खिताब जीता था। वह अपनी नई भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हैं। रिंकू ने अभी तक लिस्ट-ए के 52 मैच में 1899 रन बनाए हैं।



# बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन चाहते हैं रवींद्र जडेजा

**एजेंसी, मेलबोर्न**

भारत के स्टार हरफनमौला रवींद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि शीर्षक्रम के रन नहीं बना पाने से निचले क्रम पर दबाव बनता है और उन्हें बॉक्सिंग-डे टेस्ट में शीर्षक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्षाबाधित ब्रिसबेन टेस्ट में जडेजा ने पहली पारी में 77 रन बनाकर ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

एमसीजी पर बातचीत के दौरान जडेजा ने कहा ,'' भारत के बाहर खेलने पर शीर्षक्रम के रन काफी महत्वपूर्ण है खासकर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में। जब शीर्षक्रम रन नहीं बनाता है तो निचले क्रम पर दबाव बन जाता है।' उन्होंने कहा ,'' उम्मीद है कि इस टेस्ट में शीर्षक्रम और मध्यक्रम अच्छे रन बनाएगा। हमें शीर्षक्रम से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है। अगर बल्लेबाजों में सभी योगदान देंगे तो टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा।''

ब्रिसबेन में लोकेश राहुल (84) को छोड़कर भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।


फाइल फोटो

पहले दो टेस्ट से बाहर रहे जडेजा को ब्रिसबेन में मौका दिया गया था। जडेजा ने कहा कि पहले दो टेस्ट से बाहर रहने से उन्हें हालात के अनुकूल ढलने और गाबा टेस्ट की तैयारी का समय मिल गया। उन्होंने कहा ,'' मुझे यहां के हालात के अनुकूल खुद को ढालने के लिए काफी समय मिला मैं बहुत दिन से यहां हूं और लगातार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास कर रहा हूं इसलिए हालात को समझ गया हूं। नेट पर होमवर्क से मुझे काफी मदद मिली।''

बॉक्सिंग-डे टेस्ट के बारे में उन्होंने कहा ,''तीन टेस्ट के बाद 1-1 से बराबरी पर रहना अच्छा है। अगले दो मैच काफी अहम होंगे। अगर हम एक टेस्ट जीत जाते हैं तो ट्रॉफी हमारे पास रहेगी क्योंकि पिछली दो बार हमने जीती है।'' ब्रिसबेन टेस्ट के बाद आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेकर सभी को चौंका दिया। जडेजा ने इस बारे में कहा ,'' मुझे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पांच मिनट पहले ही इसके बारे में पता चला। किसी ने मुझे बताया कि ऐसा होने जा रहा है। हम पूरा दिन साथ रहे, लेकिन उसने मुझे संकेत भी नहीं दिया।''

अश्विन को अपना मेंटोर मानने वाले जडेजा ने कहा ,'' वह मैदान पर मेरे मेंटोर की तरह रहा। हम इतने साल से गेंदबाजी साझेदार के रूप में साथ खेल रहे थे। मैदान पर एक-दूसरे को संदेश देते रहते थे। मुझे उसकी कमी खलेगी।''

## टीम से बाहर होने पर टूट चुके हैं नाथन मैकस्वीनी

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने स्वीकार किया कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिलने से टूट चुके हैं लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके दोबारा टीम में जगह बनाने का वादा भी किया ।

मैकस्वीनी को बाहर करके युवा सैम कोंटास को टीम में जगह दी गई है। मैकस्वीनी ने कहा ,'' हां मैं टूट चुका हूं। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा सपना सच हुआ लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं चाहता था, लेकिन खेल में ऐसा होता है। मैं कड़ी मेहनत करके अगले मौके के लिए खुद को तैयार करूंगा।''

25 वर्ष के मैकस्वीनी ने पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया लेकिन पिछली छह पारियों में उनका स्कोर 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और 4 रहा। उन्हें सीरीज में चार बार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आउट किया।

मैकस्वीनी ने कहा ,'' क्रिकेट में ऐसा ही है। मौका मिलने पर अच्छा नहीं खेलते हैं तो आपकी जगह सुरक्षित नहीं है। मैं चूक गया लेकिन अब फिर मेहनत करके टीम में दोबारा जगह बनाऊंगा।''

# भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप-2025 की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को अगले साल के जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है, जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरुआत में सत्र के अंत में हुए विश्व कप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा, जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी। हालांकि टूर्नामेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

एनआरएआई द्वारा आईएसएसएफ से आधिकारिक पुष्टि प्राप्त करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने



भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''

उन्होंने कहा, ''हमें तब इसका अहसास हुआ था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ''

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्तूबर में और दूसरा अक्तूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद जल्द उनके साथ इसे साझा करेंगे ताकि सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें ।''

# सचिन तेंदुलकर ने गांव की बच्ची के गेंदबाजी एक्शन की तारीफ की, जहीर भी हुए कायल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में गांव की एक बच्ची के शानदार गेंदबाजी एक्शन की तारीफ करके भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान से उनकी तुलना की और जहीर भी उसकी तकनीक के कायल हुए बिना नहीं रहे।

तेंदुलकर ने शुक्रवार को एक्स पर राजस्थान की सुशीला मीना का वीडियो साझा किया जो बाएं हाथ से शानदार तेज गेंदबाजी कर रही थी और उसके बेहतरीन एक्शन में जहीर के एक्शन की झलक मिल रही थी। तेंदुलकर ने जहीर को वीडियो में टैग किया। उन्होंने लिखा ,''शानदार। देखने में मजा आया। सुशीला मीना के गेंदबाजी एक्शन में तुम्हारी झलक है जहीर। क्या तुम्हे भी लगता है।''



जवाब में जहीर ने लिखा ,''बिल्कुल। मैं भी सहमत हूं। इसका एक्शन इतना प्रभावी और शानदार है। काफी प्रतिभावान लग रही है।''

राजस्थान के प्रतापगढ जिले के छोटे से गांव रामेर तालाब पिपलिया की रहने वाली 12 वर्ष की सुशीला 5वीं कक्षा की छात्रा है और क्रिकेट की शौकीन है। उनका गेंदबाजी एक्शन खासकर गेंद फेंकने से पहले कूदना जहीर की गेंदबाजी शैली की याद दिलाता है। तेंदुलकर और जहीर के बीच सोशल मीडिया की इस बातचीत पर अब तक लाखों व्यूज आ चुके हैं और कारपोरेट जगत से सुशीला की ट्रेनिंग के लिए मदद का प्रस्ताव भी आया है।

## मालदीव के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम 30 दिसंबर और दो जनवरी को मालदीव के खिलाफ बेंगलुरु में दो फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने यह जानकारी दी। यह दोनों मैच बेंगलुरु के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र में खेले जाएंगे।

विश्व की सर्वोच्च फुटबॉल संस्था फीफा की 13 दिसंबर को जारी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम 69वें जबकि मालदीव की टीम 163वें स्थान पर है।

भारतीय टीम ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच अक्तूबर में सैफ महिला चैंपियनशिप में खेला था, जिसमें उसे सेमीफाइनल में नेपाल से हार का सामना करना पड़ा था।

**रिकॉर्ड** पंजाब के बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 35 गेंद पर जड़ा शतक

# लिस्ट-ए क्रिकेट में अनमोलप्रीत का सबसे तेज शतक

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह ने शनिवार को यहां विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप-सी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ केवल 35 गेंद पर शतक जड़ा, जो लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक का भारतीय रिकॉर्ड है।

अनमोलप्रीत की इस तूफानी पारी की बदौलत पंजाब ने अरुणाचल प्रदेश को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

अनमोलप्रीत को पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था, लेकिन अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने अपने आ,क्रामक तेवरों का खुलकर प्रदर्शन करते हुए पूर्व भारतीय ऑलराउंडर यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2009-10 में बड़ौदा की तरफ से महाराष्ट्र के खिलाफ 40 गेंद पर शतक लगाया था। अगर विश्व रिकॉर्ड की बात करें तो अनमोलप्रीत की पारी लिस्ट-ए में सबसे तेज शतकों की सूची में तीसरे नंबर पर है। रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक-फ्रेजर मैकगर्क के नाम पर है, जिन्होंने 2023-24 में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तस्मानिया के खिलाफ केवल 29 गेंद पर शतक जड़ दिया था। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स का नंबर आता है, जिन्होंने 2014-15 में वेस्टइंडीज के खिलाफ जोहान्सबर्ग में 31 गेंद पर शतक बनाया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज अनमोलप्रीत ने 45 गेंद पर नाबाद 115 रन बनाए जिसने 12 चौके और नौ छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से पंजाब ने केवल 12.5 ओवर में 165 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया।




पंजाब ने एक विकेट पर 167 रन बनाए। कप्तान अभिषेक शर्मा (10) के जल्दी आउट होने के बाद अनमोलप्रीत ने प्रभसिमरन सिंह (नाबाद 35) के साथ दूसरे विकेट के लिए 153 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को आसान जीत दिलाई।

इससे पहले अरुणाचल प्रदेश की टीम 164 रन पर आउट हो गई थी। पंजाब की तरफ से तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार और लेग स्पिनर मयंक मारकंडे ने तीन-तीन विकेट लिए।

# एरिगेसी ने अमेरिकी दूतावास से जल्दी वीजा देने का किया अनुरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने अमेरिकी दूतावास से उन्हें वीजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की क्योंकि एक सप्ताह से भी कम समय में न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप शुरू होने वाली है।

यह चैंपियशनशिप 26 से 31 दिसंबर तक होगी जिसमें दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी जैसे पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन और तीन पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर्स फैबियानो कारूआना, इयान नेपोमनियाचची और बोरिस गेलफैंड सहित लगभग 300 शतरंज खिलाड़ी भाग लेंगे। एरिगेसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) से भी वीजा दिलाने में मदद करने का अनुरोध किया।

एरिगेसी ने 'एक्स' पर लिखा, ''भारत में अमेरिका के दूतावास, पिछले सप्ताह मैंने वीजा स्टैम्पिंग के लिए अपना पासपोर्ट आपके पास जमा किया था और अभी तक मुझे यह वापस नहीं मिला है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया प्रं, या में तेजी लाएं और मेरा पासपोर्ट जल्द से जल्द वापस करें क्योंकि मुझे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप के लिए न्यूयॉर्क जाने के लिए इसकी जरूरत है।''



**26 से 31 दिसंबर तक होगी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप**